नई दिल्ली, सोमवार 20 अप्रैल 2026 ■ वैशाख मास शुक्ल पक्ष -04 ■ वर्ष : 30, अंक : 01 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 38 न्यून. 24 haribhoomi.com



परशुराम जयंती आज

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अक्षय तृतीया की मंगलकामनाएं



पीएम ने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की

## बंगाल में दुकान पर अचानक रुककर प्रधानमंत्री मोदी ने खाई 'झालमुरी'

उन्होंने आसपास के लोगों को यह स्ट्रीट फूड बांटा भी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार में जुटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल के पारंपरिक फूड का स्वाद लिया। पीएम ने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। झारग्राम में जनसभा को संबोधित करने के बात पीएम हैलिपेड ग्राउंड जाते समय अचानक कॉलेज कॉलेज मोड़ पर रुके।

जहां उन्होंने एक स्थानीय दुकान से झालमुरी खाई और आम लोगों से बातचीत की। पीएम मोदी ने दुकाने वाले को 10 रुपए भी दिए। इस दौरान उन्होंने लोगों के साथ झालमुरी को बांटा भी।



झालमुरी का स्वाद लेते हुए



स्थानीय महिलाओं और बच्चों को खिलाते हुए

दुकानदार विक्रम साह ने बताया कि आते ही पीएम मोदी ने कहा बढ़िया झालमुरी बनाओ। मैंने मिर्च, मसाला और अचार के साथ झालमुरी बनाई। पीएम मोदी ने कहा कि बढ़िया बना है। 'झालमुरी' मुख्य रूप से कुरकुरे मुरमुरे , कच्ची मूंगफली, बारीक कटी सब्जियों, विशेष मसालों (भजा मोसला) और सरसों के तेल को मिलाकर बनाया जाता है।

### पीएम की मां की फोटो लेकर पहुंचा बच्चा, वे बोले-आपने मुझे भावुक कर दिया

पुरुलिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अपना भाषण बीच में ही रोक दिया, उनकी नजर एक छोटे बच्चे पर गई जो उनकी मां की फोटो लेकर पहुंचा था, पीएम मोदी ने उस बच्चे से बात की और उसे थैंक्यू कहा। प्रधानमंत्री ने एसपीजी को निर्देश देकर वो तस्वीर अपने पास मंगवाई और कहा कि मां की तस्वीर देखकर वो भावुक हो गए। पीएम मोदी ने कहा कि थैंक्यू बेटा, बहुत-बहुत शुक्रिया। मैं आपका बहुत आभारी हूं, आप मेरी मां की तस्वीर लेकर ▶▶ शेष पेज 5 पर



हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ भगवान के दर्शन करने पहुंची

गंगोत्री में पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई

## चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुले

केदारनाथ धाम के कपाट 22 को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे

एजेंसी ▶▶ देहरादून

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर उत्तराखंड में श्रद्धा और आस्था से जुड़ी चारधाम यात्रा 2026 का विधिवत शुभारंभ हो गया है। इस शुभ दिन पर सबसे पहले गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए, जिसके साथ ही चारधाम यात्रा का आध्यात्मिक सफर औपचारिक रूप से शुरू हो गया। गंगोत्री में पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। बाबा केदार ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
जीटी एमआई
शाम 7.30 बजे से

## इस्लामाबाद में सड़कें सील, लॉकडाउन जैसे हालात, सेरेना और मेरियट होटल खाली करवाए गए

# शांति वार्ता के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि दल कल पहुंचेगा पाकिस्तान, ईरान अभी अड़ा

**इस बार उपराष्ट्रपति जेडी वेंस नहीं जाएंगे**

*ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक जब तक ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी, तब तक पाकिस्तान में बातचीत के लिए कोई डेलिगेशन नहीं भेजा जाएगा। ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने कहा कि जब हम नहीं गुजर सकते, तो दूसरों के लिए भी यह संभव नहीं है*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अमेरिका और ईरान के बीच स्थायी युद्धविराम के मुद्दे पर दूसरे दौर की वार्ता मंगलवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होगी। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर अपने पोस्ट में कहा कि मेरे प्रतिनिधि कल शाम तक बातचीत के लिए इस्लामाबाद, पाकिस्तान जा रहे हैं। वहीं, ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि प्रतिनिधिमंडल में विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पाकिस्तान नहीं जाएंगे।

दूसरी ओर, ईरान ने वहां अपने प्रतिनिधियों को भेजने से इनकार कर दिया है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक जब तक ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी, तब तक पाकिस्तान में बातचीत के लिए कोई डेलिगेशन नहीं भेजा जाएगा। ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने कहा कि जब हम नहीं गुजर सकते, तो दूसरों के लिए भी यह संभव नहीं है। ईरान ने वार्ता प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजने का निर्णय लिया है।

उच्च स्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा टीम इस्लामाबाद पहुंची

दो अमेरिकी कार्गो विमान रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर उतरे हैं



इस्लामाबाद में सड़कें सील की गई

### इस्लामाबाद-रावलपिंडी में ट्रैफिक बंद

इससे पहले उच्च स्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा टीम इस्लामाबाद पहुंची है। दो अमेरिकी कार्गो विमान रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर उतरे हैं। इस्लामाबाद और इससे 15 किमी दूर रावलपिंडी में ट्रांसपोर्ट सेवाओं पर भी रोक लगा दी गई है। रावलपिंडी डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने सभी तरह के ट्रांसपोर्ट पर रोक लगाने का आदेश दिया है। हालांकि बाद में कहा कि इस व्यवस्था में निजी वाहनों को छूट मिलेगी। वहीं इस्लामाबाद डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने भी भारी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट की आवाजाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

**बड़े होटलों ने बुकिंग बंद की**

इस्लामाबाद के बड़े होटलों ने कोई भी बुकिंग लेने से मना कर दिया है। लग्जरी मोवेनपिक होटल में इस हफ्ते के लिए कोई कमरा खाली नहीं है। पिछली वार्ता के दौरान यही होटल मीडिया के लोगों से भरा हुआ था। वहीं, सेरेना होटल अब नई बुकिंग नहीं ले रहा है। सेरेना में अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की बातचीत हुई थी। इतना ही नहीं, सेरेना और मैरियट होटल में ठहरे हुए मेहमानों ▶▶ शेष पेज 5 पर

**ट्रंप ने दी फिर चेतावनी**

### डील नहीं, तो हर पावर प्लांट-पुल पर हमला

ट्रंप ने कहा कि हम एक बहुत ही निष्पक्ष और उचित समझौता पेश कर रहे हैं, और मुझे उम्मीद है कि वे इसे स्वीकार करेंगे क्योंकि, अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो अमेरिका ईरान के हर एक पावर प्लांट और हर एक पुल को ध्वस्त कर देगा। अब और नरमी नहीं! ट्रंप ने कहा कि ईरान ने कल होर्मुज जलडमरूमध्य में गोलियां चलाईं, यह हमारे युद्धविराम समझौते का घोर उल्लंघन है!

**ईरानी संसद के स्पीकर का बड़ा दावा**

### यूएस का एफ-35 विमान और 180 ड्रोन मारे

तेहरान। ईरान ने एक बार फिर अपनी सैन्य क्षमता को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा कि उनके बलों ने



करीब 180 ड्रोन को निष्क्रिय किया और अमेरिकी एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट को भी निशाना बनाया। उन्होंने इसे कोई एक बार की घटना नहीं बताते हुए कहा कि यह ईरान की तकनीकी और रणनीतिक क्षमता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### मॉडल हर्षा रिछारिया ने लिया आश्रम संन्यास

**उज्जैन।** प्रयागराज महाकुंभ से चर्चा में आई सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हर्षा रिछारिया ने



आश्रम की संन्यास दीक्षा ले ली है। यह दीक्षा शिप्रा नदी के किनारे मौनी तीर्थ आश्रम में ली गई। अब हर्षा रिछारिया स्वामी हर्षानंद गिरि नाम से पहचानी जाएगी। यहां उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में रविवार एक दीक्षा आयोजन हुआ। इस आयोजन में हर्षा रिछारिया ने दीक्षा लेने के दौरान परम्परा का निर्वहन किया। यहां प्राश्चित कर्म, पिण्डदान, शिखा व दण्ड विसर्जन किया गया। दीक्षा की यह परंपरा महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरि महाराज के सानिध्य में हुई।

### सीजन का सबसे बड़ा स्कोर लखनऊ को 54 रन से हराया

**न्यू चंडीगढ़।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल में 5वीं जीत हासिल की। टीम ने रविवार को लखनऊ



सुपर जायंट्स को 54 रनों से मात दी। न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्टेडियम में टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी पंजाब ने 7 विकेट खोकर 254 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 5 विकेट पर 200 रन की बना सकी। पंजाब का यह आईपीएल 2026 सीजन का सबसे बड़ा स्कोर रहा। कूपर कोनोली और प्रियांश आर्या के दम पर सीजन का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। पंजाब के बल्लेबाजों ने इस पारी में छक्कों की बारिश कर दी।



विस्फोट के बाद वनजा पटाखा फैक्ट्री पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में धमाका

## 23 लोगों की मौत, कई घायल 30 कर्मचारी ड्यूटी कर रहे थे

**पीएम मोदी, राष्ट्रपति सहित सीएम स्टालिन ने जताया दुख**

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के पास कट्टानारपट्टी स्थित वनजा पटाखा फैक्ट्री में रविवार को धमाके से भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। शाम तक 23 शव बरामद किए गए। जबकि अन्य लापता लोगों की तलाश जारी रही। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस घटना पर दुख जताया है। इस फैक्ट्री का मालिकाना हक गोविंदनाल्लूर निवासी मुथु मानिकम के पास है और यह एक वैध आरडीओ लाइसेंस के तहत संचालित हो रही थी। फैक्ट्री परिसर में 30 से अधिक कमरे बने हुए हैं और यहां 50 से ज्यादा ▶▶ शेष पेज 5 पर

डिजिटल जनगणना में गड़बड़ी

## 'पोर्टल' पर अरुणाचल की जगह चीन का लिखा नाम



त्रुटि सामने आने के बाद सरकार ने ठीक किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में पहली बार डिजिटल जनगणना की तैयारी के बीच एक बड़ी तकनीकी गलती ने विवाद खड़ा कर दिया है। अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट शहर को जनगणना के सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल पर चीन के शहर मेडोग के नाम से दिखाया गया। यह मामला तब सामने आया जब रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी मोहोंतो पांगिंग पाओ ने इस गलती को सोशल मीडिया पर साझा किया। मामला सामने आने के कुछ ही घंटों में जनगणना अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

## डीजीसीए के उप महानिदेशक और एक निजी कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट गिरफ्तार



त्रुटि सामने आने के बाद सरकार ने ठीक किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी और एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि को रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। यह मामला 2.5 लाख रुपये की रिश्वत से जुड़ा है, जिसकी पूरी राशि सीबीआई ने बरामद कर ली है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में डीजीसीए के एयरवर्थिनेस निदेशालय में तैनात उप महानिदेशक मुडावथ देवुला और एक निजी कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत माथुर शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, इस मामले में ▶▶ शेष पेज 5 पर

## गोवा की साध्वी सतीश सैल के सिर सजा ताज




### फेमिना मिस इंडिया 2026 का खिताब

**भुवनेश्वर।** यहां आयोजित फेमिना मिस इंडिया 2026 के 60वें संस्करण में गोवा की लड़की ने बाजी मार ली। भारत के कोने-कोने से आई 30 सुंदरियों को पछाड़ मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का खिताब साध्वी सतीश सैल के सिर सजा। जिन्होंने अपनी ब्यूटी और इंटेलिजेंस से जजों को इंप्रेस किया और जीत हासिल कर ली। उन्हें मिस इंडिया 2024 निकिता पोरवाल ने क्राउन पहनाया। साध्वी के ▶▶ शेष पेज 5 पर

एआई-आधारित नोटिस सत्यापन चैटबॉट 'अभय' का शुभारंभ करेंगे

## सीबीआई के कार्यक्रम में आज शिरकत करेंगे मुख्य न्यायाधीश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत सोमवार को नई दिल्ली स्थित



भारत मंडपम में सीबीआई द्वारा आयोजित 22वें डी.पी. कोहली मेमोरियल लेक्चर को संबोधित करेंगे। इस वर्ष व्याख्यान का विषय "साइबर अपराध की चुनौतियां – पुलिस और न्यायपालिका की भूमिका" निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश एक अत्याधुनिक एआई-आधारित नोटिस सत्यापन चैटबॉट 'अभय' का भी शुभारंभ करेंगे। यह चैटबॉट आम नागरिकों को सीबीआई के नाम से जारी किए गए नोटिसों की प्रामाणिकता जांचने में मदद करेगा। विशेष रूप से 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के मद्देनज़र यह पहल नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण साबित होगी।

**'मेधावी सेवा पदक' प्रदान करेंगे:** कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवा के लिए कुल 24 अधिकारियों को 'मेधावी सेवा पदक' भी प्रदान किए जाएंगे, जो उनकी प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट कार्य का सम्मान है।

### सीबीआई के संस्थापक की स्मृति में कार्यक्रम

सीबीआई अपने संस्थापक निदेशक धरमनाथ प्रसाद कोहली की स्मृति में वर्ष 2000 से डी.पी. कोहली मेमोरियल लेक्चर का आयोजन करता आ रहा है। वर्ष 1907 में उत्तर प्रदेश में जन्मे कोहली ने 1931 में पुलिस सेवा जॉइनर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं दीं। उन्होंने 1955 से दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टैब्लिशमेंट का नेतृत्व किया और 1 अप्रैल 1963 को सीबीआई की ▶▶ शेष पेज 5 पर

मल्टी लेवल कार पार्किंग, मेडिकल केयर सेंटर, नर्सिंग पॉड्स बनाए जाएंगे

## रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक सुविधाओं का विस्तार, यात्रियों को मिलेगा प्रीमियम अनुभव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा और अनुभव को बेहतर बनाने के साथ-साथ गैर-किराया राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार नए-नए नवाचार कर रहा है। इसी क्रम में रेलवे स्टेशनों पर कई आधुनिक सुविधाओं की शुरुआत की गई है, जो यात्रियों को अधिक आरामदायक, सुरक्षित और उत्पादक वातावरण प्रदान करेंगी।

**खाली स्थानों का बेहतर उपयोग किया जाएगा:** इन पहलों के तहत



मल्टी लेवल कार पार्किंग, मेडिकल केयर सेंटर, नर्सिंग पॉड्स, वैगन क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट्स, ई-व्हीलचेयर की पेड सुविधा, हेल्थ कियोस्क, गेमिंग ज़ोन, प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन और प्लेटफॉर्म ब्रांडिंग जैसी व्यवस्थाएं विकसित की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डिजिटल लाउंज की शुरुआत की गई

रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी के बताया कि पश्चिम रेलवे द्वारा एक नई पहल के रूप में प्रीमियम को-वर्किंग स्पेस/डिजिटल लाउंज की शुरुआत की गई है। इस अत्याधुनिक सुविधा का उद्देश्य यात्रियों को प्रतीक्षा के दौरान एक आधुनिक और कार्य-उपयुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। इस डिजिटल लाउंज में हाई-स्पीड वाई-फाई, वर्कस्टेशन, चार्जिंग पॉइंट्स, कॉन्फ्रेंस सुविधाएं और आरामदायक बैठने की व्यवस्था की गई है।

### प्रिंटिंग, स्कैनिंग, रिफ्रेशमेंट्स की भी सुविधा

इसके अतिरिक्त, यात्रियों को प्रिंटिंग, स्कैनिंग, रिफ्रेशमेंट्स जैसी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। उपयोगकर्ताओं के लिए लचीले प्लान जैसे प्रति घंटे कार्यस्थल उपयोग और विभिन्न पैकेज भी पेश किए गए हैं, जिससे यह सुविधा अधिक सुलभ और उपयोगी बन सके। रेलवे मंत्रालय ने इन सफल पहलों को अन्य जोनल रेलों में भी लागू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि देशभर के यात्रियों को समान रूप से बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### सफर बनेगा सुखद और सुविधाजनक

इन सभी पहलों से न केवल यात्रियों के सफर का अनुभव अधिक सुखद और सुविधाजनक बन रहा है, बल्कि भारतीय रेलवे के लिए आय के नए स्रोत भी विकसित हो रहे हैं। यह कदम रेलवे को एक आधुनिक, स्मार्ट और यात्री-केंद्रित परिवहन प्रणाली के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सरकार के आश्वासन के बाद भी सिलेंडरों की जमाखोरी में लगे हैं कुछ एजेंसी मालिक

# क्राइम ब्रांच ने संगम विहार से 68 और अमन विहार से 57 सिलेंडर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज ने भारत गैस के 68 सिलेंडर जब्त किये हैं। इस सिलसिले में आवश्यक वस्तु अधिनियम और बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार विशिष्ट और विश्वसनीय खूफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए संगम विहार इलाके में कई जगहों पर एक समन्वित छापा मारा गया। इस छापे में एलपीजी सिलेंडरों के अनाधिकृत भंडारण और रिफिलिंग से जुड़ा एक बड़ा अवैध रैकेट सामने आया। इस ऑपरेशन के दौरान 68 भारत गैस सिलेंडर और रिफिलिंग के उपकरण बरामद किए गए, जिससे सुरक्षा मानकों और नियामक दिशा निर्देशों के गंभीर उल्लंघन का खुलासा हुआ। एलपीजी की चल रही कमी को देखते हुए हालांकि सरकार लगातार यह आश्वासन दे रही है कि ऐसी कोई कमी नहीं है लेकिन इसके बावजूद भी आपदा में अवसर की नीति पर चलते हुये कुछ एजेंसी मालिक व डिलीवरी एजेंट सिलेंडरों की जमाखोरी में लगे है। इसी प्रकार की जमाखोरी संगम विहार के जी-2 ब्लॉक में स्थित एक मकान में हो रही थी। मौके पर दीपक और श्याम नामक दो व्यक्ति मिले। दोनों संगम विहार के ही निवासी हैं। छापेमारी के दौरान कुल 68 सिलेंडर बरामद किए गए हैं, जिनमें से 36 भरे हुए और 29 खाली सिलेंडर शामिल है। तीन सिलेंडरों की सील टूटी हुई मिली। दोनों आरोपी व्यक्ति एक अधिकृत गैस एजेंसी से जुड़े डिलीवरी कर्मचारी हैं। एजेंसी का अधिकृत स्टोरेज गोदाम रतिया मार्ग, संगम विहार में स्थित है।

### अपराध में इस्तेमाल किया गया एक टाटा पिकअप बरामद

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने रोहिणी के अमन विहार से कालाबाजारी के लिये जमा किये गये 57 एलपीजी सिलेंडर जब्त किये हैं। अपराध में इस्तेमाल किया गया एक टाटा पिकअप वाहन, वजन तौलने की मशीन और एलपीजी गैस ट्रांसफर करने का उपकरण भी बरामद हुआ है। इस सिलसिले में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार लगातार जमीनी स्तर पर काम करने के बाद हेड कांस्टेबल नरेंद्र और विक्रांत को संयुक्त रूप से रोहिणी जिले के रामा विहार क्षेत्र में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और अवैध रिफिलिंग के बारे में विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सुरसुमन गैस एजेंसी, सेक्टर-22, रोहिणी के पास छापा मारा गया। लोकपाल (55) निवासी राजीव नगर, बेगमपुर सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी और रिफिलिंग में सक्रिय रूप से लिप्त पाया गया। छापेमारी के दौरान कुल 57 सिलेंडर बरामद किए गए हैं, जिनमें से 50 भरे हुए हैं, जबकि दो खाली सिलेंडर हैं। पांच में गैस कम थी। आरोपी लोकपाल एक अधिकृत गैस एजेंसी से जुड़ा हुआ पंजीकृत डिलीवरी कर्मचारी है, जिसके पास एचपी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप है और वह रोहिणी में एलपीजी वितरण करता था। एजेंसी का अधिकृत भंडारण गोदाम रोहिणी में स्थित है। लोकपाल मूलरूप से ग्राम तुंगोई, जिला एटा, यूपी का रहने वाला है। 9वीं तक पढ़ा आरोपी पिछले 12 वर्षों से दिल्ली में रह रहा है।

# करोड़ों की ड्रग्स के साथ चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आरोपियों में दो नाइजीरियाई नागरिक भी शामिल

क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुये एमडीएमए की तस्करी करने वाले एक सुनियोजित और सक्रिय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दो नाइजीरियाई नागरिक भी शामिल हैं। इनमें से एक की पहचान आदतन अपराधी के रूप में हुई है, जिसे पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया जा चुका है और वह पांच साल की जेल काट चुका है। लगभग 90 ग्राम एमडीएमए जिसकी कीमत लगभग 1 करोड़ है जब्त की गई है। आरोपियों के पास से 37,500 रुपये नकद, तीन तौल मशीनें और नशीले पदार्थों के वितरण के लिए इस्तेमाल होने वाली बड़ी मात्रा में पैकेजिंग सामग्री बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार लगातार मिल रही खुफिया जानकारियों और सटीक तकनीकी निगरानी के आधार पर हेड कांस्टेबल दीपक को पश्चिमी जिले में चल रही ड्रग्स की तस्करी के बारे में एक अहम सूचना मिली थी। तिलक नगर स्थित गणेश नगर से एमडीएमए की तस्करी की सूचना पर एक सुनियोजित रेड की गई और दोनों आरोपियों को सफलतापूर्वक पकड़ा गया। तलाशी के दौरान गुरमीत सिंह की निशानदेही पर एक अलमारी से लगभग 69 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ, जबकि मुकेश कुमार उर्फ विक्की के पास से लगभग 4 ग्राम ड्रग्स मिली। इसके अलावा, 112 जिप-लॉक पॉलीथीन बैग, तीन वजन करने वाली मशीनें, पैकिंग का सामान और 37,500 रुपये नकदी जब्त की गई। माना जा रहा है कि यह पैसा ड्रग्स की तस्करी से ही कमाया गया था।

पुलिस रिमांड के दौरान लगातार पूछताछ और आगे की कार्रवाई से कुछ और अहम सुराग मिले। इसके बाद एक नाइजीरियाई नागरिक मानकाबो डेविड को पकड़ा गया। उसके पास से 10.29 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ और जांच के दौरान यह बात सामने आई कि वह ड्रग्स का मुख्य सप्लायर था। गुरमीत सिंह की निशानदेही पर एक और नाइजीरियाई आरोपी एमेका इमैनुएल उर्फ पीटर को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 7.12 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ। जांच से पता चला है कि यह सिंडिकेट बेहद संगठित और सुनियोजित तरीके से काम कर रहा था और दिल्ली-एनसीआर में इसके व्यापक संपर्क थे।

# नकली इंजन ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज ने दो व्यक्तियों राकेश छाबड़ा और कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 700 लीटर (28 कैन और 140 बोतलें) नकली इंजन ऑयल, स्टिकर और ढक्कन बरामद हुए। जब्त ऑयल में कैस्टोल समेत कई अन्य ब्रांड शामिल थे। आरोपी बाकायदा एक फैक्ट्री चला रहे थे।

पुलिस के अनुसार यह फैक्ट्री गाजीपुर इलाके में चल रही थी। इसके बारे में 16 अप्रैल को एसआई विशन कुमार को सूचना मिली थी। टीम गठित कर गांव गधौली, गाजीपुर में छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में नकली इंजन ऑयल और पैकेजिंग सामग्री बरामद की गई। इसके बाद दो आरोपियों राकेश कुमार छाबड़ा और कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया। शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी कैस्ट्रोल, यामाहा, हीरो और बजाज ब्रांड के नाम पर नकली इंजन ऑयल की सप्लाई और डिस्ट्रीब्यूशन के काम में लगे हुए थे। पूरी सप्लाई चेन की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। छाबड़ा की उम्र 52 साल है। उसने कुरुक्षेत्र के एक सरकारी स्कूल से 9वीं तक पढ़ाई की है। वह पहले कुरुक्षेत्र में कपड़ों की एक दुकान चलाता था, लेकिन कोविड काल के दौरान उसका कारोबार बंद हो गया था। इसके बाद वह दिल्ली आ गया और कपड़े बेचने की कोशिश की, जिसमें उसे सफलता नहीं मिली। 2022 में उसकी मुलाकात कुछ अन्य लोगों से हुई जो नकली इंजन ऑयल बनाने तथा बेचने के अवैध धंधे में शामिल थे। उनके साथ मिलकर छाबड़ा भी इस धंधे में शामिल हो गया। कुलदीप की उम्र भी लगभग 52 वर्ष है। वह दिल्ली के गांधी नगर स्थित एक सरकारी स्कूल से 9वीं कक्षा तक ही पढ़ा है। वह पहले ट्रक ड्राइवर के तौर पर काम करता था, लेकिन बढ़ती उम्र के कारण रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल डिस्क) से जुड़ी समस्याओं के चलते वह काम छोड़ना पड़ा। लगभग 1 से 1.5 वर्ष पूर्व वह राकेश के संपर्क में आया और नकली इंजन ऑयल बनाने तथा बेचने के अवैध धंधे में शामिल हो गए।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 269 ड्राइवरों पर केस दर्ज

नई दिल्ली। शराब पीकर गाड़ी चलाने के खिलाफ अपने लगातार चल रहे अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस ने स्थानीय पुलिस और पीसीआर के साथ मिलकर शनिवार को रात नौ बजे से 12 बजे तक सभी रेंज में एक विशेष एकीकृत रात्रि चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान



शराब के नशे में गाड़ी चलाने वाले 269 ड्राइवरों पर केस दर्ज किया गया। तीन घंटे चले इस अभियान के दौरान 38 वाहनों को जब्त भी किया गया। ज्वाइंट सीपी ट्रैफिक संजय त्यागी के अनुसार 1 जनवरी 2026 से शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले कुल 7,478 ड्राइवरों पर कार्रवाई की गई है। इनमें से 6,844 पर केस दर्ज हुआ और 634 वाहनों को जब्त किया गया। दोपहिया वाहनों के 4,906 मामले सामने आए वहीं कारों के 908 मामले रहे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस शराब पीकर गाड़ी चलाने के प्रति अपनी 'जीरो-टॉलरेंस' नीति को दोहराती है। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली भर में ऐसे विशेष रात्रि चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे शराब पीकर गाड़ी न चलाएं और शराब का सेवन करने के बाद निर्धारित ड्राइवरों या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

# मुठभेड़ के बाद दो वांछित आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



द्वारका जिले के छावला में हत्या के प्रयास मामले में वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया। आरोपियों के नाम रॉकी (22) और सुमित उर्फ कोकी (24) पता चलें। दोनों पर शुक्रवार को हत्या के प्रयास की घटना में शामिल होने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को दो हमलावर मोटरसाइकिल पर आए और उनमें से एक ने शिकायतकर्ता पर गोली चलाने की कोशिश की थी, लेकिन हथियार किसी खराबी के कारण चला नहीं जिसके बाद दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए थे। पुलिस की एक टीम ने सूचना के आधार पर रविवार सुबह करीब पांच बजकर 35 मिनट पर यूईआर2 के पास आरोपियों को उस समय रोक लिया, जब वे मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पण करने को कहे जाने पर रॉकी ने पुलिस टीम पर कथित तौर पर गोलीबारी कर दी। उसने तीन गोलियां चलाई, जिसमें से एक गोली हेड कांस्टेबल की 'बुलेटप्रूफ जैकेट' पर लगी और वह बाल-बाल बच गया। आत्मरक्षा में नियंत्रित जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन गोलियां चलाई जिससे रॉकी के बाएं घुटने के नीचे गोली लगी। इसके बाद कुछ देर हाथापाई के उपरांत उसे काबू कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल चला रहा सुमित उर्फ कोकी भी मौके से पकड़ लिया गया। कोकी के पास से भरी हुई पिस्टल और एक कारतूस बरामद किया गया। घायल बदमाश को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने और साजिश में शामिल अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच की जा रही है।

# युवक की चाकू मारकर हत्या में छह नाबालिग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समयपुर बादली इलाके में 19 वर्षीय एक युवक की हत्या के आरोप में छह नाबालिगों को पकड़ा गया है। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण करने और स्थानीय जानकारी जुटाने के बाद शनिवार को आरोपियों को पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि यह हत्या 14 अप्रैल की शाम को एमसीडी कॉलोनी इलाके में हुई थी। राजीव नामक युवक पर हमला किया गया था। बादली थाने में शाम लगभग 7.44 बजे चाकूबाजी की इस घटना की सूचना मिली थी। टेम्पो चालक राजीव को शालीमार बाग स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विवाद 13 अप्रैल को शुरू हुआ, जब स्थानीय लोगों का एक समूह पीड़ित के आवास के पास इकट्ठा हुआ था। उस दौरान तीखी बहस हुई। अगली शाम को उस समय टकराव और बढ़ गया जब दूसरे पक्ष के लोग वापस आ धमके और राजीव पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छह नाबालिगों को पकड़ा है। इनमें 15 वर्षीय नाबालिग ने कथित तौर पर जानलेवा चोट पहुंचाई थी। अन्य नाबालिगों की उम्र 14 से 16 वर्ष के बीच बताई गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और इसमें शामिल अन्य की पहचान और उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सीएनजी पंप पर फायरिंग का आरोपी हथियार के साथ अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस ने नरेला में सीएनजी पंप पर गोलीबारी के मामले को कुछ ही घंटों में सुलझाते हुये आरोपी को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान विनीत कुमार उर्फ बिन्नी (31) के रूप में हुई है, जो रामदेव वाली गली, पाना मामूरपुर, नरेला का रहने वाला है। जांच में पता चला कि झगड़े का बदला लेने के लिये वारदात को अंजाम दिया गया था।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार 18 अप्रैल शनिवार को नरेला थाना इलाके में सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल के पास, सेक्टर-ए7 स्थित सीएनजी पंप पर गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई थी। गोपाल द्वारा दिए गए बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। अपराध की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया। कैमरा फुटेज का बारीकी से विश्लेषण और तकनीकी निगरानी के साथ-साथ मानवीय खुफिया जानकारी का उपयोग करते हुए टीम ने संदिग्ध की पहचान की और एक अत्यंत तीव्र कार्रवाई में उसे धर दबोचा। विनीत ने पूछताछ के दौरान अपराध स्वीकार किया है। उसने बताया कि पिछली रात पंप के कर्मचारियों के साथ उसका झगड़ा हुआ था। बदला लेने की नीयत से उसने एक देसी कट्टे हासिल किया और गोली चलाने के लिए वापस पंप पर लौट आया। घटनास्थल से भागने के लिए इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। हथियार के स्रोत का पता लगाने का प्रयास जारी है।

## रात के अंधेरे में कूड़ा माफिया सक्रिय, ब्रिटानिया चौक से पंजाबी बाग मार्ग बना कूड़ाघर



**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाला दिल्ली नगर निगम नेता और प्रशासन एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ब्रिटानिया चौक से पंजाबी बाग की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर रात के अंधेरे में अज्ञात लोग बोरों में कूड़ा भरकर खुलेआम फेंक जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि यह सिलसिला पिछले कई महीनों से लगातार जारी है, लेकिन निगम प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लग पाई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, देर रात कुछ वाहन आते हैं और सड़क किनारे कूड़े के बोरे डालकर चलते बनते हैं। सुबह होते-होते यह इलाका कूड़ाघर में तब्दील हो जाता है, जिससे न केवल दुर्गंध फैलती है बल्कि राहगीरों और आसपास के निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ओर निगम के नेता और निगम प्रशासन 'चप्पे-चप्पे की सफाई' के दावे करता है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की अवैध डंपिंग उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो निगरानी बढ़ाई गई और न ही दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हुई।

## अलीपुर में निगम प्रशासन की लापरवाही से जन सुविधाएं ठप

# निगम डीसी बदलते ही महिला शौचालय पर जड़ दिया जाता है ताला, कोई नहीं ध्यान देने वाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत अलीपुर वार्ड में स्थित सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति बदहाल होती जा रही है। स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के पुराने भवन के पास और अलीपुर गांव के दोनों मुख्य बस स्टैंड के समीप बने महिला शौचालय पर हर बार निगम उपायुक्त (डीसी) बदलते ही ताला जड़ दिया जाता है, जिससे स्थानीय महिलाओं और यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह शौचालय केवल कागजों में ही संचालित होता है, जबकि जमीनी हकीकत में यह अधिकतर समय बंद रहता है। खासकर बस स्टैंड जैसे व्यस्त क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से सीधा खिलवाड़ है। वहीं, इस संबंध में नरेला जोन के उपायुक्त रघुवेंद्रा मीणा का कहना है कि सभी शौचालय खुले रहते हैं और सफाई व्यवस्था भी होती है लेकिन यदि अलीपुर स्टैंड के पास ऐसे हालात हैं तो जांच कर सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जाएगी और ताला भी खोल दिया जाएगा। जबकि यहां बड़ी संख्या में यात्रियों का आना जाना रहता है।



### पुरूष जन शौचालय की हालात बेहद खराब

ताले जड़े इसी महिला शौचालय के साथ करीब एक वर्ष पहले बनाए गए पुरुष जन शौचालय की हालत भी बेहद खराब है। नियमित सफाई के अभाव में यह शौचालय गंदगी का अड्डा बन चुका है, जहां बदबू और अस्वच्छता के कारण लोग इसका उपयोग करने से बचते हैं। गंदगी के कारण यहां बीमारियों के फैलने का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

■ जन शौचालय गंदगी का बना अड्डा, बीमारियों का बढ़ा खतरा

■ डीसी ने दिया आश्वासन, की जाएगी सफाई व्यवस्था दुरूस्त

### 'जनसुविधाओं के नाम पर सिर्फ निर्माण करना ही काफी नहीं'

स्थानीय निवासियों और यात्रियों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि महिला शौचालय को नियमित रूप से खोला जाए और पुरुष शौचालय की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि जनसुविधाओं के नाम पर सिर्फ निर्माण करना ही काफी नहीं, बल्कि उनका सही संचालन और रखरखाव भी उतना ही जरूरी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि निगम प्रशासन इस गंभीर समस्या को कब तक नजरअंदाज करता है और कब जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# प्रहलाद विहार में पानी की पाइप लाइन बिछाने का काम हुआ पूरा

## इंद्राज ने परियोजना का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कैबिनेट मंत्री और बवाना क्षेत्र से विधायक रविंद्र इंद्राज सिंह ने रविवार को प्रहलाद विहार में लगभग 45 लाख रुपए की लागत से नई जल पाइप लाइन परियोजना का शुभारंभ कर इसे जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर मंत्री इंद्राज ने कहा कि यह परियोजना लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि करीब 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पहली बार इस क्षेत्र में जल पाइपलाइन बिछाई गई है जिससे अब स्थानीय निवासियों को स्वच्छ, नियमित एवं निर्बाध जल आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित हुआ है और लोगों को बड़ी राहत मिली है। इस नई पाइपलाइन के शुरू होने से अब हजारों नागरिकों को रोजमर्रा की मूलभूत आवश्यकता के लिए बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को विशेष रूप से इसका लाभ मिलेगा जिन्हें पहले पानी की व्यवस्था के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। यह परियोजना न केवल जल आपूर्ति को सुदृढ़ करती है बल्कि क्षेत्र में समग्र विकास को भी गति प्रदान करती है। बेहतर बुनियादी सुविधाओं के माध्यम से नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

**खबर संक्षेप**

### डीडीए का दो दिवसीय राष्ट्रीय हैकाथॉन हरित मंथन 2026 संपन्न

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने शहरी हरित क्षेत्रों के भविष्य की पुनर्कल्पना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय स्तर का प्रथम हैकाथॉन हरित मंथन 2026 सफलतापूर्वक आयोजित किया। दो दिवसीय इस आयोजन का समापन उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू की मौजूदगी में हुआ। डीडीए ने यह कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टार्टअप इकोसिस्टम, उद्यमोदय फाउंडेशन के सहयोग से नई दिल्ली में आयोजित किया। एलजी संधू ने कार्यक्रम के दूसरे दिन उद्घाटन करते हुए शहरी विकास, पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यावरण संरक्षण के भविष्य को आकार देने में युवाओं तथा नए दृष्टिकोणों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इस अवसर पर मौजूद डीडीए के वाइस चेयरमैन एन. सरवण कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि हरित मंथन को एक बार के प्रयास के रूप में नहीं, बल्कि डीडीए सिस्टम को नवाचार हेतु खोलने की व्यापक एवं सतत संस्थागत प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में परिकल्पित किया गया है।

### राजधानी में पारा पहुंचा 40 डिग्री पार

नई दिल्ली। एक दिन की राहत के बाद वीकेंड रविवार को सूरज ने फिर से अपने कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए। प्रादेशिक मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी के अनुसार न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से महज .01 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान रिज एरिया में 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि पालम में 40 डिग्री, लोधी रोड में 40 डिग्री और आया नगर में 40.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ।

### 'सीसीटीवी और आधुनिक सुविधाओं से जल्द लैस होंगे निगम विद्यालय'

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के इतिहास में पहली बार सभी कक्षाओं में पर्सनल अनाउंसमेंट (पीए) सिस्टम लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नजफगढ़ वार्ड में इस योजना का कार्य शुरू हो चुका है, जो क्षेत्रवासियों के समर्थन और विश्वास का परिणाम है। इस पहल के तहत विद्यालयों में न केवल पीए सिस्टम, बल्कि जल्द ही हाईटेक कैमरे और अन्य आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। शिक्षा समिति में उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने कहा कि इन व्यवस्थाओं से स्कूलों में अनुशासन और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी, साथ ही शिक्षकों और छात्रों के बीच संचार भी बेहतर होगा। आपात स्थिति में त्वरित सूचना प्रसारण संभव हो सकेगा, जिससे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

## महिला भाजपा नेताओं ने प्रेस वार्ता में अधिनियम व प्रधानमंत्री के समर्थन में लगाए नारे

# 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाले ही महिलाओं के अधिकार के खिलाफ : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देते रहे, लेकिन अब महिलाओं की इस लड़ाई से पीछे हट गए और इसे लोकतंत्र की जीत बता रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में महिला आरक्षण विधेयक और संविधान संशोधन विधेयक को लेकर लोकसभा में हुए घटनाक्रम पर कड़ा असंतोष व्यक्त करते हुए विपक्षी दलों पर यह आरोप लगाए। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में संसद में जो देखने को मिला, वह बेहद अफसोसजनक है और यह देश की महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय है। आजादी के 78 वर्षों बाद भी देश की बेटियां अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि बेटियों की हार में लोकतंत्र की जीत कैसे हो सकती है? यहां मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने विपक्ष से यहां तक कहा कि इसका श्रेय आप ले लीजिए, लेकिन महिलाओं के हित में इस विधेयक को पारित कर दीजिए, फिर भी विपक्ष तैयार नहीं हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी 'ऑल इंडिया एंटी रिफॉर्म कांग्रेस' बन चुकी है, जिसने हर बड़े सुधार जैसे सर्जिकल स्ट्राइक, डिजिटल पेमेंट, जीएसटी, आर्टिकल 370, ट्रिपल तलाक, यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी), सीएए और वन नेशन-वन इलेक्शन जैसे मुद्दों का विरोध किया है।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक शिखा रॉय द्वारा संयोजित प्रेस वार्ता में विधायक पूनम भारद्वाज, दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष योगिता सिंह, लता गुप्ता एवं सुनीता कांगड़ा, मंत्री सारिका जैन एवं सोना कुमारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडेय, प्रभारी श्याम बाला और महामंत्री सरिता तोमर, प्रियल भारद्वाज एवं वैशाली पोद्दार उपस्थित थी। सभी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ प्रेस वार्ता के अंत में हाथ उठा कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में नारे लगाए।

### विपक्ष ने जानबूझकर अधिनियम को पास नहीं होने दिया

दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पिछले 30 वर्षों से बार-बार संसद में आता रहा है, लेकिन हर बार किसी न किसी बहाने से उसे रोका गया। कभी फाड़ा गया, कभी दबाया गया, कभी जलाया गया। इस बार भी विपक्ष ने जानबूझकर विभिन्न तर्क गढ़कर इसे पास नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 2023 में पारित विधेयक में साफ तौर पर लिखा है कि महिलाओं के लिए आरक्षण डिलिमिटेशन (परिसीमन) के बाद लागू होगा। ऐसे में आज उसी प्रावधान को लेकर विरोध करना विरोधाभासी है। जब 2023 में यही शर्त स्वीकार की गई थी तो आज विरोध किस बात का है?

### 'परिवारवादी पार्टियां अन्य महिलाओं को राजनीति में आने से रोकती है'

विधायक शिखा राय ने कहा परिवारवादी पार्टियां खुद के घर की महिलाओं को राजनीति में ले आती हैं पर अन्य महिलाओं को वह रोकते हैं। इस अधिनियम का पारित होना बहुत जरूरी था, इसको रोककर अन्याय किया गया है। धोखे से बात घूमा-घुमा के इस बिल को गिराया गया है, कांग्रेस महिला विरोधी है।

### नारी शक्ति भारत की सभ्यतागत शक्ति का है आधार : विजेंद्र

नई दिल्ली। नारी शक्ति, जिसे हमारी परंपरा में सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा के रूप में देखा जाता



है, भारत की सभ्यतागत शक्ति का आधार है। यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को किंग्सवे कैंप स्थित ब्रह्मा कुमारी, शांति भवन में आयोजित 'रन फॉर मदर अर्थ' के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य महिलाओं की समान भागीदारी और नेतृत्व के बिना संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों से संवाद करते हुए उन्होंने इस पहल को पर्यावरण जागरूकता, नागरिक उत्तरदायित्व और सामाजिक चेतना का एक सशक्त संगम बताया। उन्होंने कहा कि 'रन फॉर मदर अर्थ' जैसे आयोजन एक जागरूक और जिम्मेदार पीढ़ी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विशेष रूप से युवा महिलाओं को अवसर, पहचान और नेतृत्व प्रदान करना एक सशक्त और भविष्य के लिए तैयार भारत के निर्माण की कुंजी है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। विजेंद्र ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और युवा सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को एक मंच पर लाना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार की पहलें समाज में सकारात्मक सहभागिता को बढ़ावा देंगी और एक समावेशी एवं प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण को सुदृढ़ करेंगी।

## गार्गी कॉलेज में जबरन घुसने वाले एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर सख्त एक्शन लें एलजी: सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक पत्र लिखकर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से की मांग

गार्गी महिला कॉलेज में गेट तोड़ कर घुसने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यर्ताओं के द्वारा जबरन गार्गी महिला कॉलेज में घुसने के मामले में आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत सौरभ ने घटना का पूरा विवरण देने के लिए उपराज्याल से मिलने के लिए समय भी मांगा है।

उपराज्यपाल को लिखे पत्र में सौरभ ने 17 अप्रैल 2026 को दक्षिण दिल्ली स्थित गार्गी कॉलेज में हुई एक गंभीर घटना के बारे में बताया। सौरभ ने अपने पत्र में कहा कि डूसू अध्यक्ष आर्यन मान के नेतृत्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े युवाओं के एक ग्रुप ने बिना किसी कानूनी अधिकार या अनुमति के जबरन कॉलेज परिसर में प्रवेश किया। प्राप्त सूचनाओं और वीडियो साक्ष्यों से पता चलता है कि उन्होंने कॉलेज का गेट तोड़ दिया और परिसर के अंदर अराजकता व हंगामा किया, जिससे छात्राओं और स्टाफ के बीच भारी डर और परेशानी पैदा हुई। गार्गी कॉलेज की छात्राओं ने अदम्य साहस का परिचय दिया और जबरदस्ती घुसे युवाओं का विरोध कर उन्हें वहां से जाने के लिए मजबूर कर दिया। सौरभ ने पत्र में कहा है कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि मौके पर दिल्ली पुलिस के जवानों की मौजूदगी के बावजूद, इस जबरन प्रवेश को रोकने या इस अनधिकृत और विघटनकारी कृत्य में शामिल व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के लिए कोई तत्काल कार्रवाई नहीं की गई। हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद भी, आज तक दोषियों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। सौरभ ने अपने पत्र के माध्यम से उपराज्यपाल से अनुरोध किया कि मुझे जल्द से जल्द मिलने का समय दें, ताकि मैं व्यक्तिगत रूप से आपको घटना के विवरण से अवगत करा सकूं, उपलब्ध साक्ष्य साझा कर सकूं, और शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा के व्यापक मुद्दे पर चर्चा कर सकूं।

### जनभागीदारी से मजबूत हो रहा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान : चहल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चलाया जा रहा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान नई दिल्ली में निरंतर जनसमर्थन प्राप्त कर रहा है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को यह जानकारी दी। उपाध्यक्ष चहल ने बताया कि जनभागीदारी से "एक पेड़ माँ के नाम" हरित अभियान मजबूत हो रहा है। उन्होंने बताया कि लोधी रोड स्थित पालिका निवास हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में 'एक पेड़ माँ के नाम ऑन संडे' पहल के अंतर्गत उन्होंने वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया, जिसमें मातृ शक्ति ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत चहल द्वारा बालाजी मंदिर, पालिका निवास में भगवान श्री बालाजी के दर्शन एवं आशीर्वाद के साथ हुई। इस पावन अवसर पर मंदिर के मुख्य पंडित का स्नेहिल आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में आरडब्ल्युए प्रधान कालूराम राणा, अन्य सदस्य अरविंद शर्मा, श्यामसुंदर गौतम सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस अभियान को जनआंदोलन बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने अभियान को और अधिक सशक्त एवं प्रेरणादायक बना दिया।

## लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी : यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रंगपुरी पहाड़ी क्षेत्र में रविवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के हजारों लोगों को पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि रंगपुरी पहाड़ी में जल संकट पर दिल्ली कांग्रेस का सख्त रुख है और हर हाल में प्रभावित लोगों के अधिकारों की रक्षा हेतु पार्टी हर संभव कदम उठाएगी। उन्होंने आरोप लगाए कि पेयजल का संकट क्षेत्र में स्थित छह भूजल बोरवेलों को सील किए जाने के कारण उत्पन्न हुआ है।

यह स्पष्ट रूप से सामने आया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा अदालत के समक्ष तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर एवं भ्रामक तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिसके आधार पर बोरवेल सील करने का आदेश पारित हुआ। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय को क्षेत्र की वास्तविक जमीनी स्थिति से अवगत नहीं कराया गया। यह आदेश ऐसे समय में लागू हुआ है जब दिल्ली में भीषण गर्मी की शुरुआत हो चुकी है और पानी की मांग अत्यधिक बढ़ गई है। इस निर्णय के कारण लगभग 20 हजार लोग पेयजल जैसी सुविधा से वंचित हो गए हैं। जो उनके जीवन के मौलिक अधिकार का सीधा उल्लंघन है। यादव ने कहा कि न्यायालय के आदेश के अनुसार, बोरवेल सील होने की स्थिति में प्रभावित क्षेत्र के लिए 20 पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जानी थी। किन्तु जमीनी हकीकत यह है कि क्षेत्र में केवल 2 से 3 टैंकर ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसके कारण पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। इस पूरे मामले को प्रारंभ से ही पूर्व विधायक कर्नल देवेंद्र सहरावत द्वारा सक्रिय रूप से उठाया गया है। उन्होंने न्यायालय के आदेश के तुरंत बाद क्षेत्र का दौरा कर निवासियों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को समझा तथा आज के इस जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन भी किया। यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले को अत्यंत गंभीरता से ले रही है और प्रभावित नागरिकों के अधिकारों की रक्षा हेतु हर संभव कदम उठाएगी। पार्टी न्यायालय में सही तथ्यों को प्रस्तुत करते हुए प्रशासनिक स्तर पर तत्काल समाधान हेतु कानूनी हस्तक्षेप, जनआंदोलन और विरोध प्रदर्शन आदि भी करेगी। इस अवसर पर कर्नल देवेंद्र सहारावत, पूर्व उप महापौर प्रवीण राणा, तस्वीर सोलंकी, डॉक्टर पीके मिश्रा आदि अन्य नेता मौजूद थे।

### आईपी यूनिवर्सिटी 25 अप्रैल से आयोजित करेगी अपनी सीईटी

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) 25 अप्रैल से 23 मई तक आयोजित करने जा रही है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस.एल. भंडारकर के अनुसार, इस अवधि के दौरान प्रत्येक शनिवार और रविवार को सीईटी परंपरागत तरीके से ओएमआर शीट पर दो पालियों (सुबह और शाम) में आयोजित की जाएंगी। आईपीयू प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सुबह की पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और शाम की पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। डॉ. भंडारकर ने बताया कि 78 कार्यक्रमों के लिए कुल 50,531 आवेदक इन सीईटी में शामिल होने जा रहे हैं। पीएचडी को छोड़कर, 9 और 10 मई की सीईटी दिल्ली एनसीआर स्थित केंद्रों के अलावा चार बाहरी शहरों- चंडीगढ़, जयपुर, लखनऊ, कोलकाता में भी आयोजित की जाएंगी। डॉ. भंडारकर ने जानकारी देते हुए बताया किसंबंधित सीईटी के आयोजन से लगभग पांच-छह दिन पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। सीईटी से संबंधित तिथि, सत्र, केंद्र में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय के पैरा-मेडिकल कार्यक्रमों के दो सीईटी कोड 119 और 124 के लिए एक ही परीक्षा पत्र होगा। सीईटी से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, आवेदक हेल्पलाइन नंबर- 25302263 और 25302278 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एमसीडी ने शाहदरा नॉर्थ जोन में की कार्रवाई प्रदूषण फैलाने वाली 16 इकाइयाँ की सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए शाहदरा नॉर्थ ज़ोन के वार्ड नंबर 246, सादतपुर में प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। निगम की टीम ने एक विशेष अभियान के तहत कुल 16 इकाइयों को सील कर दिया, जिनमें 12 जल प्रदूषण और 4 वायु प्रदूषण फैलाने वाली यूनिट्स शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, सील की गई इकाइयाँ केमिकल प्रोसेसिंग और जींस डाईंग जैसी गतिविधियों में संलिप्त थीं, जो पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक मानी जाती हैं। इन इकाइयों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मानकों का उल्लंघन किया जा रहा था, जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। एमसीडी ने रविवार को अपने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्रवाई निगम की जनस्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण नियमों के सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस तरह के अवैध और प्रदूषण फैलाने वाले कार्यों के खिलाफ लगातार सख्त कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय निवासियों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में प्रदूषण के स्तर में कमी आएगी और उन्हें स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

### दरियापुर में पांच करोड़ 73 लाख की लागत से बनी फिरनी रोड : इंद्राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दरियापुर कलां में रविवार को लगभग 5 करोड़ 73 लाख रुपए से निर्मित सड़क का कैबिनेट मंत्री और बवाना से विधायक रविंद्र इंद्राज सिंह ने लोकार्पण किया। यह सड़क दादा मालदेव तालाब साइड से नांगल मोड़ रोड, बवाना तक बनाई गई है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिली है। यह परियोजना दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड (डीवीडीबी) फंड के माध्यम से पूर्ण हुई, जिसमें सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली सरकार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।लगभग 20 वर्षों से लंबित यह परियोजना आज पूर्ण होकर क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बन गई है। लंबे समय से इस सड़क की मांग की जा रही थी, लेकिन पूर्व में इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। अब इस निर्माण के साथ दरियापुर एवं आसपास के क्षेत्रों में विकास को नई गति मिली है। इस फिरनी रोड के बनने से अब हजारों लोगों को सुगम, सुरक्षित एवं तेज़ आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। इससे यात्रा का समय कम होगा और यातायात व्यवस्था अधिक व्यवस्थित बनेगी। यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अनुसंधान और उद्योग को मिलेगा बढ़ावा : रेखा गुप्ता

# दिल्ली सरकार ने शुरू की 'दिल्ली सेमीकंडक्टर पॉलिसी' का ड्राफ्ट तैयार करने की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली सेमीकंडक्टर पॉलिसी' का ड्राफ्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है। इस नीति का उद्देश्य दिल्ली को सेमीकंडक्टर डिजाइन, उन्नत अनुसंधान एवं विकास तथा असेंबली गतिविधियों के लिए एक सक्षम केंद्र के रूप में विकसित करना है। इस बात की जानकारी रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में यह पहल राजधानी में उच्च मूल्य वाले प्रौद्योगिकी क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो देश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विकास में दिल्ली की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी बन चुका है और दिल्ली सरकार इसके संतुलित एवं व्यवस्थित विकास के लिए एक समग्र नीति ढांचा तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह नीति कारोबार सुगमता, नवाचार और उद्योग आधारित इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों प्रकार के प्रोत्साहनों का प्रावधान करती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है और देश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विकास में दिल्ली की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से दिल्ली में एक सशक्त, नवाचार-आधारित और टिकाऊ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित होगा। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि 21वीं सदी की डिजिटल अर्थव्यवस्था में सेमीकंडक्टर केवल एक औद्योगिक उत्पाद नहीं, बल्कि तकनीकी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक मजबूती का आधार हैं। प्रधानमंत्री के इसी दूरदर्शी विजन के अनुरूप राज्यों को भी इस क्षेत्र में नीतिगत पहल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि देश में एक मजबूत, समन्वित और प्रतिस्पर्धी सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित हो सके।

### प्रस्तावित नीति पांच प्रमुख क्षेत्रों पर है केंद्रित

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि प्रस्तावित नीति पांच प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिनमें सेमीकंडक्टर डिजाइन और बौद्धिक संपदा विकास, अनुसंधान, विकास और नवाचार, विनिर्माण को सक्षम बनाने वाली गतिविधियां जैसे असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) तथा आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्टिंग (ओएसएटी) के साथ सहायक उद्योगों का विकास, टैलेंट डेवलपमेंट एवं स्किलिंग, तथा स्टार्टअप और औद्योगिक इकोसिस्टम को सुदृढ़ करना शामिल है।



### उद्योग पर संभावित प्रभाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नीति से सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन के उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों, विशेष रूप से डिजाइन, अनुसंधान एवं विकास और एडवांस पैकेजिंग में दिल्ली की स्थिति मजबूत होगी। इससे फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनियों, स्टार्टअप्स तथा एटीएमपी और ओएसएटी इकाइयों में निवेश आकर्षित होने की संभावना है। इसके साथ ही परीक्षण, पैकेजिंग और सेमीकंडक्टर इनपुट से जुड़े सहायक उद्योगों के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### एक सप्ताह में 29 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों



की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 11 से 17 अप्रैल के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने एक सप्ताह में 29 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 6 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 29 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

### लूट के मामले में 3 आरोपी पकड़ाए

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने 12 अप्रैल को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर



हुई 12 लाख रुपए की लूट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज निवासी संजय कॉलोनी, नितेश निवासी जीवन नगर पार्ट-2 तथा गौतम निवासी पर्वतीय कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है।

### हत्या के मामले में एक और आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** अहाता के मैनेजर की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को काबू किया है, पुलिस ने उसके कब्जे से चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को



गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सुमित निवासी नंगला राम सिंह जनपद औरैया उत्तर प्रदेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई आदेश कुमार, सेक्टर-3 फरीदाबाद स्थित शराब ठेका हाउस ऑफ लिकर के साथ बने अहाता में मैनेजर के तौर पर काम करता था। 15 अप्रैल की रात करीब 12 बजे वह अपने भाई के पास गया था। वहां उसने देखा कि दो व्यक्ति उसके भाई के साथ गाली.गलौच कर रहे थे।

रॉयल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया विश्व धरोहर दिवस

# विश्व धरोहर दिवस पर विद्यार्थियों ने कागज पर उकेरी ऐतिहासिक धरोहरें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

रॉयल पब्लिक स्कूल में विश्व धरोहर दिवस उत्साह और रचनात्मकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कला गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध धरोहरों को अपनी कल्पनाशीलता और रंगों के माध्यम से कागज पर साकार किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरुकता पैदा करना और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। चेयरमैन डा. विजय सिंह चौहान ने ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों को कागजों पर रंगों की मदद से जीवंत रूप दिया। रंग-बिरंगे चित्रों में बच्चों की कल्पना, मेहनत और कलात्मक दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इन कलाकृतियों को विद्यालय में प्रदर्शित किया गया, जिसे देखकर शिक्षक और अन्य विद्यार्थी भी काफी प्रभावित हुए। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विजय सिंह चौहान ने विद्यार्थियों की इस रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में न केवल कला के प्रति रुचि बढ़ाते हैं।





### बच्चों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला

उन्होंने कहा कि धरोहरें किसी भी देश की पहचान होती हैं और इन्हें सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें अपने आसपास कोई भी ऐतिहासिक धरोहर नजर आती है तो उसे कभी नुकसान ना पहुंचाएं। उनका संरक्षण करने में हम जो कुछ कर सकते हैं वह करें। अगर कुछ नहीं कर सकते तो कम से कम धरोहर को नुकसान पहुंचाने से बचें। बच्चों को विस्तार से धरोहर संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने आसपास की ऐतिहासिक विरासत के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि विश्व धरोहर दिवस मनाने का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियो को अपनी संस्कृति और इतिहास से जोड़ना है। पूरे आयोजन ने विद्यालय में एक सकारात्मक और शिक्षाप्रद माहौल का निर्माण किया, जिससे बच्चों को सीखने के साथ-साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का भी अवसर मिला।

कांग्रेस का महिलाओं के अधिकारों पर चोट, फिर जश्न और जयनाद निंदनीय

# नारी शक्ति वंदन बिल गिराकर कांग्रेस ने पाप किया है, जो इनको भस्म कर देगा: कृष्णपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को सुनने के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल को लोकसभा में गिराकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने पाप किया है, जो इन दलों को भस्म कर देगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सरकार की उपेक्षा नहीं है, बल्कि इन्होने देश की हर बहन का अपमान किया है, महिलाओं के अधिकारों को कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने ठेस पहुंचाई है। इस अपमान की कीमत इन दलों को चुकानी पड़ेगी।

मंत्री गुर्जर ने आगे कहा कि इंदिरा से प्रियंका तक सिमटी हैं इनकी राजनीति, इन्हें अपने परिवार की महिलाओं को संसद में भेजना अच्छा लगता है, लेकिन पार्टी के लिए काम करने वाली आम बहनों को संसद का दरवाजा तक नहीं देखने देना चाहते। कांग्रेस और इंडी नहीं चाहते कि आम महिला संसद या विधानसभा का दरवाजा देखे। वे चाहते हैं कि केवल उनके परिवार की महिलाएं ही निर्णय प्रक्रिया में शामिल हों। भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को सुना। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज देश की नारी में आक्रोश और गुस्सा है और इसका खामियाजा कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन को आने वाले समय में भुगतना पड़ेगा, चाहे वह सपा हो, टीएमसी हो या डीएमके। यह अत्यंत शर्मनाक है एक तरफ ये नारी के अधिकारों पर डाका डाल रहे थे और दूसरी तरफ मेजें थपथपा कर जश्न मना रहे थे।




### मंत्री ने कहा- ये देश को टुकड़ों में बांटते हैं

उन्होंने कहा कि आज भले ही एनडीए के पास दो-तिहाई बहुमत नहीं है, लेकिन वह समय भी आएगा जब देश की बहनें आदरपूर्वक प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए को इतनी ताकत देंगी कि संसद में ऐसे महिला विरोधी दलों की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी।

गुर्जर ने कहा जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह एक रिफॉर्म.विरोधी पार्टी है जो हर अच्छे काम का विरोध करती है। हमेशा देश में भ्रम फैलाने का काम करती है। सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए, एयर स्ट्राइक पर भ्रम फैलाया, सीएए कानून पर भ्रम फैलाया और इन्होंने हमेशा हर राष्ट्रीय और जनहित के मुद्दे पर देश को गुमराह करने की कोशिश की। इनकी सबसे बड़ी समस्या यह है कि ये देश को टुकड़ों में बांटते हैं, उत्तर-दक्षिण, जाति और धर्म के आधार पर। ये तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। पीएम मोदी के लिए देश सर्वोपरि है, पहले देश, फिर पार्टी, फिर स्वयं। जबकि कांग्रेस के लिए पहले परिवार, फिर पार्टी और अंत में देश आता है। मंत्री गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में विस्तार से समझाया कि हर प्रदेश में सीटें बढ़ेंगी। नारी शक्ति वंदन बिल 2023 में यह स्पष्ट किया गया था कि जनगणना और परिसीमन (डीलिमिटेशन) के आधार पर सीटों का निर्धारण होगा। इतिहास गवाह है कि जब-जब यह बिल आया, कांग्रेस ने अपने ही लोगों से इसका विरोध करवाकर इसे गिरवाया, चाहे अटल जी की सरकार हो या पहले की कांग्रेस सरकारें, इन्होने सदा अपने ही लोगों से, सहयोगियों से महिला आरक्षण के इस बिल को गिरवाया।

### गठबंधन को खामियाजा भुगताना पड़ेगा

गुर्जर ने अंत में कहा कि भाजपा और एनडीए के दल देश की महिलाओं के बीच जायेंगे और उन्हें बताएगें कि उनके अधिकारों पर किसने डाका डाला। उन्हें विश्वास है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा और भाजपा महिलाओं को उनका हक दिलाकर रहेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चौधरी प्रवीण गर्ग, शोभित अरोड़ा, फरीदाबाद महिला मोर्चा अध्यक्षा राजबाला सरदाना, फरीदाबाद महानगर महिला मोर्चा अध्यक्षा ममता राघव, पार्षद एवं पूर्व महापौर सुमन बाला, पार्षद गायत्री देवी, पार्षद अनीता वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष सीमा भारद्वाज, भारती भाकुनी, जिला सचिव, मनीष छोकर, सुषमा यादव, विनोद गुप्ता, राज मदान, अलका भाटिया, श्वेता शर्मा, खुशबू सिंह, शालिनी मंगला, सरिता हसिजा, स्वीटी, प्रीति, अंजू भाटिया, सारिका, बबिता, मीनू, नेहा मंजू अनीता वैष्णवी, सोनिया मक्कड़, सोनिया कथूरिया, ममता समेत काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और सभी ने कांग्रेस और इंडी गठंबंधन के दलों की महिला विरोधी होने के कारण भत्र्सना की।

कार्यक्रम में सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई

# परशुराम जयंती पर श्रीराम मंदिर परिषद द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में सैक्टर-55 स्थित मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम मंदिर परिषद अध्यक्ष श्याम दुबे द्वारा सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। स

थानीय भजन मंडल में गायक मुकेश शर्मा द्वारा धार्मिक कार्यक्रम में सुन्दर-सुन्दर भजन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया। भजन मंडली ने बजरंगबली की जय और संकट मोचन हनुमान जैसे भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजक श्री राम मंदिर परिषद परिषद अध्यक्ष श्याम दुबे ने बताया कि हर वर्ष भगवान परशुराम जयंती के उपलब्ध में सुंदरकांड पाठ कराया जाता है। इस मौके पर बी.एन.दुबे, कलावती दुबे, सूरज दुबे, राकेश चौबे, सुजाता दुबे, मधु दुबे, मुकेश शर्मा, अजय चौबे मौजूद रहे। पाठ के समापन पर महाआरती हुई और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिलाओं और बुजुर्गों मौजूद रहे।

कार्यक्रम में श्वेता दुबे व टीम ने दी मनमोहक प्रस्तुति

# कलाग्राम की चाय चौपाल में सजी सुरों की महफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कलाग्राम द्वारा प्रस्तुत चाय चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सुप्रसिद्ध गायिका श्वेता दुबे और उनकी टीम ने शानदार संगीतमय प्रस्तुति दी। हार्मोनियम पर जाकिर ढोलपुरी, तबला पर फजल ढोलपुरी और सारंगी पर आरिश फैसल ने बेहतरीन संगत कर कार्यक्रम को और प्रभावशाली बनाया। आयोजकों ने उपायुक्त उत्तम सिंह, डीपीआरओ बिजेंद्र कुमार और कलाग्राम के डायरेक्टर का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से गुरुग्राम में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्य आकर्षण श्रीलंका से आए कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति रही, जिन्होंने अपने पारंपरिक नृत्य के माध्यम से दर्शकों को अपनी संस्कृति की झलक दिखाई और माहौल को रंगीन बना दिया। इस संगीतमय आयोजन का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। डायरेक्टर शिखा गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से जुड़े रहने और कलाकारों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।

आरोपी पिंकी देवरानी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

# देवरानी ने दो बहनों पर पेट्रोल डालकर लगा दी थी आग, दूसरी ने भी दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डबुआ कॉलोनी में तीन अप्रैल को पेट्रोल डालकर देवरानी ने दो बहनों मीना और सीमा को जलाया था, इनमें से बड़ी बहन मीना की भी शनिवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई, इससे पहले छोटी बहन सीमा की पांच अप्रैल को मौत हो चुकी है।



आरोपी देवरानी पिंकी को गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। पूछताछ में उसने बताया था कि कृषि भूमि के विवाद और चरित्र पर लांछन लगाने के कारण वह दोनों बहनों को सबक सिखाना चाहती थी। इस वारदात के लिए पति की मोटरसाइकिल से उसने करीब एक महीने तक रोजाना थोड़ा-थोड़ा कर पेट्रोल जमा किया था।

### मीना की छोटी बहन की शादी देवेश से हुई

दर्ज मामले के अनुसार पीड़ित मीना ने बताया था कि उसके पति देवेंद्र के तीन भाई और हैं। देवेंद्र से छोटा देवेश, उससे छोटा गजपाल और सबसे छोटा वेदबीर है। मीना की छोटी बहन की शादी देवेश से हुई है। ये दोनों बहनें अपने परिवार सहित एक साथ रहती हैं। सबसे छोटे देवर वेदबीर की पत्नी पिंकी है। ये दोनों बच्चों के साथ डबुआ चौक के पास अलग घर में रहते हैं। मीना ने बताया कि तीन अप्रैल को वह और उसकी बहन घर पर ही थे। पति ड्यूटी चले गए थे और बच्चे स्कूल। दोपहर करीब दो बजे देवरानी पिंकी उनके घर आई। उसके हाथ में थैला था। उन्होंने उसे चाय बनाकर पिलाई। तीनों बैठकर घरेलू बातें करने लगीं। इस बीच पिंकी कई बार बाथरूम में गई।

देखते ही देखते आग कंपनी में फैली

# नेशनल हाइवे-48 किनारे स्पेयर पार्ट्स कंपनी समेत कई जगह लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में रविवार को कई स्थानों पर आगजनी की घटनाएं हुई। कड़ी मशक्कत से पुलिस, बचाव दल ने आग की घटनाओं पर काबू पाया।

जानकारी अनुसार हीरो होंडा चौक के पास सेक्टर-34 स्थित बहरामपुर रोड पर टाटा स्पेयर पाट्र्स कंपनी में रविवार की दोपहर को आग लगी। देखते ही देखते आग कंपनी में फैल गई और धुएं से आसमान कई किलोमीटर दूर से ही काला नजर आया। आग की लपटों से ज्यादा धुआं निकल रहा था। इससे साफ पता चला रहा था कि कंपनी के भीतर आग कितनी भीषण है। धुएं के गुब्बार निकल रहे थे। आग के कारण वहां अफरा-तफरी मच गई। पहले तो लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग फैलती ही चली गई। दमकल विभाग को आग की सूचना दी गई। वहां



से गाड़ियों को लेकर आग बुझाने के लिए टीम पहुंची। दमकल विभाग के कर्मचारियों की तो हड़ताल चल रही है। वे काम नहीं कर रहे। ऐसे में सूचना है कि विभाग की ओर से रोडवेज से ड्राइवर, कंडक्टर से दमकल की गाड़ियो को ले जाकर आग बुझाने का काम करवाया जा रहा है। रविवार दोपहर को ही यहां खांडसा रोड पर एक कूलर-फ्रिज की दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगते ही आसपास के दुकानदारों ने आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही दमकल विभाग को भी आग की सूचना दे दी गई। आग इतनी तेजी से फैली कि वहां लोगों के प्रयास आग बुझाने में कामयाब नहीं हो पाए। खांडसा रोड व्यापार मंडल के प्रधान रोहित राघव के मुताबिक आग लगने की सूचना देने के दो घंटे बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। तब तक दुकान का सामान जल चुका था। उन्होंने कहा कि शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध के समय में सामान काफी महंगा हो गया है। सरकार इस आग की घटना में हुए नुकसान की भरपाई करे, ताकि गरीब दुकानदार अपनी रोजी-रोटी चला सके। इसके अलावा द्वारका एक्सप्रेसवे पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास भी आग की एक घटना हुई। वहां भी आग काफी भडक़ी हुई थी। खुला मैदान होने के कारण किसी बिल्डिंग तक तो आग नहीं पहुंची, लेकिन आग की लपटें काफी ऊंची उठ रही थी। दमकल विभाग ने जल्द ही उस पर काबू पा लिया।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जोगिंदर कुमार, पुत्रः राजेंदर कुमार, पतः 468, गाँव सुनारो वाली गली, बरवाला, दिल्ली** ने **CC No. 2731/2020, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जोगिंदर कुमार** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **जोगिंदर कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 2731/2020, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** केअभियुक्त **जोगिंदर कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री सार्थक पंवार**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, उत्तरी जिला**
**कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5149/ON/2026**


फरवरी में हुआ था जवान का विवाह

सैन्य छावनी के स्पेशल फोर्सेस ट्रेनिंग स्कूल में प्रशिक्षण ले रहे थे

# हिमाचल सैन्य छावनी में अभ्यास के दौरान लगी चोट, पैरा जवान की ट्रेनिंग के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव साहूपुरा के रहने वाले 26 साल के भारतीय सेना के जवान मोहित की ट्रेनिंग के दौरान मौत हो गई। रोजाना के प्रशिक्षण गतिविधि के दौरान चोट लगने के बाद उनको इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। मोहित भारतीय सेना की 29 पैरा इकाई से जुड़े हुए थे और हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा स्थित बकलोह सैन्य छावनी के स्पेशल फोर्सेस ट्रेनिंग स्कूल में प्रशिक्षण ले रहे थे।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-65 सहूपुरा गांव निवासी मोहित भारतीय सेना की 29 पैरा इकाई के जवान थे। वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ त्रिखा कॉलोनी में रह रहे थे। मोहित 5 अप्रैल को प्रशिक्षण के लिए बकलोह पहुंचे थे और नियमित अभ्यास में हिस्सा ले रहे थे। शनिवार को सुबह मोहित नियमित प्रशिक्षण गतिविधियों में शामिल थे।



इसी दौरान बॉक्सिंग अभ्यास करते समय उन्हें गंभीर चोट लग गई। अभ्यास के दौरान घायल होने पर साथी जवानों और अधिकारियों ने तुरंत उन्हें बकलोह स्थित सैन्य अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। उपचार के दौरान उनकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई।

मोहित हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा स्थित बकलोह सैन्य छावनी के स्पेशल फोर्सेस ट्रेनिंग स्कूल में प्रशिक्षण ले रहे थे। 5 अप्रैल को वह यहां पर प्रशिक्षण लेने के पहुंचे थे। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मोहित के बाएं कान के पास चोट के निशान मिले हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि प्रशिक्षण के दौरान गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत हुई है।

जानकारी के अनुसार मोहित भारतीय सेना में 8 साल पहले भर्ती हुआ था। उसकी पोस्टिंग आगर में थी। 40 दिन पहले ही वह हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में स्थित बकलोह सैन्य छावनी के स्पेशल फोर्सेस ट्रेनिंग स्कूल में ट्रेनिंग के लिए गया था। मोहित की शादी इसी साल फरवरी में हुई थी। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मोहित का बड़ा भाई सरकारी अफसर है और बीच वाला भाई प्राइवेट जॉब करता था।

गोपनीय रहेगा आपका डेटा, स्व गणना में भाग लेने की प्रशासन की अपील

# 30 अप्रैल तक जारी रहेगी स्व गणना प्रक्रिया मई में होगी घर-घर सत्यापन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्व गणना आगामी 30 अप्रैल 2026 तक संचालित की जाएगी। जिसके माध्यम से नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे, जो डिजिटल शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संपन्न किया जाएगा।

डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि यह सुविधा हरियाणा के सभी जिलों में उपलब्ध रहेगी और नागरिक इसे मोबाइल, टैबलेट अथवा कंप्यूटर के माध्यम से कहीं से भी उपयोग कर सकेंगे। पंजीकरण के दौरान नागरिकों को मोबाइल नंबर पर माध्यम से लॉगिन करना होगा, डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करना होगा तथा परिवार के सभी सदस्यों, आवास की स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित जानकारी दर्ज करनी होगी। जानकारी जमा करने के बाद उन्हें एक यूनिक नम्बर प्रदान की जाएगी, जिसका उपयोग बाद में गणनाकर्मियों द्वारा सत्यापन के समय किया जाएगा। डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि स्व गणना प्रपत्र में लगभग 33 प्रश्न शामिल होंगे, जिनमें परिवार के सदस्यों का विवरण, मकान का प्रकार (ग्रामीण-शहरी), पेयजल, बिजली, स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं, शिक्षा एवं सामाजिक, आर्थिक जानकारी तथा मोबाइल नंबर (अनिवार्य) शामिल हैं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महेंद्र, पुत्रः श्री राम शरण, पताः म. नं. बी–2ए, मेन गामरी रोड, तिकोना पार्क के सामने, गामरी एक्सटेंशन, भजनपुरा, उत्तर पूर्वी दिल्ली** ने **FIR No. 368/2022, U/s 135/150 I.E. Act, पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **महेंद्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **महेंद्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 368/2022, U/s 135/150 I.E. Act, पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अभियुक्त **महेंद्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री आशीष रस्तोगी**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–05, पूर्वी, कमरा नं. 21**
**पहली मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5141/NE/2026**

## खबर संक्षेप

### उग्र बंदरों को लेकर योगी सरकार ने बनाया प्लान

**लखनऊ।** मानव-बंदर संघर्ष रोकने हाईकोर्ट के निर्देश पर वन विभाग ने कार्ययोजना बनाई है।



वहीं बंदर प्रबंधन को वृक्षारोपण अभियान-2026 की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। उग्र बंदरों के लिए हर शहर में वन बनाए जाएंगे। शहरी आबादी से बाहर न्यूनतम एक हेक्टेयर भूमि पर इसे बनाया जाएगा। इसमें ऐसी प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे, जिन पर पूरे साल पर्याप्त फलों की उपलब्धता रहे।

### अखिलेश यादव ने चाय वाले को दिए पीतल के बर्तन

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिस चाय वाले के यहां चाय पी थी। उस चाय वाले शेषमन



यादव की दुकान पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अफसरों ने छापेमारी कर दुकान बंद करने चेतावनी दी थी। अखिलेश ने शेषमन व उनके पुत्र आर्यन यादव को अपने कार्यालय बुलाया और उन्हें पीतल के बर्तन भेंट किए। उन्होंने तंज कसा कि मेरे घर में भी एल्युमिनियम के बर्तन हैं। मेरा घर भी सील कर दो।

### हाथियों ने शख्स को कुचलकर मार डाला

**कोडरमा।** यहां हाथियों के झुंड ने युवक को कुचलकर मार डाला। हाथियों ने घर के बाहर सो रहे



रोहित कुमार, ग्राम कटिया, सतगावां को कुचलकर मार डाला। इस दौरान हाथियों के झुंड ने गांव के बाहर स्थित पंचायत भवन को भी नुकसान पहुंचाया है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की लापरवाही के खिलाफ सतगावां चौक को जाम कर दिया है।

## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने समीक्षा बैठक के बाद लिया फैसला

# यूपी में बिजली स्मार्ट मीटर पर तत्काल प्रभाव से रोक, बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने यूपी बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। यूपी में स्मार्ट मीटर पर रोक लगा दी गई है। शर्मा ने कहा, उपभोक्ता संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में बिजली स्मार्ट मीटर का लगातार विरोध हो रहा है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने तत्काल प्रभाव से यूपी में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगा दी है। प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी व प्रभावी बनाने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम के निर्देशन में गठित तकनीकी समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी।



### जीरो बैलेंस होने पर भी नहीं कटेगी बिजली

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए कहा कि जहां स्मार्ट मीटर अभी तत्काल में लगे हैं, वहां लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल लगभग 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है कि जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 3 दिन या 200 तक (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

### बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को हल करें अधिकारी'

गर्मी के मौसम को देखते हुए मंत्री ने सभी डिस्कॉम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर बदलने में किसी प्रकार की देरी न हो और ढीले तारों व स्पार्किंग की समस्याओं को तत्काल ठीक किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अनुरक्षण कार्यों में तेजी लाकर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जाए।

### 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू होगी

उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत बैलेंस 30 प्रतिशत होने पर पहला, 10 प्रतिशत पर दूसरा, बैलेंस समाप्त होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पूर्व चौथा और डिस्कनेक्शन के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त मंत्री ने निर्देश दिए कि रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में बैलेंस नेगेटिव होने पर भी किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

## महिला आरक्षण बिल न पास होने पर सीएम योगी का तीखा हमला

# इंडी गठबंधन ने किया षड़यंत्र, भरी सभा में द्रौपदी के चीरहरण जैसा था संसद का दृश्य

*सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जब भी हमने कोई प्रोग्रेसिव कदम उठाया है, कांग्रेस व उसके जितने भी पार्टनर हैं, हमेशा विरोध करते रहे।*

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में रविवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सीएम योगी ने कहा कि जब पीएम मोदी ने वर्ष 2014 में देश की सत्ता अपने हाथों में ली थी, तब उन्होंने एक बात स्पष्ट की थी। उन्होंने कहा था कि देश में चार ही जातियां हैं: नारी, गरीब, युवा और किसान। उन्होंने कहा कि भारत को कमजोर करने की नीयत से जातिवाद के नाम पर खुद के परिवार का भरण-पोषण कर उन्होंने देश को लूटा है। उनके लिए यह चुनौती थी।

कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने कोई भी प्रोग्रेसिव कदम उठाया है, कांग्रेस व उसके जितने भी पार्टनर हैं, हमेशा विरोध करते रहे। आधी आबादी के मन में विपक्ष के इस नारी विरोधी आचरण के बारे में भारी आक्रोश है। वह आक्रोश समाजवादी पार्टी, राजद, टीएमसी, डीएमके व उन दलों पर है जो इस पाप में भागीदार थे। सदन के अंदर जो दृश्य 'इंडी गठबंधन', कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, डीएमके का रहा, वह दृश्य पूरी तरह से भरी सभा में 'द्रौपदी के चीरहरण' जैसा था।

**विचार-विमर्श के बाद ही केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन लेकर आई**



**कांग्रेस और उसके जितने भी पार्टनर हैं, हमेशा विरोध करते रहे**

### अधिनियम 2034 के बजाए 2029 की थी मांग

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी की ओर से समाज और देश के हित में जो कदम उठाए गए हैं, उनके सामने कैसे बैरियर के रूप में और उन कदमों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए इंडिया गठबंधन किस हद तक जाकर षड़यंत्र करता है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ था, लेकिन जब महिला संगठनों और सामाजिक संगठनों ने इस बात की मांग की कि यह अधिनियम 2034 के बजाए 2029 में लागू हो। उनकी मांग के अनुसार पीएम मोदी ने सभी पक्षों से विचार-विमर्श करने के बाद केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में आवश्यक संशोधन लेकर आई।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

### आक्रमण झेल कर भी दृढ़ता से खड़ी है सनातन आस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली सनातन विरासत और आधुनिक विकास के नए युग में एक साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग रही और आज "यतो धर्मस्ततो जयः" के भाव के साथ पुनः अपने स्वाभिमान के शिखर पर स्थापित हो रही है। मुख्यमंत्री ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक पुनरुत्थान का उल्लेख करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल और राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया और कहा कि आज वही सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुका है। इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को रवाना करते हुए इसे भारत की आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया।

## महिला आरक्षण बिल के विरोध पर दी सफाई

# महिलाओं को सबसे ज्यादा टिकट इंडिया गठबंधन ने दिया

एजेंसी ⏭ पटना

राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने तथ्यों के साथ भाजपा और केंद्र सरकार को महिला विरोधी बताया है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि महिला विरोधी भाजपाईयों को सच्चाई स्वीकार करना चाहिए।

आज तक एनडीए ने बिहार से केंद्र में किसी महिला को मंत्री नहीं बनाया। हकीकत है कि विपक्ष का कोई भी दल महिला विरोधी नहीं है। हम उन्हें टिकट देते हैं और आरएसएस के लोग उनसे पैर धुलवाते हैं।

पटना में रविवार को पत्रकारों से तेजस्वी यादव ने बात की। कहा कि मनुस्मृति में महिलाओं का स्थान कहां है यह सब लोगों को पता है। लोकसभा, विधानसभा या अन्य चुनाव में महिलाओं को सबसे ज्यादा टिकट हमारे गठबंधन ने दिया। ये लोग टिकट नहीं देते पर महिलाओं से आरएसएस वाले पैर धुलवाते हैं।

भाजपा के लोग मनुस्मृति को मानते हैं। महिला रिजर्वेशन बिल को लेकर हमारा कोई भी विरोध नहीं है। इस बिल की आड़ में भाजपा डिलिमिटेशन का बिल ला रही थी इसलिए विरोध करना पड़ा। ये सीट वे अपने हिसाब से काटने वाले थे। जहां विपक्ष मजबूत है उन सीटों को चार बार काटते।



### ओबीसी की महिलाओं की भागेदारी भी तय हो

तेजस्वी ने कहा कि महिलाओं का विरोध कौन करेगा। हम तो चाहते हैं कि महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दें। लेकिन इसमें ओबीसी की महिलाओं की भागेदारी भी तय होना चाहिए। ऐसा बिल सरकार लाए जिससे केवल शहर में रहने वाली नहीं बल्कि गांव में रहने वाली महिलाएं भी पार्लियामेंट जाएं। लेकिन, इन लोगों को मनमानी करना है। जो महिलाएं पहले से आगे हैं उन्हीं को आगे बढ़ाने की मंशा थी।

## पेज एक का शेष

### पीएम की मां...

आए, आपने मुझे भावुक कर दिया। सभा खत्म होने के बाद उस छोटे बच्चे चिराग और उसकी मां ने बताया कि मोदी ने उनसे बात की, जिससे वो बेहद खुश हैं। चिराग ने बताया कि पीएम मोदी ने उनसे कहा है कि वो उसे चिट्ठी लिखेंगे।

### चारधाम यात्रा शुरू....

की डोली भी अपने शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर से फाटा की ओर रवाना हो गई है। बाबा की पंचमुखी डोली 21 अप्रैल को केदारनाथ पहुंचेगी। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जाएंगे। रविवार दोपहर 3 बजे तक 18 लाख से ज्यादा लोगों ने चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा लिया है।

### बड़े होटलों ने...

को भी रविवार रात से दूसरे ठिकानों पर जाने के लिए कहा गया है। इससे यह साफ होता है कि इन होटलों को किसी खास काम के लिए खाली कराया जा रहा है।

### यूएस का एफ-35 ...

ईरान रक्षा तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके मुताबिक, यह कार्रवाई कई स्तरों पर योजनाबद्ध थी।

**समझौते से पहले फ्रेमवर्क जरूरी**

ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने तुर्किये के अंताल्या डिप्लोमेसी फोरम में कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत के लिए पहले एक साझा ढांचा तय करना जरूरी है, उसके बाद ही आगे बढ़ा जा सकता है। खतीबजादेह ने कहा कि जब तक बुनियादी समझ नहीं बनती, तब तक किसी नई तारीख पर सहमति संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि बातचीत में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ मुद्दों पर अभी भी मतभेद बने हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष का कठोर रुख अंतरराष्ट्रीय कानून में ईरान को अलग करने की कोशिश करता है, जिसे ईरान स्वीकार नहीं करेगा। ईरानी अधिकारी ने कहा कि उनका देश एनपीटी और आईएईए का सदस्य है और अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों दोनों को मानता है।

**ईरान में हवाई क्षेत्र चरणबद्ध तरीके से फिर खोलने की तैयारी**

इसी बीच ईरान से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है, जहां देश के नागरिक उड्डयन संगठन ने हवाई क्षेत्र को धीरे-धीरे खोलने की योजना की घोषणा की है। तसनीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान का हवाई क्षेत्र चार चरणों में खोला जाएगा। पहले चरण में ट्रांजिट फ्लाइट्स को अनुमति दी जाएगी। इसके बाद पूर्वी हवाई अड्डों से उड़ानों की शुरुआत होगी। तीसरे चरण में तेहरान के मेहराबाद और इमाम खुमैनी हवाई अड्डों से उड़ानों की अनुमति दी जाएगी, जबकि अंतिम चरण में पश्चिमी हवाई अड्डों को भी खोला जाएगा।

**दक्षिणी लेबनान में इजराइल के हमले जारी:** लेबनान में जारी युद्धविराम के बावजूद इजराइली सेना ने एक बार फिर दक्षिणी हिस्से में हवाई और तोपखाने हमले किए हैं। इजराइली सेना ने इन कार्रवाईयों को खतरे के खिलाफ उठाया गया कदम बताया है, जो कथित तौर पर नई येलो लाइन के दक्षिण में स्थित थे। रविवार को इजराइल ने कई गांवों में लगातार गोलाबारी और मशीनगन से फायरिंग की। इसके साथ ही दो अलग-अलग हवाई हमले भी किए गए।

**यूएई और ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिकों की बैठक :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के शीर्ष राजनयिकों ने क्षेत्रीय हालात और बढ़ते तनाव को लेकर अहम बातचीत की है। बैठक में दोनों देशों ने पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं पर विस्तार से चर्चा की। यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान और ब्रिटेन की विदेश सचिव यवेट कूपर ने क्षेत्रीय विकास और ईरान की ओर से खाड़ी देशों पर कथित बिना उकसावे वाले और आतंकी हमलों के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया।

### 18 लोगों की...

कर्मचारी कार्यरत हैं। रविवार को जब लगभग 30 कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे, तभी अचानक एक जोरदार विस्फोट हुआ। कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे से अधिक समय तक आग पर काबू पाने का प्रयास किया। राष्ट्रपति ने भी इस हादसे को बेहद दुखद बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने भी घटना पर शोक जताते हुए कहा कि यह हादसा बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### पोर्टल पर अरुणाचल...

बताया कि यह समस्या मैप सेवा देने वाली कंपनी के साथ समन्वय करके उसी दिन ठीक कर दी गई। सरकार ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक तकनीकी मैपिंग एरर थी।

### डीजीसीए के उप ...

18 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच एजेंसी को शिकायत मिली थी कि डीजीसीए का उक्त अधिकारी लंबित आवेदनों को मंजूरी देने और आवश्यक अनुमतियां जारी करने के बदले निजी व्यक्तियों से अवैध लाभ (रिश्वत) की मांग कर रहा था। प्रारंभिक जांच के बाद सीबीआई ने जाल बिछाकर कार्रवाई की, जिसमें दोनों आरोपियों को 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान रिश्वत की पूरी रकम जब्त कर ली गई।

इसके बाद सीबीआई ने दिल्ली स्थित चार अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। तलाशी अभियान के दौरान करीब 37 लाख रुपये नकद, सोने और चांदी के सिक्के तथा कई डिजिटल उपकरण बरामद किए गए हैं। बरामद सामग्री को जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला सरकारी पद के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार से जुड़ा गंभीर प्रकरण है, जिसमें और भी खुलासे होने की संभावना है। एजेंसी इस मामले में वित्तीय लेन-देन और अन्य संबंधित पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। सीबीआई ने संकेत दिए हैं कि जांच के दायरे में अन्य लोग भी आ सकते हैं, जिनकी भूमिका की पड़ताल की जा रही है।

### गोवा की साध्वी ...

साथ ही महाराष्ट्र की राजनंदिनी पवार फर्स्ट रनर-अप रहीं, तो जम्मू-कश्मीर की श्री अद्वैता के सिर सेकंड रनर-अप का ताज सजा। साध्वी सिर्फ एक ब्यूटी क्वीन नहीं हैं। वे 7 अलग-अलग भाषाओं को पढ़, लिख और बोल सकती हैं। साध्वी ने कनाडा के एक यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स और इंटरनेशनल रिलेशन्स में डबल मेजर किया है।

### सीबीआई के ...

स्थापना के बाद उसके पहले निदेशक बने। वे 1968 तक इस पद पर रहे।

कोहली ने सीबीआई को एक सशक्त और विश्वसनीय जांच एजेंसी के रूप में विकसित करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने जांच की गुणवत्ता सुधारने, दायरा बढ़ाने और सभी स्तरों पर सहभागिता को प्रोत्साहित किया। उन्होंने उत्कृष्ट जासूसी कार्य के लिए 'डी.पी. कोहली अवॉर्ड' की भी शुरुआत की। वर्ष 1967 में उन्हें देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्म भूषण से नवाजा गया। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने सीबीआई की आज की साख और विश्वसनीयता की नींव रखी।

**चुनौतियों पर विचार-विमर्श होगा:** यह व्याख्यान श्रृंखला विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं को एक मंच पर लाकर कानून प्रवर्तन, आपराधिक न्याय प्रणाली और जांच संबंधी चुनौतियों पर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करती है। यह मंच संवाद और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है, जिससे आधुनिक पुलिसिंग और जवाबदेही की समझ को और मजबूत किया जा सके।

सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह पहल डी.पी. कोहली के पेशेवर उत्कृष्टता, सत्यनिष्ठा और उच्च मानकों के उस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाती है, जो आज भी सीबीआई के कार्यों का मार्गदर्शन कर रहा है।

### रेलवे स्टेशनों पर...

जा रही हैं। इसके अलावा, रेलवे स्टेशनों पर खाली स्थानों का बेहतर उपयोग करते हुए यात्री सुविधाओं और सार्वजनिक सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

## झारखंड सरकार का बड़ा फैसला

# अस्पतालों में नियुक्ति होंगे 666 स्पेशलिस्ट डॉक्टर

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर अस्पतालों में 666 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। इसके तहत कुल 13 प्रकार के विशेषज्ञ



चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए कार्मिक विभाग ने झारखंड लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी है। इन पदों में नियमित नियुक्ति के 506, जबकि बैकलॉग नियुक्ति के 160 पद हैं। कार्मिक विभाग के उपसचिव ब्रज माधव ने जेपीएससी सचिव को इस बाबत पत्र भेजा है।

**1277 डॉक्टरों की होगी नियुक्ति :** राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था की उपलब्धता सुगम बनाने के साथ ही चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जल्द ही 942 विशेषज्ञ चिकित्सक समेत कुल 1277 चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसके लिए राज्य के पांच मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशलिटी विभागों के संचालन को लेकर 96 अतिविशेषज्ञ एवं 180 विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा अन्य अस्पतालों में 666 विशेषज्ञ एवं 335 मेडिकल अफसरों की नियुक्ति की जाएगी। उक्त सभी 1277 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। राज्य सरकार के सभी छह मेडिकल कॉलेजों में अगले सत्र में यूजी के 220 एवं पीजी की 211 सीटें बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी आलोक में शिक्षकों की रिक्तियां भरी जा रही हैं।

## भाजपा नेता के जन्मदिन पर बवाल

# दलितों से मारपीट और बाबा साहब की मूर्ति पर हमला, सपा सांसद हाउस अरेस्ट



एजेंसी ⏭ मुरादाबाद

यहां भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के जन्मदिन समारोह के दौरान हालात उस वक्त बेकाबू हो गए, जब कार्यक्रम हिंसा में बदल गया। दलित समाज के लोगों के साथ मारपीट, महिलाओं से बदसलूकी और तोड़फोड़ की घटनाओं ने इलाके में तनाव फैला दिया। हालात इतने गंभीर हो गए कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया। घटना के बाद प्रशासन अलर्ट है और राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है।

जानकारी के मुताबिक, मुरादाबाद में भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय प्रताप के जन्मदिन को लेकर एक कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में बाहर से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे बढ़ता चला गया और देखते ही देखते हिंसा में बदल गया।

### दलित समाज के लोगों से मारपीट

स्थानीय लोगों का कहना है कि विवाद के दौरान दलित समाज के कई लोगों के साथ मारपीट की गई। इस हिंसा में कई लोग घायल हुए हैं। आरोप है कि महिलाओं के साथ भी अभद्रता की गई और उन्हें पीटा गया, जिससे गुस्सा और डर दोनों बढ़ गया। हंगामे के दौरान मौके पर खड़ी कई गाड़ियों को भी निशाना बनाया गया। उपद्रवियों ने जमकर तोड़फोड़ की, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए और माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। इस घटना में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को भी नुकसान पहुंचाया गया। जैसे ही यह खबर फैली, दलित समाज में भारी रोष फैल गया। लोगों ने इसे आस्था और सम्मान पर सीधा हमला बताया।इस बीच सपा सांसद रुचिवीरा पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए ठाकुरद्वारा जाने वाली थीं। लेकिन पुलिस ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें उनके घर पर ही रोक दिया और हाउस अरेस्ट कर लिया।

## हथियार चमकाते हुए भाग निकले

# पटना में 20 लाख की लूट, 5 हथियारबंद बदमाश चार किलो चांदी और सोने के जेवर उठा ले गए

एजेंसी ⏭ पटना

पटना में नकाबपोश बदमाशों ने एक ज्वेलरी हाउस से करीब बीस लाख के सोने के जेवर और चांदी लूट लिए। रामकृष्ण नगर में ज्वेलरी दुकान में लूट की इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सिटी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि घटना में शामिल बदमाशों की पहचान और तलाश की जा रही है। 24 घंटों में पुलिस की कार्रवाई के नतीजे सामने आएंगे। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने एक बार फिर राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अक्षय तृतीया के इस मौके पर एक ज्वेलरी दुकानों में खास तैयारी की गई है। बदमाशों ने इसी अवसर का फायदा उठाया। रामकृष्ण नगर स्थित



ज्वेलरी शॉप में पांच बदमाश नकाब पहने घुस गए। अंदर पहुंचकर सबने पिस्तौल तान दी और बंदूक की नोक पर दुकानदार को धमकाने लगे। दुकानदार और स्टाफ को डराकर लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर दुकान के मालिक को पिस्टल के कुंडे से सिर पर मारकर घायल कर दिया और लूट की बड़ी वारदात को बेखौफ अंजाम दिया।

### सीसीटीवी में कैद बदमाशों की तस्वीर

सिटी एसपी परिचय कुमार ने दुकानदार के हवाले से बताया कि बाइक सवार नकाबपोश 5 अपराधियों ने सोने चांदी के जेवरात जिसकी कीमत 15 से 20 लाख रुपए आंकी जा रही है, हथियार के बल पर लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हथियार चमकाते हुए भाग निकले। पुलिस दुकान व बाहर के सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया, बदमाश दो बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। इनमें से तीन अपराधी दुकान के अंदर घुसे, जबकि दो बाहर खड़े होकर रेकी करते रहे। अंदर गए बदमाशों ने हथियार के बल पर दुकान को अपने कब्जे में लिया और कुछ ही मिनटों में करीब 15 से 20 लाख के आभूषण लूट लिए।



# महावतार परशुराम का पहला पोस्टर और टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होम्बेल फिल्म्स ने 19 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर फिल्म 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर जारी किया है। साथ ही टीजर भी पेश किया है। बता दें कि भगवान विष्णु के दस अवतारों पर आधारित सात भागों वाले एनिमेटिड 'महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स' की यह दूसरी किस्त है। इससे पहले फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' काफी पसंद की गई थी। होम्बले फिल्म्स ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसके जरिए 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर रिलीज किया गया है। फिल्म का पोस्टर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में रिलीज किया गया है।

लाइफ Style

# अक्षय
## 'भूत बंगला' ने मारी दहाड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अक्षय कुमार और दिग्गज डायरेक्टर प्रियदर्शन की जादुई जोड़ी ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है। हेरा फेरी और भूल भुलैया जैसी फिल्मों का स्वाद चख चुके फैंस के लिए 'भूत बंगला' किसी ट्रीट से कम नहीं है। 14 साल के लंबे इंतजार के बाद जब यह जोड़ी पर्दे पर लौटी, तो दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया।

फिल्म को मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स और पॉजिटिव माउथ पब्लिसिटी का नतीजा अब इसके कलेक्शन में साफ दिख रहा है। शुरुआती रुझानों के बाद दूसरे दिन फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया है, जो अक्षय के गिरते कॅरियर ग्राफ के लिए एक बड़ी संजीवनी साबित हो सकती है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी पकड़ दिखाई है। शुरुआती रुझानों और पॉजिटिव रिव्यू को देखते हुए उम्मीद है कि फिल्म पहले वीकेंड पर तगड़ी कमाई करेगी। अक्षय की कॉमेडी और प्रियदर्शन का डायरेक्शन एक बार फिर कमाल करता दिख रहा है। फिल्म ने दो दिन में ग्रॉस 42 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं, नेट 35 करोड़ कमाए। इसी के साथ फिल्म ने वर्ल्डवाइड 61.50 करोड़ का कलेक्शन किया। ओवरसीज मार्केट में 19.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म को पहले दिन 12 हजार और दूसरे दिन 11 हजार के करीब शोज मिले। तीसरे दिन भी फिल्म धमाकेदार कमाई की। फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है। आकाश कौशिक ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। वहीं परेश रावल, राजपाल यादव, वामिका गब्बी, तबु, मिथिला पालकर जैसे स्टार्स हैं।



हॉलीवुड मसाला




# स्कॉर्पियन्स ने रद्द किया इंडिया टूर

**लॉस एंजिल्स।** जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स' की तरफ से शनिवार को घोषणा की गई कि वे अपना इंडिया टूर रद्द कर रहे हैं। जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स के एक सदस्य को मेडिकल इश्यूज हो गया है। वह सदस्य बीमार हैं। ऐसे में यह रॉक बैंड अपना इंडिया टूर रद्द कर रहा है। यह जानकारी इंडिया टूर के आयोजकों ने सोशल मीडिया पर साझा की है। बता दें कि यह बैंड 21 अप्रैल को शिलॉन्ग के जेएन स्टेडियम में परफॉर्म करने वाला था। इसके बाद 24 अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर, 26 अप्रैल को बेंगलुरु और 30 अप्रैल को मुंबई में इनके कॉन्सर्ट होने वाले थे।



# सिंगर मलिक पांच सोलो एल्बम कर चुके हैं रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर ब्रिटिश सिंगर के फैंस दुनिया भर में मौजूद हैं। भारत में भी इस सिंगर को पसंद किया जाता हैसिंगर जेन मलिक का नया एल्बम 'कोन्नाकोल' काफी दिनों से चर्चा में था। जिस दिन यह एल्बम रिलीज होना था, उसी दिन सिंगर को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जेन ने अपना हेल्थ अपडेट म्यूजिक एल्बम 'कोन्नाकोल' के रिलीज होने के कुछ ही घंटों बाद दिया है। 2015 में वन डायरेक्शन म्यूजिक बैंड छोड़ने के बाद यह उनका पांचवां एल्बम है। बिलबोर्ड के मुताबिक जेन मलिक ने कहा, 'अब तक पांच सोलो एल्बम आ चुके हैं। मैं इस बात से बहुत उत्साहित था कि बैंड छोड़ने के बाद अपना पहला सोलो एल्बम बना पाया। लोगों ने भी उसमें दिलचस्पी दिखाई। मुझे इस बात पर प्राउड फील होता है। जेन मलिक के पिछले चार एल्बम बिलबोर्ड 200 चार्ट में जगह बना चुके हैं।



# भगवान वेंकटेश्वर का लिया आशीर्वाद

**मुंबई।** रविवार सुबह तमन्ना भाटिया ने तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के अवतार विष्णु के दर्शन किए। यह मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला की सात पहाड़ियों पर स्थित है। इसकी खास झलक तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। तमन्ना ने 19 अप्रैल को रविवार के दिन भगवान विष्णु के अवतार भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। यह प्राचीन मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। तमन्ना ने इसकी खास झलक अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मंदिर से एक खास वीडियो अपने फैंस के लिए शेयर किया है। इस वीडियो में तमन्ना माथे पर लाल बिंदी लगाए लाल चुनरी पहने नजर आ रही हैं, जिसके पीछे 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' भजन सुनाई दे रहा है।



# सलमान की फिल्म की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** सलमान खान फिल्म 'मातृभूमि' के बाद साउथ एक्ट्रेस नयनतारा के साथ अगली फिल्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा अपडेट मेकर्स ने साझा किया है। सलमान की इस फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर्स एक्साइटेड दिख रहे हैं। निर्देशक वामशी ने इंस्टाग्राम पर सलमान की आगामी फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा की है। निर्देशक ने एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर अपलोड की, जिस पर 'मुहूर्त' लिखा हुआ था। इस तरह वामशी ने फैंस को बताया कि सलमान और नयनतारा की एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शनिवार को इसका मुहूर्त शॉट किया गया। डायरेक्टर वामशी की पोस्ट और सलमान की फिल्म को लेकर कई बॉलीवुड सेलेब्स उत्साहित दिखे। इस पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए अनिल कपूर ने लिखा, 'वामशी, आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।'

टीवी मसाला



# अविनाश और ईशा के गाने शुक्रिया में दिखी शादी की झलक

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 से मशहूर हुई जोड़ी अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह एक बार फिर साथ नजर आ रही है। दोनों इस बार अंशुल गर्ग के गाने 'शुक्रिया' में दिखाई दे रहे हैं, जो फैंस के बीच दो ही दिन में पॉपुलर भी हो गया है। जब अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह ने 'बिग बॉस 18' में हिस्सा लिया था, तब वे जल्दी ही दर्शकों के पसंदीदा बन गए थे और लोग उन्हें एक साथ देखना पसंद करने लगे थे। उनकी केमिस्ट्री शो की खास बातों में से एक थी, और तभी से दर्शक उन्हें फिर से ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन साथ देखने का इंतजार कर रहे थे, जो अब आखिरकार पूरा हो गया है। हाल ही में दोनों ने अपने हाथों की एक तस्वीर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया था, जिससे लोग सोचने लगे थे कि दोनों क्या नया करने वाले हैं। अब यह साफ हो गया है कि अविनाश और ईशा ने 'शुक्रिया' नाम के एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ काम किया है, जिसे अंशुल गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। अंशुल गर्ग अपने गानों में फेमस जोड़ियों को साथ लाने के लिए जाने जाते हैं, और इस बार भी उन्होंने वही किया है। यह गाना आज रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो में अविनाश और ईशा की एक प्यारी सी लव स्टोरी दिखाई गई है, जिसमें वे शादी की रस्में निभाते नजर आते हैं, जैसे हल्दी और फेरे। उनकी वापसी से दर्शकों में काफी खुशी है और दोनों की केमिस्ट्री ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। फैंस उनकी जोड़ी और बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। गाने में हल्दी, मेहंदी और शादी से लेकर सभी खास पलों को दिखाया गया है।

## शाहरुख के लिए लिख चुकी हैं गाना



**नई दिल्ली।** 'शाका लाका बूम बूम' की ऋतु याद है, जो टॉम बॉय थी और लड़कों से भी भिड़ जाती थी? वह रोल साईनी राज ने निभाया था। वह अब एक्टिंग छोड़ चुकी हैं और शाहरुख खान के लिए गाना भी लिख चुकी हैं। 26 साल में वह काफी बदल चुकी हैं। ऋतु के किरदार को साईनी राज ने निभाया था, जो एक पॉपुलर चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। साईनी राज एक कवयित्री, राइटर, लिरिसिस्ट और एक वर्चुअल बुक क्लब की फाउंडर हैं। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान 'सब सही जाएगा' गाना लिखा था, जिसे शाहरुख खान ने गाया था। यही नहीं, साईनी राज रैपर और सिंगर बादशाह के साथ भी काम कर चुकी हैं और एक शॉर्ट फिल्म भी लिखी। हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचने के लिए साईनी राज ने खूब रिजेक्शन झेला था। साईनी राज ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 7 साल की उम्र में की थी। उन्होंने जो पहला एक्ट किया था, उसके लिए 300 रुपये मिले थे। हालांकि, साईनी राज का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। उन्होंने एक बार बताया था कि विज्ञापनों के लिए वह 300 बार तक ऑडिशन दे चुकी थीं।



# निकिता ने मिस इंडिया वर्ल्ड साध्वी को पहनाया ताज, ईशान ने किया परफॉर्म...

**नई दिल्ली।** 18 अप्रैल को भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस भव्य प्रोग्राम में गोवा की साध्वी सैल ने मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का खिताब जीता है। उन्होंने भारत की 30 प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर यह सौंदर्य प्रतियोगिता जीती है। मिस इंडिया प्रतियोगिता में कई पल बहुत खास रहे। मिस इंडिया प्रतियोगिता में विजेता के तौर पर साध्वी सैल के नाम का ऐलान हुआ। इसके बाद उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल ने ताज पहनाया। यह पल काफी खास था। अब साध्वी मिस इंडिया प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

***पहली और दूसरी रनरअप को पहनाया गया ताज :*** साध्वी ने राजनंदिनी और अद्वैता को पछाड़कर यह खिताब अपने नाम किया है। मिस इंडिया 2026 में महाराष्ट्र की रहने वाली राजनंदिनी फर्स्ट रनर अप रहीं। वहीं, चेन्नई की रहने वाली अद्वैता सेकंड रनर अप बनीं। राजनंदिनी फेमिना मिस इंडिया महाराष्ट्र रह चुकी हैं। वहीं अद्वैता फेमिना मिस इंडिया यूनियन टेरिटरी रह चुकी हैं। प्रतियोगिता में इन दोनों को ताज पहनाया गया। इस मौके पर साध्वी ने भी खुशी जताई।

***नेहा ने किया साध्वी को सम्मानित :*** यह बहुत ही हैरानी भरा पल था, जब मिस इंडिया के नाम का एलान हुआ। विनर के तौर पर जब साध्वी के नाम का एलान हुआ, तो वह हैरान हो गईं। वह लगभग रोने वाली थीं। विजेता के तौर पर उनके नाम की घोषणा होने के बाद अभिनेत्री नेहा धूपिया ने उन्हें सम्मानित किया।

***जुबिन ने दी परफॉर्मेंस :*** भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता में ईशान खट्टर ने एनर्जी से भरपूर परफॉर्मेंस दी। वहां मौजूद लोगों ने उनके डांस की तारीफ की। इसी कड़ी में जुबिन नौटियाल ने भी परफॉर्मेंस दी। उनकी आवाज ने प्रोग्राम में समां बांध दिया।

***लॉरेन ने डांस से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध :*** अमेरिकी डांसर और अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने 61वें फेमिना मिस इंडिया 2026 के ग्रैंड फिनाले में डांसर के तौर पर शानदार परफॉरमेंस दी। उन्होंने अपने मूव्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण को दर्शाते हुए डांस किया।

# दूसरी बार मां बनने वाली हैं दीपिका

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह के सितारे बुलंदी पर हैं। प्रोफेशनल फ्रंट पर वे 'धुरंधर 2' को लेकर तारीफें बटोर रहे हैं। वहीं, निजी जिंदगी में भी एक्टर की जिंदगी में खुशियों ने दस्तक दी है। वे दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने रविवार को फैंस के साथ खुशखबरी साझा की है। वे दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। दीपिका पादुकोण ने दूसरी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी अपनी बिटिया दुआ के हाथों साझा की है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उनकी बिटिया दुआ नजर आ रही हैं। पापा रणवीर ने बेटी को गोद में थामा हुआ है। हालांकि, रणवीर का चेहरा नहीं दिख रहा, सिर्फ हाथ नजर आ रहे हैं। वहीं, दुआ का आधा चेहरा दिख रहा है। उनके हाथों में प्रेग्नेंसी किट है। इसके साथ दीपिका ने कैप्शन में इविल आई इमोजी लगाई है। दीपिका पादुकोण के पोस्ट पर फैंस बधाई दे रहे हैं। साथ ही कई सेलेब्स ने भी रिएक्शन दिए हैं और कपल को बधाई दे रहे हैं। परिणीति चोपड़ा, अनन्या पांडे, सामंथा रुथ प्रभु, कियारा आडवाणी, फलक नाज, दानिश पंडोर सहित कई सेलेब्स ने बधाई दी है और रेड हार्ट इमोजी पोस्ट



किए हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने साल 2018 में शादी रचाई थी। शादी के करीब छह साल बाद कपल ने पहली संतान के रूप में बेटी दुआ का स्वागत किया। दीपिका और रणवीर की बिटिया दुआ का जन्म 8 सितंबर 2024 को हुआ था। अब वे दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। दुआ अब दीदी बनने वाली हैं।

## मौत के 30 साल बाद बने नंबर वन कंपोजर

# मदन मोहन की 1950 की वो धुन, जिससे निकला वीर जारा का हिट गाना

*नई दिल्ली। मदन मोहन की एक ऐसी धुन के बारे में बता रहे हैं, जिसे उन्होंने 1950 में कंपोज किया था, पर यह 2004 में जाकर ब्लॉकबस्टर हुई। दुख की बात है कि तब तक मदन मोहन यह सोचते-सोचते ही इस दुनिया से चले गए कि वो किसी काम के नहीं। मौत के 30 साल बाद वह नंबर वन कंपोजर बने। उस धुन से जो गाना बना था, वो है 'तेरे लिए हम हैं जिए'। इस शख्स को 'गजल किंग' बुलाया जाता है। स्वर कोकिला लता मंगेशकर तो उन्हें 'गजल का शहजादा' कहकर बुलाती थीं। उन्होंने आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे, नैना बरसे रिमझिम रिमझिम और ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं जैसे सुपरहिट गाने दिए। अपने कॅरियर में उन्होंने करीब 700 से ज्यादा गाने कंपोज किए थे और वो सभी सुपरहिट रहे थे। यहां इस स्पेशल सेगमेंट में मदन मोहन के अलावा उनके उस गाने के बारे में बता रहे हैं, जो कंपोज तो 50 के दशक में किया गया था, पर साल 2004 में वह बंपर हिट हुआ था।*

**खूबसूरत कंपोजिशन :** मदन मोहन का पूरा नाम मदन मोहन कोहली था। उन्होंने 50, 60 और 70 के दशक में ढेरों गानों के लिए खूबसूरत मेलोडी और ट्यून्स बनाईं, गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और तलत महमूद के साथ मिलकर कई खूबसूरत और यादगार कंपोजिशन दीं। मदन मोहन कितने टैलेंटेड और अनमोल कंपोजर थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फिल्म 'वीर जारा' के सभी 11 गाने असल में उन्हीं के कंपोजिशन में बनाए गए। उन गानों को मदन मोहन की बनाई ट्यून्स से कंपोज किया गया, जिसमें बेटे संजीव कोहली ने मदद की।

## पुलिस फोर्स में थे मदन मोहन के पिता

मदन मोहन बगदाद में पैदा हुए थे और उनके पिता वहां इराकी पुलिस फोर्स में अकाउंटेंट जनरल के पद पर तैनात थे। बताया जाता है कि वहां की पुलिस फोर्स मदन के पिता पर बगदाद में ही रहने का दबाव बनाने लगी। पर पिता परिवार को लेकर पंजाब के झेलम के चकवाल गांव में आ गए। वो वहीं रहने लगे क्योंकि वहां पर उनका पुश्तैनी घर था। मदन मोहन के पिता फिर काम की तलाश में मुंबई चले गए और बेटे को उसकी दादी के पास छोड़ गए।



## दिल ढूंढता है...

ये वो ट्यून्स थीं, जो कभी मदन मोहन ने कंपोज की थीं, पर जीते जी उनका इस्तेमाल नहीं कर पाए थे, और जब मौत हुई तो बेटे संजीव के पास एक बॉक्स छोड़ गए थे, जिसमें उनकी कंपोज की हुई ट्यून्स और गजलें थीं। संजीव उन रिकॉर्डिंग और टेप को बार-बार सुनते रहते थे,क्योंकि वह पिता की आवाज सुनना चाहते थे। फिर अचानक ही संजीव ने एक टेप में ऐसी ट्यून सुनी जो कभी रिलीज ही नहीं हुई थी। वह फिल्म 'मौसम' के गाने 'दिल ढूंढता है' का ऑल्टर्नेट वर्जन था।

## तेरे लिए हम हैं जिए...

उस गाने से करीब 30 ट्यून्स को 'वीर जारा' में इस्तेमाल किया गया। जब यश चोपड़ा 'वीर जारा' बना रहे थे, तो ऐसे गाने चाहते थे जो टाइमलेस हों, सदाबहार हों। तब संजीव कोहली ने उन्हें पिता की टेप्स और रिकॉर्डिंग के बारे में बताया। यह सुनकर यश चोपड़ा ने उन्हें सभी टेप्स-रिकॉर्डिंग सुनने को कहा। संजीव उस गाने से करीब 30 ट्यून्स निकालकर यश चोपड़ा के ऑफिस पहुंचे। यश चोपड़ा को सभी ट्यून्स पसंद आ गए और फिर 'दिल ढूंढता है' गाने का 'वीर जारा' में ऑल्टर्नेट वर्जन बना, जिसके बोल हैं 'तेरे लिए हम हैं जिए'... इस तरह मदन मोहन की बदौलत 'वीर जारा' का ऐतिहासिक म्यूजिक बना और सभी गाने ब्लॉकबस्टर रहे।

## शराब में डूबे और सड़ गया लिवर

मदन मोहन ने अपने करियर में कई हिट गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर संग उनकी जोड़ी खूब जमी। पर शराब पीने के कारण उनका लिवर सड़ने लगा और खराब हो गया। इसके कारण 14 जुलाई 1975 को मदन मोहन का निधन हो गया। बताया जाता है कि एक समय के बाद मदन मोहन को काफी स्ट्रगल करना पड़ा। जहां इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत में उनके कई गाने रिलीज नहीं किए गए, वहीं बाद में उन्हें गाने और बनाने का मौका मिलना मुश्किल हो गया। दरअसल, उस वक्त हर एक्टर-डायरेक्टर के अपने म्यूजिक कंपोजर्स थे। राज कपूर से लेकर दिलीप कुमार और देवानंद जैसे स्टार्स के अपने-अपने कंपोजर्स थे।

# निकाय चुनाव को लेकर भाजपा का मंथन, जल्द हो सकता है उम्मीदवारों का ऐलान

■ पार्टी चुनाव समिति की दिल्ली के हरियाणा भवन में बैठक ■ केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को लेकर मैदान में उतरेगी पार्टी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेश चुनाव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में 6 जिलों के सात स्थानों पर होने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर व्यापक मंथन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कृष्ण पाल गुर्जर, राव इंद्रजीत सिंह, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव, संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ सहित चुनाव समिति में शामिल अनेक नेता मौजूद रहे। बैठक में यह तय किया गया कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की राय को महत्व दिया जाएगा। बैठक में निकाय चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सभी नेताओं ने चुनावी रणनीति, बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेगी पार्टी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक के दौरान कहा कि भाजपा सरकार की जनहितकारी नीतियों और विकास कार्यों के आधार पर पार्टी नगर निकाय चुनावों में भी शानदार प्रदर्शन करेगी। उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरने का आह्वान किया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने निकाय चुनाव से संबंधित तय कार्यक्रमों की जानकारी बैठक में रखी। प्रदेश अध्यक्ष ने संकल्प पत्र के लिए शनिवार को हुई बैठक का जिक्र करते हुए तय हुए बिंदुओं 40 को भी सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों के चयन को लेकर चुनावी छह जिलों, रेवाड़ी, रोहतक, हिसार, सोनीपत, अंबाला और पंचकूला में बड़े स्तर पर रायशुमारी की गई है। बड़ौली ने संगठन की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनआशीर्वाद से पूर्ण बहुमत के साथ निकाय चुनाव में भाजपा जीत दर्ज करेगी।

## गैंगरेप के आरोपियों को वकीलों ने घेरकर पीटा

**भोपाल।** प्रदेश के महू कोर्ट परिसर में गुस्साए वकीलों ने गैंगरेप के आरोपियों की धुनाई कर डाली। मामला इतना बिगड़ा कि आरोपियों को भीड़ से छुड़वाने में पुलिस के पसीने छूट गए। दरअसल, 14 अप्रैल, मंगलवार को बेरछा के जंगल में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया था, जिसके आरोपियों को 18 अप्रैल को महू कोर्ट में लाया जा रहा था। इससे पहले कोर्ट परिसर में वकीलों ने चारों ओर से घेर लिया और अचानक सभी एक साथ आरोपियों पर टूट पड़े।

एकात्म पर्व के दूसरे दिन अध्यात्म, पर्यावरण और संस्कृति का अनूठा समागम

# एक ओंकार की अनुगूंज सर्वप्रथम इसी ओंकारेश्वर की पुण्य भूमि से हुई

**आचार्य शंकर** का अवतरण लोक कल्याण के लिए हुआ, जिन्होंने राष्ट्र को एक सूत्र में जोड़ा

**पर्यावरण हमसे** अलग नहीं है, अपितु यह हमारा ही एक हिस्सा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुण्य सलिला नर्मदा के पावन तट ओंकारेश्वर में आयोजित 'एकात्म पर्व' के दूसरे दिन अध्यात्म, पर्यावरण और संस्कृति का एक अनूठा समागम देखने को मिला। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास की ओर से आयोजित इस महोत्सव में देश के प्रख्यात संतों और विचारकों ने आदि गुरु शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन की वैश्विक प्रासंगिकता पर गहन विमर्श किया। जहां एक ओर गुरुवाणी और वेदांत के साझा सूत्रों को तलाशा गया, वहीं दूसरी ओर प्रकृति को स्वयं का ही विस्तार मानकर उसके संरक्षण का संकल्प दोहराया गया।

शाम ढलते ही ओड़िसी और भरतनाट्यम की शास्त्रीय मुद्राओं ने शंकर के कालजयी स्तोत्रों को मंच पर जीवंत कर दर्शकों को एकात्म भाव के आनंदमय रस में सराबोर कर दिया। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास की ओर से 17 से 21 अप्रैल तक चल रहे पंच दिवसीय एकात्म पर्व के दूसरे दिन सिख संप्रदाय पर विशेष सत्र हुआ, जिसमें गुरु ग्रन्थ साहिब से लेकर अद्वैत दर्शन की चर्चा हुई। इस सत्र में निर्मल अखाड़ा के महंत दर्शन सिंह ने कहा कि गुरुनानक देव गुरुवाणी का मंगलाचरण अद्वैत से ही करते है। एक ओंकार की अनुगूंज सर्वप्रथम इसी ओंकारेश्वर की पुण्य भूमि से हुई है। उन्होंने कहा कि सभी शास्त्रों के पीछे की मूल शक्ति है एक ओंकार ही है। उन्होंने कहा कि गुरुवाणी में ब्रह्म के अनेक उदाहरण है, ब्रह्म ही इस संसार का आधार है।

प्रख्यात संतों विचारकों ने आदि गुरु शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन की वैश्विक प्रासंगिकता पर किया विमर्श


एकात्म पर्व' में संबोधित करते संत।

### हम प्रकृति के संरक्षक हैं, मालिक नहीं: डॉ. बालकृष्ण

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, नई दिल्ली के राष्ट्र प्रमुख डॉ. बालकृष्ण पिसुपति ने अपने वक्तव्य में अद्वैत के श्लोक 'ब्रह्म सत्य जगत मिथ्या' का उदाहरण लेते हुए बताया कि पर्यावरण हमसे अलग नहीं है, अपितु यह हमारा ही एक हिस्सा है इसलिए किसी भी चीज को अलग समझना भ्रम है। बालकृष्ण ने कहा कि पानी और जीव-जगत किसी सीमा को नहीं मानते, लेकिन मनुष्य ने सदैव उन्हें बाँटने की कोशिश की है। यही सोच पर्यावरण समस्याओं को जन्म देती है। हम पर्यावरण संसाधनों के मालिक नहीं हैं, बल्कि उसके संरक्षक हैं। हमें अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की जरूरत है।

### अद्वैत दर्शन, मिशन की व्यापक भूमिका पर चर्चा

रामकृष्ण मिशन पर आधारित सत्र में स्वामी जापसिद्धानंद, स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी तथा स्वामी सर्वभद्रानंद ने सहभागिता की। इस सत्र में वक्ताओं ने रामकृष्ण परमहंस के जीवन, उनके अद्वैत दर्शन तथा मिशन की व्यापक भूमिका पर गहन विचार प्रस्तुत किए। स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी के अनुसार, रामकृष्ण मिशन को केवल एक संस्था के चश्मे से देखना इसकी व्यापकता को सीमित करना होगा। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि रामकृष्ण मिशन वास्तव में श्री रामकृष्ण और उनके मिशन का एक जीवंत विस्तार है। उन्होंने अपने विचारों को चार मुख्य स्तंभों, रामकृष्ण परमहंस का जीवन दर्शन, उनके शिष्यों का योगदान, संस्थागत ढांचा और समाज पर प्रभाव, में विभाजित कर प्रस्तुत किया।

### मनुष्य निरंतर मिट्टी, जल, हवा दूषित कर रहा है: चेतन सिंह

सौर गांधी के नाम से प्रसिद्ध चेतन सिंह सोलंकी ने अद्वैत एवं पर्यावरण विषय पर बोलते हुए कहा कि विज्ञान प्रगति कर रहा है परंतु पृथ्वी का आकार, संसाधन नहीं बढ़ रहा है और मनुष्य निरंतर मिट्टी, जल, हवा दूषित कर रहा है। चेतन ने सत्र के दौरान अद्वैत कैसे पर्यावरण की रक्षा कर रहा है, सब में ब्रह्म है तो पर्यावरण दूषित क्यों हो रहा है? यूएन के नियमों को किस तरह से अद्वैत से जोड़ सकते हैं, जिससे सब के लिए समान नियम बने जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न वक्ताओं से पूछे और साथ ही उन्होंने कहा कि हम कुछ न करके भी पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते है। उन्होंने कहा कि हमारी जरूरतें बढ़ रही है, परन्तु पृथ्वी सीमित है इसलिए हमारी जरूरतें सीमित होनी चाहिए।

### परमहंस जैसे संत विरले होते हैं, जो यह कह सकें कि वे ईश्वर के साक्षात दर्शन करा सकते हैं

स्वामी सर्वभद्रानंद ने बताया कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने सन 1897 में अपने शिष्यों के साथ मिलकर रामकृष्ण आश्रम की स्थापना की। उन्होंने यह भी कहा कि परमहंस जैसे संत विरले होते हैं, जो यह कह सकें कि वे ईश्वर के साक्षात दर्शन करा सकते हैं। स्वामी जापसिद्धानंद ने अद्वैत की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए तोतापुरी बाबा के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार तोतापुरी बाबा ने रामकृष्ण परमहंस को निर्विकल्पता की ओर अग्रसर किया। मां काली के साकार रूप के कारण ध्यान में आने वाली बाधाओं के बावजूद उन्होंने निर्विकल्प समाधि का अनुभव प्राप्त किया।

निगम आयुक्त की कार्रवाई

## 100 करोड़ से अधिक के जमीन घोटाला मामले में चार निलंबित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम में कथित 100 करोड़ रुपये से अधिक के जमीन घोटाले ने प्रशासनिक तंत्र को झकझोर दिया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए निगम आयुक्त विश्वदीप ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें तत्कालीन जोन-10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, इंजीनियर योगेश यादव और अजय श्रीवास्तव शामिल हैं।

जांच में खुलासा हुआ है कि लगभग 150 एकड़ से ज्यादा जमीन को नियमों के विपरीत वैध करने की प्रक्रिया अपनाई गई। इस दौरान निगम मुख्यालय को नजरअंदाज करते हुए फाइलें सीधे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग भेजी गईं। जांच समिति ने पाया कि 70 से अधिक खसरा नंबरों से जुड़ी फाइलें गायब हैं और कई बार मांगने के बावजूद मूल दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। इससे पूरे मामले में गंभीर अनियमितताओं और मिलीभगत की आशंका और गहराई है।

### अवैध कॉलोनियों को वैध बनाने की कोशिश

यह मामला बोरियाखुर्द, ओम नगर, साई नगर और बिलाल नगर क्षेत्रों से जुड़ा है, जहां अवैध कॉलोनियों को वैध बनाने की कोशिश की गई। रिपोर्ट में बिल्डरों, दलालों और कुछ अधिकारियों के बीच गठजोड़ के संकेत भी मिले हैं। विपक्ष ने इसे बड़ा घोटाला बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्रशासन ने विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सक्ती जिले के सिंघीतराई गांव की घटना

## पावर प्लांट ब्लास्ट मामले में मृतकों की संख्या 24 हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के सिंघीतराई गांव में मंगलवार की दोपहर वेदांता पावर प्लांट में हुए ब्लास्ट की घटना में मृतकों की संख्या अब 24 तक पहुंच चुकी है।

रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती एक मजदूर की आज सुबह मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, वेदांता पावर प्लांट हादसे में मृतकों की संख्या अब 24 तक पहुंच चुकी है। शनिवार को राजधानी रायपुर में दो मजदूरों किस्मत अली, उपेन्द्र साह के अलावा रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती सुब्रोतो जना की मौत हो गई थी। वहीं, आज सुबह 7 बजे एक अन्य मजदूर मनीष कुमार निवासी- झारखंड की मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में मौत हो गई है। इस तरह वेदांता पावर प्लांट हादसे में अब तक 24 मौत हो चुकी है, वहीं 9 लोगों का अभी भी रायगढ़ के अलग-अलग अस्पताल में इलाज जारी है।

कुसमुंडा क्षेत्र में वाहन चोरी का प्रयास

## वाहन स्टार्ट कर जैसे ही चोर भागे, पेड़ से टकरा गया, मंसूबा फेल

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र में चोरों ने बीती रात एक कोयला व्यवसायी के वाहन को अपना निशाना बनाया। चोरों ने वाहन को चोरी की नीयत से स्टार्ट कर भागने का प्रयास किया, लेकिन वाहन सामने खड़े एक पेड़ से टकरा गया। टक्कर के कारण वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और चोर उसे लेकर फरार होने में असफल रहे। वाहन को नुकसान पहुंचने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। वाहन मालिक लक्ष्मी दास ने बताया कि रात को ड्राइवर वाहन लेकर आया और घर के बाहर खड़ा कर अपने घर चला गया, फिर से सुबह सात बजे चाबी लेने पहुंचा तो गाड़ी अपनी जगह पर नहीं थी। वाहन थोड़ी दूर नर्सरी जंगल में पेट से टकराया हुआ क्षतिग्रस्त हालत में मिला। वहीं, खून के निशान भी मिले हैं ऐसा लगता है कि चोर चोरी कर भाग रहा था और एक्सीडेंट होने के बाद मौके से फरार हो गए हैं। वाहन मालिक ने इसकी शिकायत कुसमुंडा थाना पुलिस से की है, पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।



एमपी ई-सेवा से डिजिटल गवर्नेंस को मिला सशक्त आधार

## 56 विभागों की 1700 सेवाएं एक ही पोर्टल पर उपलब्ध सेवा वितरण प्रणाली अधिक जवाबदेह एवं सुव्यवस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल एप' के माध्यम से डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त आधार मिला है। इससे नागरिक सेवाएं अब अधिक सरल, सुगम और सुलभ हुई हैं। डिजिटल तकनीक आज सुशासन की आधारशिला बन चुकी है। प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ते हुए देश में नई पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर जाने की जरूरत नहीं है, बल्कि एक ही मंच पर सभी सुविधाएं सहज, त्वरित और पारदर्शी रूप में उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पहल से सेवा वितरण प्रणाली अधिक जवाबदेह और सुव्यवस्थित बनी है। साथ ही नागरिकों के समय एवं संसाधनों की बचत सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध करा रहा है। वर्ष 2026 तक 100 प्रतिशत ई-सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो प्रदेश को डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) के सेंटर फॉर एक्सीलेंस की ओर से विकसित यह प्लेटफॉर्म नागरिकों, विभागों एवं सेवाओं को एकीकृत डिजिटल इको-सिस्टम में जोड़ते हुए सुशासन को और अधिक प्रभावी तथा परिणामोन्मुख बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

### एकीकृत पोर्टल पर सभी सेवाएं-प्रक्रिया हुई सरल

एमपी ई-सेवा पोर्टल पर विभिन्न विभागों की 1700 सेवाओं को एकीकृत कर नागरिकों को बार-बार अलग-अलग पोर्टल पर जाने और दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता समाप्त की गई है। नागरिक अब **eseva.mp.gov.in** और मोबाइल एप के माध्यम से पात्रता जांच, आवेदन, स्टेटस ट्रैकिंग और अनुमोदन जैसी सभी सुविधाए एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकते हैं। पोर्टल पर आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-साइन और डिजिटल प्रमाणपत्र की व्यवस्था से पूरी प्रक्रिया पेपरलेस और फेसलेस बनाई गई है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता दोनों में वृद्धि हुई है।

### समग्र पोर्टल से एकीकरण: ऑटो-वेरिफिकेशन की सुविधा

'एमपी ई-सेवा' को समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के समग्र पोर्टल से जोड़ा गया है। प्रत्येक परिवार को 8 अंकीय परिवार आईडी और हर सदस्य को 9 अंकीय सदस्य आईडी दी गई है। इससे ऑटो-वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को सक्षम बनाया गया है। इससे पात्रता निर्धारण स्वतः हो जाता है और अनावश्यक देरी व दोहराव समाप्त होता है। पोर्टल की प्रमुख विशेषता 'ऑटो-फेचिंग डॉक्युमेंट्स' है।

### सुगम, सुरक्षित एवं नागरिक केंद्रित 'एप-डिज़ाइन'

एमपी ई-सेवा पोर्टल को मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ विकसित किया गया है। इसमें बहुभाषीय सुविधा के साथ दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष डिज़ाइन किया गया है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के नागरिक आसानी से इसका उपयोग कर सकें। प्लेटफ़ॉर्म पर अब तक 2 लाख 14 हजार से अधिक ट्रांसेक्शन दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें 3 हजार 446 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### डिजिटल गवर्नेंस में प्रदेश की सशक्त उपस्थिति

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण आकलन (एनईएसडीए) 2025 रिपोर्ट में मध्यप्रदेश ने 1752 ई-सेवाओं को मैप कर सभी 56 अनिवार्य विभागीय सेवाओं को 100 प्रतिशत एकीकृत करते हुए देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया।प्रदेश को 'साइबर तहसील' के लिए प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार तथा 'संपदा 2.0' के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं, जो डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों को दर्शाते हैं।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोले सीएम

## कांग्रेस पार्टी महिला विरोधी, देश की आधी आबादी को किया अधिकारों से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




भारतीय जनता पार्टी ने महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला है। प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मामले को लेकर कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए महिला विरोधी बताया है।

सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक हमारी माताओं-बहनों के लिए लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33% आरक्षण का मार्ग प्रशस्त करने वाला था। लेकिन, परिवारवादी राजनीति और वोट बैंक को साधने के लिए कांग्रेस ने देश की 70 करोड़ महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। देश की आधी आबादी को नेतृत्व के अधिकार से वंचित करने के उद्देश्य से महिला आरक्षण की राह में बाधा डालने का जो 'महापाप' कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने किया है, उसका परिणाम उन्हें अवश्य भुगतना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ सहित देश की समस्त नारीशक्ति आने वाले समय में कांग्रेस को करारा जवाब देगी। महिला विरोधी कांग्रेस और इंडी गठबंधन को देश की जनता अब और बर्दाश्त नहीं करेगी।

कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर भी हुई बैठक में बात

## कांग्रेस को गांव-गांव तक जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने पर विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में शनिवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश के सभी जिला प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने की।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, संगठन महामंत्री संजय कामले, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव उषा नायडू, संजय दत्त सहित प्रदेश के सभी वरिष्ठ जिला प्रभारीगण उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी को गांव-गांव तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त करने पर जोर दिया गया।

### प्रदेश कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में जिला प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



कांग्रेस प्रदेश प्रभारी चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने पदाधिकारियों से चर्चा की।

### अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति दें

*बैठक में सभी जिला प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति दें तथा आम जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाते हुए कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को हर वर्ग तक पहुंचाया जाएगा।*

## चिंतन

# सड़कों को न बनने दें 'मौत' का गलियारा

देश में सड़क हादसों की बढ़ती संख्या अब एक सामान्य बात नहीं रह गई है, बल्कि यह हमारी प्रशासनिक व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग और कानून के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी ताजा निर्देश केवल कानूनी आदेश नहीं, बल्कि एक चेतावनी हैं। यह चेतावनी उस सिस्टम के लिए है, जिसने सड़कों को सुरक्षित बनाने के बजाय कई जगहों पर उन्हें मौत का गलियारा बनने दिया। अदालत ने साफ कहा है कि एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे "खतरे के गलियारे" नहीं बनने चाहिए। यह टिप्पणी यूं ही नहीं आई। इसके पीछे वे दर्दनाक हादसे हैं, जिनमें एक ही दिन में दर्जनों लोगों की जान चली जाती है। राजस्थान, हरियाणा, यूपी और तेलंगाना की हालिया घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि हमारी सड़कों पर खतरा केवल वाहन चलाने की गलती से नहीं, बल्कि अव्यवस्थित सिस्टम और लापरवाही से भी पैदा होता है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि देश की कुल सड़क लंबाई में नेशनल हाईवे का हिस्सा महज 2% है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 30% है। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि समस्या कितनी गहरी है। हाईवे, जो तेज और सुरक्षित यात्रा के लिए बनाए जाते हैं, वही सबसे ज्यादा जानलेवा साबित हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जो दिशा-निर्देश दिए हैं, वे इस समस्या के मूल कारणों को संबोधित करते हैं। भारी और कमर्शियल वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग पर रोक, अवैध ढाबों और निर्माणों को हटाने का आदेश, एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए निगरानी। ये सभी कदम न केवल जरूरी हैं, बल्कि लंबे समय से लंबित भी थे। खासकर हाईवे के किनारे अवैध निर्माण और बिना योजना के विकसित ढाबे, अक्सर हादसों का बड़ा कारण बनते हैं, लेकिन भारत में समस्या आदेशों की कमी नहीं, उनके क्रियान्वयन की है। पहले भी सड़क सुरक्षा को लेकर कई गाइडलाइंस और नियम बनाए गए, लेकिन उनका असर सीमित ही रहा। कारण साफ है, जिम्मेदार एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी और जवाबदेही का अभाव। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, राज्य पुलिस, परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन इन सभी की भूमिकाएं स्पष्ट हैं, लेकिन जब हादसा होता है, तो जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है। अदालत ने इस बार टास्क फोर्स और एसओपी के जरिए इस कमी को दूर करने की कोशिश की है। केवल सिस्टम लगाना पर्याप्त नहीं, उसका सही उपयोग और नियमित निगरानी भी उतनी ही जरूरी है। सड़क सुरक्षा को केवल सरकारी जिम्मेदारी मानना भी अधूरा दृष्टिकोण है। इसमें आम नागरिकों और वाहन चालकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। ट्रैफिक नियमों का पालन, ओवरस्पीडिंग से बचाव और सड़क पर अनुशासन, ये सभी पहलू हादसों को कम करने में मदद कर सकते हैं, लेकिन यह भी सच है कि जब सिस्टम ही अव्यवस्थित हो, तो व्यक्तिगत सावधानी भी कई बार पर्याप्त नहीं होती। हाईवे केवल विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व भी हैं। अंततः, सड़कें केवल दूरी कम करने का माध्यम नहीं होतीं, वे जीवन से जुड़ी होती हैं। अगर इन सड़कों पर सफर करना जोखिम भरा हो जाए, तो विकास का पूरा मॉडल ही सवालों के घेरे में आ जाता है। इसलिए जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को सख्ती से लागू किया जाए और सड़क सुरक्षा को नीतिगत प्राथमिकता बनाया जाए, क्योंकि हर हादसा सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि एक परिवार की अपूरणीय क्षति होती है और इसे रोकना ही असली जिम्मेदारी है।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# महिला आरक्षण की फिर वही परिणति

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के लिए यह पहला अवसर है, जब कोई विधेयक पारित होने से लोकसभा में वंचित रह गया। 1996 से महिलाओं को लोकसभा और राज्य की विधानसभा में आरक्षण देने का मामला लटका हुआ है और विरोधी किसी न किसी बहाने इसमें अड़चन डालते आ रहे हैं। किसी का तर्क कुछ भी हो, निष्कर्ष यही है, वही प्रक्रिया फिर दोहराई गई है। अब इसमें गुणात्मक अंतर यह है कि मोदी सरकार ने सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से 33% महिलाओं के आरक्षण का कानून संसद द्वारा पारित करवा लिया है। इसलिए उसको लागू तो होना है, किंतु अब विधेयक के गिर जाने से 2029 लोकसभा चुनाव में यह लागू नहीं हो सकता।

लगभग 12 वर्षों के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के लिए यह पहला अवसर है, जब कोई विधेयक पारित होने से लोकसभा में वंचित रह गया। 1996 से महिलाओं को लोकसभा और राज्य की विधानसभा में आरक्षण देने का मामला लटका हुआ है और विरोधी किसी न किसी बहाने इसमें अड़चन डालते आ रहे हैं। किसी का तर्क कुछ भी हो, निष्कर्ष यही है, वही प्रक्रिया फिर दोहराई गई है। अब इसमें गुणात्मक अंतर यह है कि मोदी सरकार ने सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से 33% महिलाओं के आरक्षण का कानून संसद द्वारा पारित करवा लिया है। इसलिए उसको लागू तो होना है, किंतु अब विधेयक के गिर जाने से 2029 लोकसभा चुनाव में यह लागू नहीं हो सकता।

इसके लिए हमें 2034 की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। दरअसल, 2023 के अधिनियम में यह प्रावधान था कि अगली जनगणना और फिर परिसीमन हो जाने के बाद इसे लागू किया जाएगा। तब अनुमान यह था कि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया 2029 तक पूरी हो चुकी होगी, इसलिए इसे लागू करने में समस्या नहीं होगी। चूंकि यह पूरी नहीं हुई तो नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे संविधान संशोधन के जरिए तत्काल लागू करने का रास्ता चुना। पूरे प्रकरण का कठोर सच यह है कि इन तीनों विधेयकों में ऐसा कुछ नहीं था, जिसको आशंका की दृष्टि से देखा जाए और जिसका इस सीमा तक विरोध हो कि काले झंडे और काले बिल्ले तक पार्टियां व सांसद लगा लें। इनमें संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 लोकसभा की सीटों की अधिकतम संख्या को बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान करता था। इनमें राज्यों के लिए 815 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें थीं। दूसरा,परिसीमन विधेयक, 2026 नई जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के लिए परिसीमन आयोग के गठन का प्रावधान करता था। तीसरा, केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में महिला आरक्षण लागू करने के लिए था। विपक्ष का मुख्य विरोध पहले विधेयक से था।

वस्तुतः संसद का विशेष सत्र आरंभ होने के पहले ही विपक्ष ने अविश्वसनीय रूप से विरोधी रुख अपनाकर अपने संसदीय व्यवहार का संकेत दे दिया था। विपक्ष के सभी नेताओं ने, जिनमें महिला सांसद भी शामिल हैं, नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन संबंधी विधेयकों का जैसा विरोध किया, उसमें साफ हो गया कि इसका पारित होना संभव नहीं है। भाजपा के मंत्रियों ने विपक्ष के नेताओं से बात करनी शुरू की। स्वयं प्रधानमंत्री ने दो पोस्ट से अपील की। इसके पहले वे अपने भाषण में अपील कर चुके थे कि श्रेय आप लोग ले लीजिए, लेकिन महिला आरक्षण में बाधा मत बनिए, लेकिन विपक्ष पहले से मन बनकर बैठा था। उन्होंने अपनी अपील में लिखा कि अपने घर में मां-बहन, बेटी -पत्नी सबको देखिए और उनके अधिकार के लिए विचार कर मतदान करिए। निष्पक्ष होकर विवेक, तथ्य और तर्क के साथ विचार करने वालों का निष्कर्ष है कि पूरा विरोध एकपक्षीय अतिवाद से ग्रस्त रहा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तो इसे देश विरोधी और देश को बांटने वाला विधेयक तक करार दिया। उन्होंने कहा कि ये देश



का भूगोल बदलना चाहते हैं, जो हम कभी नहीं होने देंगे। इससे अधिक अतिवादी वक्तव्य और कुछ नहीं हो सकता। अगर इरादा विधेयक पर बहस कर इसमें उचित संशोधन करना हो तो आपके भाषण में उससे संबंधित सुझाव होते हैं। सरकार की राजनीतिक आलोचना में समस्या नहीं है, किंतु पूरी बहस सामान्य आलोचना ही नहीं, विधेयक के विषय वस्तु से भी काफी दूर चला गया था। प्रश्न उठाया जा रहा था कि आखिर 850 सीटों का आपका आधार क्या है? इसी तरह के दक्षिण के राज्यों को इसमें नजरअंदाज किया जा रहा? बजट सत्र में गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के नेताओं से बातचीत शुरू की तो बताया होगा कि हर राज्य की 50% लोकसभा एवं विधानसभा की सीटें बढ़ाने का फार्मूला तय हुआ है। आज परिसीमन हो तो लोकसभा एवं विधानसभाओं की कितनी सीटें बढ़ सकतीं हैं। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से 120 हो रही हैं तो तमिलनाडु की 39 से 59। इसी तरह अन्य राज्यों के भी विवरण दिए गए। हंगामा इस पर भी था कि 2011 की जनगणना को आधार क्यों बनाया गया? गृह मंत्री का उत्तर था कि 2011 की जनगणना का आधार बनाते तो तमिलनाडु की सीट केवल 49 होती। यहां दो बातें समझने की हैं। एक, वर्तमान 543 सीटों में 33% आरक्षण क्यों नहीं दिया गया? 2023 में जब विधेयक पारित हुआ तभी उसमें जनगणना और परिसीमन का प्रावधान था। विपक्ष ने विरोध क्यों नहीं किया? 1996 से उसके विरोध के पीछे सबसे बड़ा कारण यही था कि आपसी बातचीत में नेता बोलते थे कि 543 में से 33% महिलाओं को मिल गया तो अनेक पुरुष नेताओं को घर बैठ जाना पड़ेगा और राजनीति का नाश हो जाएगा। पिछड़ों के आरक्षण आदि का बहाना बनाया गया, तो पुराने अनुभवों का ध्यान रखते हुए मोदी सरकार ने रास्ता निकाला कि 543 सीटें जस की तस रहें और बढ़ी 272 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हों, सहमति हुई तभी 2023 में कानून बन सका।

आज यह तर्क देने वाले अपनी सरकारों में इसके लिए तैयार नहीं थे। 1996 में विरोध करने वाले उस संयुक्त मोर्चा सरकार के साथी थे तो 2008 से 2010 तक विरोध करने वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के साथी। इनमें समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और कुछ समय तक जनता दल यूनाइटेड अग्रणी रहे। दूसरे दलों के सांसद भी साथ देते रहे। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 1998 और 1999 में महिला आरक्षण विधेयक चलाया किंतु आम सहमति नहीं बन सकी। 2010 में राज्यसभा में भाजपा के समर्थन से विधेयक पारित हुआ, किंतु उनके साथी दलों ने विरोध किया और लोकसभा में पारित करना मुश्किल था। दूसरे, हर 10 वर्ष पर संविधान लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों के जनसंख्या के आधार पर परिसीमन का प्रावधान करता है। 1971 तक नियमित होता रहा। 1976 में आपातकाल के समय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सरकार ने 42वां संशोधन कर 2001 तक लोकसभा एवं विधानसभाओं की सीटें न बढ़ाने का प्रावधान कर दिया। अगर दल वाकई महिला आरक्षण के पक्ष में होते तो विरोध जताते हुए कुछ संशोधन डालकर पारित कर देते। सीटों की संख्या की लिखित गारंटी के प्रश्न पर गृह मंत्री ने कहा कि आप विधेयक पारित करते हैं तो हम नया संशोधन सीटों की संख्या डालकर पेश करने को तैयार हैं।

वास्तव में कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों को दिखाना था कि हम संसद में नरेंद्र मोदी सरकार को पराजित कर सकते हैं। किसी नेता ने महिलाओं को आरक्षण न मिलने पर अफसोस प्रकट नहीं किया। महिलाओं के आरक्षण पर विरोधियों का जो रुख हमने 1996 से देखा, लगभग वही अलग रूपों में फिर संसद में था और इसी की परिणति विधेयक के गिरने के रूप में सामने आई।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आधी दुनिया
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# सत्ता में महिलाओं की भागीदारी वैश्विक औसत से बहुत दूर

संसद में महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण का बिल गिरने के साथ ही देश में सत्ता में महिलाओं की भागीदारी को लेकर नई बहस छिड़ गई है। जहां एक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश के माध्यम से महिलाओं से माफी मांगी है तो दूसरी ओर विपक्ष ने इसे अपनी बड़ी जीत और सरकार की हार बताया है। हालांकि विपक्ष यह भी कह रहा है कि उनका विरोध सीटों के परिसीमन से अधिक है। खैर, यह अलग बहस का विषय हो सकता है। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सत्ता में महिलाओं की हिस्सेदारी के मामलें में हम दुनिया के देशों से अभी काफी पीछे चल रहे हैं। दुनिया के 190 देशों के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो हमारे देश का स्थान 147वां आता है। दुनिया के देशों में सत्ता में महिलाओं की भागीदारी की बात करें तो वैश्विक स्तर औसत 27.5 फीसदी है। 30 महिला राष्ट्राध्यक्ष हैं तो दुनिया के केवल 8 देश ही ऐसे हैं, जहां महिलाओं की भागीदारी 50 फीसदी से अधिक है। रवांडा, क्यूबा, निकारागुआ, कोस्टारिका, बोलिविया, मैक्सिको, एंडोरा और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत से अधिक भागीदारी है। न्यूजीलैंड, डेनमार्क और आइसलैंड 45 से 50 प्रतिशत महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। आज हम महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी की बात कर रहे हैं, वहीं इस समय दुनिया के 56 देश ऐसे हैं, जहां सत्ता में महिलाओं का 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व है। एक मोटे अनुमान के अनुसार हालिया चुनावों में 14 राज्यों में महिलाओं की निर्णायक भूमिका रही है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भी 19 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने निर्णायक भूमिका निभाई। इसके साथ ही पिछले कुछ सालों के चुनाव परिणामों का विश्लेषण करें तो यह भी साफ हो जाता है कि लगभग सभी पार्टियों ने महिलाओं को केन्द्र में रखकर चुनाव घोषणा पत्र बनाये और महिलाओं को किसी भी नाम से योजना रखते हुए एक निश्चित राशि देने की बात प्रमुखता से की। बिहार, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश या अन्य प्रदेशों में लखपति दीदी या इसी तरह के नाम से मिलती-जुलती योजनाओं में राशि उपलब्ध कराने की रणनीति महिला वोटों को अपनी ओर करने की रही है। यह दूसरी बात है कि इसका लाभ किस पार्टी को अधिक मिला। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि राजनीतिक पार्टियां कहने को कुछ भी कहें या महिलाओं को आगे लाने की कितनी भी बात करें, पर विधानसभा और संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी तक बढ़ नहीं पाई है। 2009 की 15वीं लोकसभा के पहले तक तो हमारे देश में लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व दहाई की संख्या में भी आगे नहीं पहुंचा था। 15वीं लोकसभा में पहली बार 10.9 प्रतिशत प्रतिनिधित्व हो सका। 17वीं लोकसभा में महिलाओं की सर्वाधिक 14.4 प्रतिशत भागीदारी रही। जहां तक राजनीतिक दलों की बात है तो भले ही महिला आरक्षण बिल का अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के कारण कांग्रेस व अन्य विपक्षियों के साथ तृणमूल कांग्रेस ने भी विपक्ष में मतदान किया पर लोकसभा और राज्य सभा में टीएमसी दल की महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक है। जहां तक कांग्रेस का प्रश्न है तो उसकी भागीदारी 14.3 प्रतिशत और बीजेपी की भागीदारी 12.9 प्रतिशत है। अन्य दलों की भी कमोबेश यही स्थिति है। राज्यों ककी बात करें तो इस समय देश में सर्वाधिक महिला सदस्य छत्तीसगढ़ विधानसभा में हैं। छत्तीसगढ़ में कुल सदस्यों में 21.1 प्रतिशत महिला सदस्य हैं।

त्रिपुरा में 15 प्रतिशत महिला सदस्य हैं। बाकी देश के अन्य राज्यों में 15 प्रतिशत महिलाएं भी विधानसभा की सदस्य नहीं हैं। नागालैंड देश का ऐसा प्रदेश है, जहां सबसे कम महिला सदस्य हैं। कर्नाटक जैसे राज्य में भी पांच प्रतिशत से कम महिला विधानसभा सदस्य हैं। इससे यह तस्वीर साफ हो जानी चाहिए कि जब तक संवैधानिक बाध्यता नहीं होगी, तब तक महिलाओं की भागीदारी लाख प्रयासों के बावजूद नहीं बढ़ने वाली है। इसके लिए एक सीमा तक सीटों का आरक्षण करना ही होगा। इसका जीता-जागता उदाहरण पंचायतीराज व स्थानीय स्वशासन संस्थाएं हैं, जहां महिलाओं की सीटें आरक्षित होने से आज तस्वीर ही बदल गई है। यदि महिलाओं की सत्ता में सहभागिता बढ़ानी है तो महिला सीटों का आरक्षण करना ही होगा। राजनीतिक दलों को आपसी आग्रह दुराग्रहों से हटकर इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। गैरसरकारी संगठनों को भी इस दिशा में देश में माहौल बनाना चाहिए। यह अवश्य है कि आरक्षण की सीमा आपसी समन्वय व विचार-विमर्श से सर्वसम्मति से तय होता है तो यह बेहतर लोकतांत्रिक परंपरा होगी। यह साफ है कि अब समय आ गया है जब महिलाओं की हिस्सेदारी तय होनी ही चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
**दर्शन**

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

# एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
**प्रेरणा**

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखा- तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूं, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत की धरोहरों को और निखारने की जरूरत

दुनिया भर में विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मोन्यूमेंट्स एंड साइट्स ने इसकी शुरुआत की थी। जब इस दिवस को यूनेस्को ने मंजूरी दी थी, तब से यह दिवस हर वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों की संभाल करना और इसके लिए जागरूकता अभियान चलाना भी है। हमारे देश में भी बहुत सी ऐसी धरोहरें हैं जो दुनिया के आकर्षण का केंद्र हैं। इनमें मुख्यत: अजंता एलोरा की गुफाएं, दिल्ली का कुतुब मीनार व आगरा का ताजमहल इत्यादि शामिल हैं। और भी ऐसी बहुत सी धरोहरें हैं। भारत की धरोहरों को और निखारने की जरूरत भी है। ये धरोहरें देश की सभ्यता-संस्कृति की पहचान करवाती हैं।

*- मिलिंद जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### महिला आरक्षण कानून



डीएमके, कांग्रेस और टीएमसी ने संसद में 33% महिला आरक्षण कानून को पारित नहीं होने दिया, लेकिन हम संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण अवश्य प्रदान करेंगे।

- **राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

### बंगाल में दयनीय स्थिति



बंगाल में हत्या के प्रयास के मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि एसिड अटैक, बाल अपराध, बलात्कार, डकैती, लूट और चोरी की घटनाएं पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक हो रही हैं। "मां, मां और मिट्टी" की बात करने वाली ममता दीदी ने इन स्थितियों को बेहद दयनीय बना दिया है।

- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### तमिल पहचान की रक्षा



परिसीमन भाजपा द्वारा संसद में तमिलनाडु, दक्षिणी राज्यों और पूर्वोत्तर के प्रतिनिधित्व को कम करने का एक स्पष्ट प्रयास था। हमने संसद में इसे रोका और भारत की अवधारणा पर इस हमले को विफल कर दिया। इंडिया अलायंस हमेशा तमिल पहचान की रक्षा करेगा।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### बेटियों की हार



विपक्ष को यह स्पष्ट करना होगा कि बेटियों की हार लोकतंत्र की जीत कैसे हो सकती है? देश की महिलाओं की हार हुई है, उनका सम्मान और आत्मसम्मान छिन गया है। विपक्ष इसे लोकतंत्र की जीत कैसे कह सकता है?

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर


# उ. कोरिया ने कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी



उत्तर कोरिया ने रविवार को समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया एवं जापान ने यह जानकारी दी। ये मिसाइल ऐसे समय में दागी गई हैं जब कुछ दिन पहले ही संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने परमाणु हथियार बनाने के उत्तर कोरिया के प्रयासों में 'बेहद गंभीर'' प्रगति की चेतावनी दी थी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' (जेसीएस) ने बताया कि उत्तर कोरिया के सिनपो क्षेत्र से दागी गईं ये मिसाइलें देश के पूर्वी समुद्री क्षेत्र की दिशा में करीब 140 किलोमीटर (87 मील) तक गईं। जेसीएस ने कहा कि दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया की उकसाने वाली हर प्रकार की कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार है और वह अमेरिका एवं जापान के साथ सूचनाओं का निकटता से आदान-प्रदान कर रहा है। दक्षिण कोरिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तर कोरिया द्वारा बार-बार किए जा रहे बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षणों पर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) की आपात बैठक में चिंता जताई और उससे इन्हें तुरंत रोकने का आग्रह किया। ये प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के भारत और वियतनाम की यात्रा के लिए रवाना होने से कुछ घंटे पहले किए गए।

## ऑफ बीट

# क्या माउथवॉश हृदय के लिए हानिकारक होता है?



सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में दावा किया गया है कि माउथवॉश से उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ सकता है और हृदय की सेहत को नुकसान हो सकता है। कुछ वीडियो के अनुसार, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि माउथवॉश मुंह के उन अच्छे बैक्टीरिया को खत्म कर देता है, जो हृदय और रक्त-प्रणाली के लिए जरूरी होते हैं। यह सुनने में चौंकाने वाला लग सकता है लेकिन आपको अभी अपना माउथवॉश फेंकने की जरूरत नहीं है। सच्चाई इससे कहीं ज्यादा जटिल है। हमारे मुंह में कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं। ये सभी मिलकर एक संतुलित और विविध प्रकार के 'माइक्रोबायोम' बनाते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया की बढ़त को रोकते हैं, सामान्य 'मेटाबॉलिज्म' में मदद करते हैं और मुंह व शरीर की कुल सेहत को बेहतर बनाते हैं। इन बैक्टीरिया का एक अहम काम है हमारे भोजन (खासकर हरी पत्तेदार सब्जियों) में मौजूद नाइट्रेट को नाइट्राइट में बदलना। जब हम नाइट्राइट निगलते हैं, तो शरीर इसे नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह प्रक्रिया नाइट्रेट-नाइट्राइट-नाइट्रिक ऑक्साइड प्रक्रिया (या एंटरोसैलिवरी प्रक्रिया) कहलाती है। यह एक उदाहरण है कि बैक्टीरिया कैसे शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

बंगाल में गरजे प्रधानमंत्री मोदी, टीएमसी के साथ ही कांग्रेस पर किया बड़ा हमला

# टीएमसी के गुंडे 4 मई से पहले कर दें आत्मसमर्पण, परिणाम आने के बाद किसी को नहीं बक्शा जाएगा, महिलाओं को मिलेगा घर व उत्पाती होंगे बेघर

टीएमसी की 'निर्मम सरकार' के खिलाफ लोगों के गुस्से में जोश झलक रहा है।भाजपा महिला सशक्तिकरण, उनकी सुरक्षा और संरक्षा का पर्याय है। देश के विकास को सुनिश्चित करने हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक महिलाएं राजनीति में शामिल हों।



एजेंसी ▶▶ बांकुरा

पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में प्रधानमंत्री मोदी बांकुरा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राज्य की सत्ताधारी दल टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी की 'निर्मम सरकार' के खिलाफ लोगों के गुस्से में जोश झलक रहा है।भाजपा महिला सशक्तिकरण, उनकी सुरक्षा और संरक्षा का पर्याय है। देश के विकास को सुनिश्चित करने के लिए हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक महिलाएं राजनीति में शामिल हों। पीएम मोदी ने कहा कि मैं टीएमसी के गुंडों को चुनाव से पहले पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का आखिरी मौका देता हूं, क्योंकिपरिणाम आने के बाद किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। चुनाव में जनता टीएमसी के 'भय' को खत्म करेगी और भाजपा के 'भरोसे' को जनादेश देगी। बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो वह पीएमएवाई के तहत महिलाओं को घर बनाने के लिए 1.5 लाख रुपए तक की सहायता प्रदान करेगी।

## बहनों को सालाना 36,000 रुपए देंगे, 5 लाख तक का मुफ्त इलाज भी मिलेगा

पीएम मोदी ने कहा कि अगर बंगाल में भाजपा की सरकार बनती है, तो महिलाओं को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। बंगाल की बहनों को हर साल 36,000 रुपए मिलेंगे। गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपए दिए जाएंगे। बेटियों की शिक्षा के लिए 5,000 रुपए देगी। मुद्रा योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 20 लाख रुपए मिलेंगे। कृषि से जुड़ी महिलाओं को सालाना 9,000 रुपए अतिरिक्त मिलेंगे।



पश्चिम बंगाल में रोड शो के दौरान जनता का अभिवादन करते पीएम मोदी

महिला आरक्षण बिल पारित न होने पर बरसे

### तमिलनाडु में बोले सारे विपक्ष ने ओछी राजनीति की

प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण विधेयक के विरोध को लेकर द्रमुक पर कड़ा प्रहार किया है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि द्रमुक ने समर्थन करने के बावजूद यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी पर महिला कल्याण की जगह राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

### झारग्राम में बोले- आदिवासियों की भूमि पर टीएमसी ने कब्जा किया

झारग्राम में प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री कहा कि टीएमसी की निर्मम सरकार को आपने 15 साल दिए, 15 साल कम समय नहीं होता। आदिवासी क्षेत्रों को क्या मिला? न पढ़ाई, न कमाई, न दवाई और न सिंचाई। यहां सब कुछ बेहाल है। ये लोग अपनी तिजोरियां भरने में लगे हैं। यहां आदिवासियों की सैकड़ों एकड़ भूमि पर टीएमसी ने कब्जा कर रखा है।

#### इसलिए लोग भाजपा पर भरोसा कर रहे

जब भी भय और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचते हैं, लोग भाजपा पर भरोसा करते हैं और उसे चुनते हैं। हम बंगाल में भी यही देख रहे हैं। बंगाल के लोगों ने अपना मन बना लिया है, इसलिए मैं कहता हूं कि भय को त्यागें, विश्वास को अपनाएं।



सीएम स्टालिन ने जारी किया द्रविड़ मॉडल 2.0 घोषणापत्र

## वैश्विक महानगर बनाने के साथ क्रांतिकारी बदलाव का वादा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने पार्टी मुख्यालय 'अन्ना अरिवालयम' में चेन्नई जिले के लिए विशेष 'चेन्नई सुपर-6' घोषणापत्र जारी कर दिया है। द्रविड़ मॉडल 2.0' के तहत पेश किए गए इस घोषणापत्र में चेन्नई को एक वैश्विक महानगर बनाने और बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने का वादा किया गया है।

#### बेहतर सामुदायिक सुविधाएं देंगे

- स्मार्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम
- समय पर इंफ्रास्ट्रक्चर
- स्ट्रे डॉग मैनेजमेंट
- टेक और जॉब्स पर फोकस
- ग्लोबल टैलेंट का हब

सीएम ममता ने भाजपा पर साधा निशाना

## पीएम मोदी का भाषण झूठ का पुलिंदा



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित संबोधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी के भाषणों से गरीबों को कोई राहत नहीं मिलती और वे सिर्फ झूठ का पुलिंदा हैं। उन्होंने भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश की बागडोर ऐसे लोगों के हाथ में है जो पहले तनाव फैलाते थे। लोगों को गुमराह किया। हम जिस बात का मूल रूप से विरोध करते हैं, वह है परिसीमन की प्रक्रिया, जिसे मोदी सरकार अपने निहित राजनीतिक एजेंडे के लिए महिलाओं को ढाल बनाकर थोपने की साज़िश रच रही थी।

### सरमा के खिलाफ चुनाव आयोग के पास पहुंची टीएमसी, भड़काऊ भाषण देने का आरोप

टीएमसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने आरोप लगाया कि उन्होंने पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ, ध्रुवीकरण करने वाले और आपराधिक रूप से धमकी भरे बयान दिए।

तमिलनाडु में गृहमंत्री शाह ने ललकारा

## कांग्रेस-डीएमके ने महिलाओं के साथ विश्वासघात किया

**इरोड।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के खिलाफ मतदान करने को लेकर कांग्रेस और डीएमके पर निशाना साधा। इरोड में कहा कि दोनों पार्टी महिलाओं को आरक्षण से वंचित कर विश्वासघात किया है। मोदी सरकार इस साजिश को सफल नहीं होने देगी और महिलाओं को न्याय जरूर दिलाएगी।



#### एनडीए सरकार में राज्य में खत्म होगा भ्रष्टाचार

शाह ने कहा कि अगर एआईएडीएमके और भाजपा की सरकार बनती है, तो राज्य में भ्रष्टाचार खत्म किया जाएगा और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार और खराब प्रशासन के आरोप भी लगाए।

#### डीएमके पर परिवारवाद का लगाया आरोप

शाह ने सत्ता धारी डीएमके पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी में सत्ता एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूम रही है।

नड्डा का टीएमसी पर सीधा वार

## 'पलटाओ' की हुंकार, सिंडिकेट कटमनी और भ्रष्टाचार होगा बंद



शीतलकुची। पंचायत समिति मैदान में विजय संकल्प सभा में जेपी नड्डा ने टीएमसी सपर तीखा हमला बोला और बार-बार पलटाओ का नारा दिया। नड्डा ने आरोप लगाया कि बंगाल में सिंडिकेट राज और कटमनी की वजह से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि हर काम के लिए अवैध वसूली का सिस्टम चल रहा है।

आदित्यनाथ ने दी चेतावनी

## भाजपा को धमकाने वाले... 4 मई के बाद सिखा देंगे सबक



**कूचबिहार।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बंगाल के कूचबिहार में रैली के दौरान टीएमसी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को धमकाने वालों को 4 मई के बाद कड़ा सबक सिखाया जाएगा और उनकी उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। कांग्रेस, वाम दलों पर भी निशाना साधा।

## खबर संक्षेप

### खाई में गिरी बस, 3 की मौत और 5 गंभीर

**अजमेर।** यहां के पुष्कर मार्ग पर स्थित खतरनाक पुष्कर घाटी में रविवार दोपहर एक निजी बस चढ़ाई के दौरान अचानक अनियंत्रित हो गई और करीब 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। 5 घायल हैं। सभी अजमेर के फायसागर रोड इलाके के रहने वाले थे। ये एक ही परिवार और रिश्तेदार थे, जो पीसांगन में मायरा भरने की रस्म में शामिल होने जा रहे थे।



### टीएमसी के पूर्व सांसद त्रिवेदी बने हाई कमिश्नर

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए पश्चिम बंगाल के बैरकपुर के पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश का हाई कमिश्नर बनाने का फैसला किया है। त्रिवेदी भाजपा में आने से पहले ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं और टीएमसी कोटे से ही यूपीए सरकार में रेल मंत्री बने थे। बाद में वे भाजपा में शामिल हो गए। त्रिवेदी प्रणय वर्मा की जगह लेंगे।



### एक्टर पवन की तबीयत बिगड़ी, सर्जरी कराई

**चेन्नई।** साउथ के मशहूर एक्टर और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण पिछले कुछ महीनों से हेल्थ इश्यू से जूझ रहे थे, लेकिन शुक्रवार को जब वह अपने ऑफिस का काम कर रहे थे, तभी उन्हें तेज तकलीफ महसूस हुई। हालत बिगड़ते ही उन्होंने तुरंत अपने सभी काम छोड़ दिए और अस्पताल पहुंच गए। वहां डॉक्टरों ने उनकी एमआरआई की। डॉक्टरों ने सर्जरी की सलाह दी थी।



महिला आरक्षण बिल और परिसीमन विधेयक पर केंद्र सरकार ने दिए जवाब

# परिसीमन के आधार पर ही नारीशक्ति वंदन अधिनियम सुनिश्चित किया जा सकता था, सेट ऑफ एफएक्यू दिया

महिलाओं को अभी से लाभ मिलना शुरू हो जाता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण बिल से जुड़े कई अहम सवालों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए 14 सवालों का एक सेट ऑफ एफएक्यू जारी किया है। यह कदम ऐसे समय आया है जब संसद में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक और परिसीमन को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़ाना चाहती है। इसी पर सरकार ने विस्तृत स्पष्टीकरण दिया है।

जनगणना और फिर उसके आधार पर परिसीमन होता तो आरक्षण का लाभ न मिलता

**1971** में जनसंख्या 54 करोड़ थी, आज 140 करोड़ के ऊपर हो गई



खरगे ने पूछा ये अहम सवाल

#### 'हम महिला आरक्षण के साथ हैं, पर...'



बेंगलुरु में कार्यक्रम में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र और प्रधानमंत्री पर हमला बोला। हम आरक्षण के पक्षधर, तरीका गलत था।

जयराम ने साधा निशाना

#### पीएम मोदी का संबोधन पक्षपातपूर्ण और विवादास्पद रहा



जयराम रमेश ने पीएम राष्ट्र के नाम संबोधन को पक्षपातपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एक मौजूदा प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन पवित्र होता है और यह एक निष्पक्ष संबोधन होता है जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय संकल्प और आत्मविश्वास को बढ़ाना होता है।

### केंद्र सरकार ने बिंदुवार सवालों पर सरकार की मंशा स्पष्ट की

- **16 अप्रैल को केंद्र सरकार ने लोकसभा में कौन से बिल पेश किए?**
16 अप्रैल को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन खास बिल पेश किए: संविधान (131वां संशोधन) बिल, 2026, डिलिमिटेशन बिल, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026।
- **तीनों विधेयक सदन ने अभी क्यों लाए गए?**
सरकार ने बताया गया कि नारीशक्ति वंदन अधिनियम में यह प्रावधान किया गया है कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के आधार पर महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। अगर केंद्र सरकार 2026 जनगणना और फिर उसके आधार पर परिसीमन की प्रतीक्षा करती तो महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण का लाभ 2029 के आम चुनाव में भी नहीं मिल पाता।
- **इससे देश को क्या लाभ होता?**
सरकार ने बताया कि अगर ये तीनों विधेयक सदन से पारित हो जाते, तो महिलाओं को 2029 के लोकसभा चुनाव में ही 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल सकता था।
- **अभी परिसीमन की बात क्यों लाई गई?**
सरकार की ओर से कहा गया कि परिसीमन का अर्थ है किसी निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए परिसीमन आवश्यक है। 1971 में भारत की जनसंख्या लगभग 54 करोड़ थी। आज यह 140 करोड़ है।
- **सीटों की संख्या 850 करने के कारण ?**
सरकार ने बताया कि यह प्रस्ताव जनसंख्या के अनुपात में सीटों के विस्तार पर आधारित था। एक समान 50 प्रतिशत बढ़ोतरी से सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों का अनुपात अभी की तरह बना रहता।
- **राज्यों या छोटे राज्यों को नुकसान होता?**
सरकार ने साफ किया कि दक्षिणी राज्यों के प्रतिनिधित्व में कोई कमी नहीं आती, बल्कि बढ़ जातीं।
- **सरकार राजनीतिक लाभ लेना चाहती थी?**
सरकार ने परिसीमन आयोग अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं किया।
- **जाति जनगणना को टालने के लिए लाए?**
सरकार ने साफ किया कि वह 3 महीने पहले ही जाति जनगणना की समयबद्ध प्रक्रिया शुरू कर चुकी है, इसलिए इसे टालने का कोई प्रश्न नहीं उठता।
- **2024 में लागू क्यों नहीं कर दिया?**
सरकार का कहना है कि आरक्षण लागू करने के लिए परिसीमन आवश्यक है।
- **नए परिसीमन से राज्यों को नुकसान होता?**
सरकार ने बताया कि नहीं, नए परिसीमन प्रस्ताव से जनसंख्या नियंत्रण करने वाले राज्यों को कोई नुकसान नहीं होता। इससे सीटें मौजूदा संख्या से और बढ़ जातीं। प्रतिनिधित्व बढ़ जाता।
- **एससी-एसटी को नुकसान पहुंचता?**
संविधान में समय-समय पर परिसीमन का प्रावधान है। और इसी प्रक्रिया के माध्यम से एससी-एसटीसहित विभिन्न वर्गों के लिए सीटों का पुनर्निर्धारण और वृद्धि होती है। किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता।
- **मुस्लिम के लिए अलग से कोटा क्यों नहीं?**
सरकार ने बताया कि भारत के संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। आरक्षण की नीतियां संविधान में निर्धारित सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन पर आधारित हैं।
- **2023 में महिला आरक्षण विधेयक क्यों लाया गया?**
सरकार ने कहा कि 2023 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिला आरक्षण विधेयक लेकर आई। नए संसद भवन में यह विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ और राज्यसभा से भी इसे मंजूरी मिली।
- **अलग से 'केंद्र शासित प्रदेश विधेयक' क्यों लाया गया था?**
सरकार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और पुडुचेरी की विधानसभाएं अलग 'यूटी एक्ट' से संचालित होती हैं। इन विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए जम्मू-कश्मीर में लगभग 38, दिल्ली में 23 और पुडुचेरी में 10 सीटें आरक्षित करने के लिए यह तकनीकी संशोधन अनिवार्य था, इसीलिए अलग से केंद्र शासित प्रदेश विधेयक' लाया गया।

देशभर में मौसम का मिजाज बदला, बादलों की लुका छिपी शुरू

# यूपी-बिहार में तांडव, पहाड़ी इलाकों में बारिश होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में मौसम का मिजाज बदल रहा है। कहीं पर तेज चमकदार धूप निकल रही है, तो कहीं पर बादल चमक रहे हैं। बादलों की लुका-छिपी की मौसम विभाग ने फिर से पहाड़ी राज्यों समेत कई मैदानी इलाकों में झमाझम बरसात का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में 3 दिन तक गर्मी का तांडव हो सकता है। विभाग ने लू चलने की चेतावनी दी है। बांदा, चित्रकूट और कौशाबी, प्रयागराज, मिर्जापुर आदि गर्म रहेंगे।

## मौसम विभाग ने 10 राज्यों में चेतावनी जारी की



#### बिहार में भी गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा, लू के हालात

बिहार में गर्मी का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसारपूरे प्रदेश में मौसम शुष्क और साफ रहेगा, जिसके चलते चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ सकता है। पछुआ हवाओं के सक्रिय होने के कारण वातावरण में कनकनी कम होगी और लू जैसी स्थिति महसूस हो सकती है।

#### छग- मध्य प्रदेश में बारिश के आसार

भीषण गर्मी से जूझ रहे मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी मध्य प्रदेश में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

#### राजनांदगांव और वर्धा रहे सबसे गर्म शहर

देश में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और महाराष्ट्र के वर्धा में तापमान 45 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। शनिवार को देश के 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी का बांदा 44.6, तेलंगाना का आदिलाबाद 44.3, महाराष्ट्र के नागपुर-अमरावती 44.2 रहे। राजस्थान, यूपी, ओडिशा, तेलंगाना के कई शहरों में 43 डिग्री पारा रहा।

नाशिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज

## महिला कर्मचारी बुर्का नहीं पहनती इसलिए रेप हो रहा

### महिला कर्मचारी ने शिकायत दर्ज कराई

एजेंसी ▶▶ नाशिक

यहां स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के ऑफिस में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी ने उत्पीड़न को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महिला के अनुसार,करीब 9 महीने तक उसके साथ लगातार छेड़छाड़, गंदी बातें, पीछा करना और गलत तरीके से छूने जैसी घटनाएं होती रहीं। जून




2025 से मार्च 2026 तक यानी करीब 9 महीने तक पांच सहकर्मियों ने उसके साथ हरकत की। उसने कहा कि महिलाएं बुर्का नहीं पहनतीं इसलिए रेप होता है।

## खबर संक्षेप

### बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में रहा एयरटेल



**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का कुल बाजार पूंजीकरण 1,87,497.45 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही।

### बीते सप्ताह अधिकांश तेल के भाव में रही गिरावट



**नई दिल्ली।** सटोरियों की सक्रियता बढ़ने के बीच कारोबारी धारणा प्रभावित रहने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के भाव गिरावट दर्शाते बंद हुए। इस दौरान सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में गिरावट दर्ज हुई।

### इवोनिथ स्टील जुटाई गई राशि से करेगी कर्ज कम



**नई दिल्ली।** इवोनिथ स्टील बाजार से जुटाए गए 2,000 करोड़ रुपये का उपयोग अपने मौजूदा ऋण को कम करने और विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने में करेगी। कंपनी के ने यह जानकारी दी। 1,750 करोड़ रुपये ऋण चुकाने में खर्च किए जाएंगे, जबकि 250 करोड़ रुपये परियोजनाओं को पूरा करने और नई उत्पादन इकाइयां जोड़ने के लिए निर्धारित किए गए हैं।

# बाई हीराबाई ट्रस्ट के न्यासी की पात्रता से जुड़ीं शर्तें बदलेंगी

**कुछ दिनों पहले पूर्व ट्रस्टी मेहली मिस्त्री ने बोर्ड में नियुक्ति को चुनौती दी थी**

## मिस्त्री ने दावा किया था कि श्रीनिवासन और सिंह मानदंड़ों को पूरा नहीं करते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा ट्रस्ट्स ने रविवार को कहा कि बाई हीराबाई ट्रस्ट के न्यासियों ने पात्रता मानदंडों में मौजूद प्रतिबंधात्मक प्रावधानों (जैसे गैर यहूदियों के ट्रस्टी बनने पर रोक) को बदलने के लिए उचित प्राधिकरण के समक्ष कार्यवाही शुरू करने का निर्णय लिया है।

यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब कुछ दिन पहले टाटा ट्रस्ट्स के पूर्व ट्रस्टी मेहली मिस्त्री ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर को दी गई एक शिकायत में दिग्गज उद्योगपति वेणु श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह की बाई हीराबाई जमशेदजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टिट्यूशन (बाई हीराबाई ट्रस्ट) के बोर्ड में नियुक्ति को चुनौती दी थी।

### कार्यवाही शुरू करने का निर्णय लिया

बयान में कहा गया, ''न्यासियों ने ट्रस्ट डीड की विसंगतियों को दूर करने और इसे टाटा ट्रस्ट्स के उन मूल्यों के अनुरूप बनाने के लिए, जिनका वह हमेशा प्रतीक रहा है, न्यासियों की पात्रता के संबंध में प्रतिबंधात्मक शर्तों को बदलने के लिए उचित प्राधिकरण के समक्ष कार्यवाही शुरू करने का निर्णय लिया है।''

### टाटा की विचारधारा हमेशा समावेशी रही

न्यासियों ने इस बात पर जोर दिया कि टाटा की विचारधारा हमेशा समावेशी, धर्मनिरपेक्ष और सर्वव्यापी रही है, जिसका ध्यान परोपकार और राष्ट्र सेवा पर केंद्रित है। टाटा ट्रस्ट्स ने कहा, ''भारत के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश से प्राप्त कानूनी राय के बाद 2000 से गैर यहूदियों को लगातार ट्रस्ट में नियुक्त किया गया है। न्यासियों ने कहा कि बाई हीराबाई एक गैर-शेयरधारिता न्यास है, जिसका संपत्ति आधार और गतिविधियां सीमित हैं।''



**नोएल टाटा की अध्यक्षता में हुई बैठक**
टाटा ट्रस्ट्स ने एक बयान में कहा कि बाई हीराबाई ट्रस्ट के न्यासियों के बोर्ड की बैठक 17 अप्रैल, 2026 को टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल एन टाटा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ट्रस्ट की गतिविधियों की समीक्षा के साथ ही मीडिया में ट्रस्ट से संबंधित हालिया बयानों पर चर्चा की गई।

*ट्रस्टी 103 साल बाद वसीयत को कैसे चुनौती दे सकते हैं : इस बारे में संपर्क करने पर मेहली मिस्त्री ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि, उनके करीबी लोगों ने कहा कि बाई हीराबाई ट्रस्ट के न्यासियों द्वारा प्रतिबंधात्मक शर्तों को बदलने के फैसले से यह साबित होता है कि वर्तमान में ट्रस्ट डीड में ऐसी शर्तें मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि यह उचित प्राधिकरण को तय करना है, लेकिन यह देखना बाकी है कि ट्रस्टी 103 साल बाद किसी वसीयत को कैसे चुनौती दे सकते हैं।*

### धर्म का पालन व मुंबई में निवास की शर्तें

मिस्त्री ने दावा किया था कि श्रीनिवासन और सिंह ट्रस्ट डीड में निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, जिसमें पारसी जरथुस्त्री धर्म का पालन और मुंबई में निवास की विशिष्ट शर्तें शामिल हैं। इस महीने की शुरुआत में टाटा ट्रस्ट्स के ट्रस्टी वेणु श्रीनिवासन ने व्यावसायिक व्यस्तताओं का हवाला देते हुए बाई हीराबाई ट्रस्ट से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन बाद में स्वीकार किया कि उन्होंने टाटा ट्रस्ट्स प्रबंधन के अनुरोध पर पद छोड़ा था।

## आपूर्ति दिक्कतों की वजह से खपत में गिरावट आई

# पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच मार्च में एलपीजी की खपत 13 प्रतिशत घटी

**घरों की रसोई और वाणिज्यिक ग्राहकों की उपलब्धता पर असर पड़ा**

**मार्च में एलपीजी की खपत 23.79 लाख टन रही है**

**भारत एलपीजी जरूरत का 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी आपूर्ति दिक्कतों की वजह से भारत में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की खपत में मार्च में 13 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे घरों की रसोई और वाणिज्यिक ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्धता पर असर पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मार्च में एलपीजी की खपत 23.79 लाख टन रही है, जो पिछले साल की इसी अवधि के आंकड़े 27.29 लाख टन से 12.8 प्रतिशत कम है। भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। इसका एक बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से आता है। ईरान पर अमेरिका और इजराइली हमलों और जवाबी ईरानी कार्रवाई के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया।

### सऊदी अरब व यूएई से आपूर्ति में रूकावट

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आपूर्ति में रुकावट के कारण, सरकार ने घरों में रसोई गैस की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए होटल और उद्योगों के लिए एलपीजी आपूर्ति में कटौती की थी।



### घरेलू उत्पादन 11 लाख से बढ़कर 14 लाख टन हुआ

इससे मार्च में घरेलू एलपीजी उत्पादन एक साल पहले के 11 लाख टन से बढ़कर 14 लाख टन हो गया। इस बढ़ोतरी से पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में एलपीजी उत्पादन दो वित्त वर्षों के 1.28 करोड़ टन से बढ़कर 1.31 करोड़ टन हो गया। मार्च का महीना एक अपवाद होने के बावजूद, बीते वित्त वर्ष में एलपीजी की खपत छह प्रतिशत बढ़कर 3.32 करोड़ टन से अधिक हो गई।

### हाल के वर्षों में एलपीजी की खपत बढ़ी

हाल के वर्षों में एलपीजी की खपत लगातार बढ़ी है। इसकी वजह यह है कि सरकार लकड़ी और अन्य प्रदूषण फैलाने वाले ईंधन की जगह स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल पर जोर दे रही है। युद्ध की वजह से कई खाड़ी देशों में हवाई क्षेत्र बंद होने की वजह से जेट ईंधन या एटीएफ की खपत मार्च में लगभग स्थिर 8,07,000 टन रही, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 8,01,000 टन था।

### रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश




पीपीएसी के ये आंकड़े ऐसे समय आए हैं जबकि सरकार लगातार दावा कर रही है कि एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है और घरेलू उपयोगकर्ताओं की सभी जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। इस कमी को पूरा करने के लिए, सरकार ने रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के लिए पेट्रोरसायन उत्पादन से गैस को घरेलू इस्तेमाल वाली गैस के लिए स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था।

### घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति 8.1 प्रतिशत घटी

पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के मुताबिक, मार्च में घरेलू को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति 8.1 प्रतिशत घटकर 22.19 लाख टन रह गई, जबकि गैर-घरेलू उपयोगकर्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में 48 प्रतिशत की कमी आई। थोक एलपीजी की बिक्री में 75.5 प्रतिशत की भारी गिरावट आई।

### पेट्रोल व डीजल की बिक्री में बढ़ोतरी हुई

हालांकि, इस दौरान पेट्रोल और डीजल की बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी हुई। पेट्रोल की बिक्री 7.6 प्रतिशत बढ़कर 37.8 लाख टन हो गई, जबकि डीजल की खपत 8.1 प्रतिशत बढ़कर 87.27 लाख टन हो गई। पूरे वित्त वर्ष में एटीएफ की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 91.61 लाख टन हो गई। वहीं पेट्रोल की खपत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 4.25 करोड़ टन रही।

# कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के परीणाम तय करेंगे बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अमेरिका-ईरान तनाव भी बाजार की चाल पर असर डालेगा
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार का रुख प्रभावित करेगा

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभाएंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।
उन्होंने बताया कि विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा पर पड़ता है। देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जनवरी- मार्च तिमाही के परिणामों की घोषणा की।

### तेल की कीमतों में स्थिरता से बाजार को सहारा मिलेगा

पोनमुड़ी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में लगातार स्थिरता या और कमी शेयर बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकती है और इससे वृहद आर्थिक स्थिति को भी सहारा मिल सकता है। 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही काफी हद तक रोक दी थी, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अब तृप्ति डिमरी होंगी विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया का चेहरा, अपैरल ग्रुप ने किया ऐलान

**नई दिल्ली।** ग्लोबल फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल कंपनी, अपैरल ग्रुप ने एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए, तृप्ति डिमरी को विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया की पहली ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। विक्टोरिया सीक्रेट, जिसमें इसके प्रमुख ब्रांड्स विक्टोरिया सीक्रेट और पिंक शामिल हैं, ने भारत में अपना समर सिग्नेचर कैंपेन लॉन्च किया है। ये ब्रांड्स आत्मविश्वास, खुशी और आकर्षण को बढ़ावा देने पर फोकस करते हैं। इस कैंपेन में जानी-मानी भारतीय अभिनेत्री और नई ब्रांड एंबेसडर तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। समर सिग्नेचर कलेक्शन में आरामदायक और आसानी से पहनने वाली लॉन्जरी और स्लीपवियर शामिल हैं, जिनमें ब्रांड का सिग्नेचर स्ट्राइप डिज़ाइन देखने को मिलता है। इस कलेक्शन की सादगी और ग्लैमर के साथ तृप्ति का सहज आत्मविश्वास इस कैंपेन को और भी खास बनाता है। इस कलेक्शन में सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो टी-शर्ट, वायरलेस ब्रा और सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो पैंटी जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जो रोजमर्रा के आराम के लिए बनाए गए हैं। वहीं, स्लीपवेयर में सिग्नेचर स्ट्राइप्ड साटन स्लिप और सिग्नेचर स्ट्राइप्ड साटन लॉन्ग पायजामा सेट शामिल हैं, जो आराम के साथ हल्कापन और लक्ज़री एहसास देते हैं।

## राशिफल

**मेष** – नई जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएं। भावनात्मक संतुलन बनाए रखें, धैर्य रखें तो सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृष** – चंद्रमा अपनी राशि में होने से दिन प्रसन्नता भरा रहेगा। आर्थिक लाभ और सामाजिक सम्मान मिल सकता है। प्रेम संबंध मधुर रहेंगे।

**मिथुन** – संचार और बौद्धिक कार्यों में तेजी आएगी। यात्रा या नई योजनाएं बन सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, व्यर्थ खर्च से बचें।

**कर्क** – परिवार के साथ समय बिताएं। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे, स्वास्थ्य सामान्य।

**सिंह** – आत्मविश्वास और नेतृत्व गुण चमकेंगे। करियर में प्रगति के योग। रुके काम पूरे होंगे। प्रेम जीवन रोमांचक रहेगा।

**कन्या** – बौद्धिक कार्यों और सेवा भाव में सफलता। स्वास्थ्य सुधार पर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। माता–पिता का सुख मिलेगा, यात्रा शुभ।

**तुला** – साझेदारी और संबंधों में मिठास आएगी। व्यावसायिक सौदे फायदेमंद। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन निर्णय लेते समय सतर्क रहें।

**वृश्चिक** – रहस्यमयी और गहन विचारों का दिन। आर्थिक लाभ संभव। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। प्रेम में गहराई आएगी, लेकिन विवाद से दूर रहें।

**धनु** – यात्रा और उच्च शिक्षा में लाभ। आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी। करियर में नई संभावनाएं। परिवारिक सुख मिलेगा, स्वास्थ्य ऊर्जावान रहेगा।

**मकर** – करियर और सामाजिक प्रतिष्ठा में उन्नति। मेहनत का फल मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन भावनाओं को नियंत्रित रखें।

**कुंभ** – नई योजनाएं और दोस्तों का साथ सुखद। आर्थिक अवसर आएंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। रचनात्मक कामों में सफलता, मानसिक शांति बनी रहे।

**मीन** – अंतर्ज्ञान मजबूत होगा। आर्थिक और पारिवारिक मामलों में सुधार। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम संबंध गहरे होंगे, सकारात्मक रहें तो दिन शुभ।

## बिरला स्टुडियोज़ ने वी के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** बिरला स्टुडियोज़ ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के सहयोग से आज अपनी तरह के पहले मोबाइल-फर्स्ट टेलेंट डिस्कवरी प्लेटफॉर्म रील से रियल स्टा' के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे भारत के एंटरटेनमेन्ट उद्योग में प्रवेश को एक समान बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

प्रतिभा को पहचानने के दृष्टिकोण के साथ रील से रियल स्टार भूगोल, पहुंच एवं उद्योग जगत के साथ कनेक्शन जैसी पारम्परिक बाधाओं को दूर करता है- तथा हर उस व्यक्ति के लिए सिनेमा के रास्ते खोलता है, जिसके पास स्मार्टफोन है। यह प्रॉपर्टी एक सरल किंतु शक्तिशाली विचार पर आधारित है: प्रतिभा कहीं से भी आ सकती है और हर किसी को अपनी प्रतिभा को दर्शाने एवं निखारने के लिए मंच मिलना चाहिए। इस अवसर पर अभिजीत किशोर, सीईओ, वोडाफोन आइडिया ने कहा, अवसर प्रदान करने की बात हो तो कनेक्टिविटी सबसे ज़्यादा जरूरी होती है। रील से रियल स्टार देश भर के महत्वाकांक्षी एक्टरों को सीधे ऑडिशन रूम के साथ जोड़ता है।

# प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों पर आईटीसी कंपनी का जोर

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



- तेजी से बढ़ते स्वास्थ्य बाजार पर नजर

विविध कारोबार क्षेत्र में कार्यरत कंपनी आईटीसी लिमिटेड के खाद्य प्रभाग के मुख्य कार्यकारी और कार्यकारी निदेशक हेमंत मलिक ने कहा हे कि कंपनी स्वास्थ्य और पोषण के तेजी से बढ़ते क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के लिए प्रोटीन युक्त खाद्य उत्पादों पर जोर बढ़ा रही है।

मलिक ने कहा कि कंपनी ने अलग-अलग श्रेणियों में प्रोटीन युक्त नए और खास उत्पाद पेश किए हैं। इन उत्पादों को तैयार करने में उपभोक्ताओं की पसंद, नवाचार और बेहतर स्रोत व्यवस्था का उपयोग किया गया है, जिससे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई जा सके। मलिक ने कहा कि उपभोक्ताओं की पसंद तेजी से बदल रही है और ऐसे में कंपनी को उम्मीद है कि स्वास्थ्य-केंद्रित उत्पाद, खासकर प्रोटीन आधारित खाद्य पदार्थ, भविष्य की वृद्धि में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य प्रोटीन उत्पादों को आम लोगों तक सस्ती कीमत पर पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।

*अलग-अलग उपभोक्ताओं के लिए तैयार : मलिक ने बताया कि कंपनी ने अलग-अलग उपभोक्ताओं के लिए ऐसे प्रोटीन उत्पाद तैयार किए हैं, जिन्हें रोजमर्रा के भोजन में आसानी से शामिल किया जा सकता है।*

### स्वास्थ्य सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र

हेमंत मलिक नेबातचीत में कहा, /''स्वास्थ्य सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है और हम इस क्षेत्र में उपभोक्ताओं की नई जरूरतों पर लगातार नजर रख रहे हैं।/'' आईटीसी अपने मुख्य खाद्य ब्रांड आशीर्वाद, पोषण ब्रांड 'राइट शिफ्ट' और योगा बार (जिसे कंपनी ने अधिग्रहीत किया था) के साथ प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की एक विविध श्रृंखला पेश करके प्रोटीन बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है।

## फैंटम डिजिटल में निवेश करेगी जी एंटरटेनमेंट




**नई दिल्ली।** मीडिया और मनोरंजन कंपनी जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लि. ने विजुअल इफेक्ट्स और एनिमेशन स्टूडियो फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स में 116 करोड़ रुपये के रणनीतिक निवेश की घोषणा की। फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स की अमेरिका और ब्रिटेन जैसे प्रमुख वैश्विक बाजार में वैश्विक मौजूदगी है।

इस निवेश का मकसद जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लि. (जेडईईएल) की हाई-पोटेंशियल एनिमेशन, दृश्य प्रभाव, गेमिंग और कॉमिक्स (ण्वीजीसी) खंड में मौजूदगी को बढ़ाना है। जेडईईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'कंपनी के निदेशक मंडल ने आज 17 अप्रैल, 2026 को हुई अपनी बैठक में फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स के कंपलसरी कन्वर्टिबल डिबेंचर (सीसीडी) में तरजीही आवंटन आधार पर, एक या अधिक किस्तों में 116 करोड़ रुपये तक के निवेश को मंजूरी दे दी है।'

# युद्ध के कारण बीयर उद्योग 'गंभीर संकट' में : यूनाइटेड ब्रूअरीज सीईओ

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



- युद्ध के कारण कच्चे माल की लागत बढ़ गई

यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड (यूबीएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक विवेक गुप्ता ने कहा है कि युद्ध के कारण कच्चे माल की बढ़ती लागत, आपूर्ति की कमी और राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए मूल्य निर्धारण प्रतिबंधों के बीच भारतीय बीयर उद्योग गंभीर संकट का सामना कर रहा है।


गुप्ता ने सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि पर्याप्त नियामकीय समर्थन नहीं मिलने से उद्योग की वृद्धि और नवाचार पर असर पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कच्चे माल, बोतल और अन्य कच्चे माल की लागत बढ़ गई है, जबकि कंपनियां बिना सरकारी अनुमति के कीमत नहीं बढ़ा सकती हैं। गुप्ता ने बताया कि बीयर उद्योग पर इसका असर अन्य उद्योगों की तुलना में अधिक पड़ा है। रुपये की कमजोरी, निर्यात में गिरावट और आपूर्ति की कमी से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि बीयर की कीमतें मुख्य रूप से राज्यों की आबकारी नीतियों के तहत नियंत्रित होती हैं और लगभग 75 प्रतिशत कारोबार सरकारी नियमों के अधीन है।

### 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की अनुमति मिले

गुप्ता ने सरकार से अनुरोध किया कि कंपनियों को उपभोक्ताओं पर बोझ डाले बिना सरकार को अपने बिक्री मूल्य में लगभग 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की अनुमति दी जाए। कैन की कमी के बारे में गुप्ता ने कहा कि सरकारी अधिसूचना के बावजूद अभी यह समस्या सुलझी नहीं है। यह आगे भी बनी रहेगी।

## शब्द पहेली - 6201




**बाएँसेदाए+**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -6200 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्ती | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | प्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 5 | 3 | 2 | 6 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
283 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### जोबर्ग ओपन में प्रणवी ने किया 30वां स्थान हासिल



**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरे दौर में तीन अंडर 70 का स्कोर बनाकर लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग महिला ओपन में संयुक्त 30वां स्थान हासिल कर लिया। प्रणवी ने पहले दो दिन में 70-74 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे दौर में तीन बोगी की लेकिन इसके साथ ही छह बर्डी भी लगाई। उनका कुल स्कोर अब पांच अंडर है। अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बख्शी कट में जगह नहीं बना पाई थी। फ्रांस की तीन खिलाड़ी कैमिला शेवेलियर, सेलीन हर्बिन और अगाथे लैस्ने संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों का कुल स्कोर 16 अंडर पार है।



### अगरकर का कार्यकाल बढ़ा वर्ल्डकप तक चुनेंगे टीम

**नई दिल्ली।** अजीत अगरकर सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2027 एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और साल का अनुबंध देने का फैसला किया है। अगरकर की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच चुनी गई भारतीय टीम चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और इसमें से तीन में टीम ने खिताब जीता। भारत इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहा और यह पहले से ही लगभग तय था कि उनका अनुबंध चौथे साल के लिए बढ़ाया जाएगा। 'अगरकर ने सेवा विस्तार नहीं मांगा था। एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में चार साल तक और दोनों समितियों में मिलाकर कुल पांच साल तक काम कर सकता है इसलिए अजीत को नया अनुबंध दिया गया है, उसमें विस्तार नहीं किया गया।'

# यूथ नेशनल बॉक्सिंग में छाए म्हारे खिलाड़ी, लड़कियों ने 7 व लड़कों ने 8 पदक कब्जाए

## ⏭ बेटियां बनीं ओवरऑल चैंपियन, बेटों की टीम रनरअप रही

## ⏭ हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

यूथ नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हरियाणा के मुक्केबाजों ने एक बार फिर अपनी धाक जमाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जबकि लड़कों की टीम रनरअप (उप-विजेता) रही। हरियाणा की लड़कों और लड़कियों की टीम ने प्रतियोगिता में चार स्वर्ण, 9 रजत, दो कांस्य कुल मिलाकर 15 पदक जीते। लड़कियों ने तीन स्वर्ण और चार रजत सहित कुल सात पदक जीते। वहीं, लड़कों ने एक स्वर्ण, पांच रजत, दो कांस्य व कुल आठ पदक जीते।

### ये रहे परिणाम

लड़कियों में 60 किलोग्राम में चाहत, 75 में अंशिका और 80 में मेघा ने स्वर्ण पदक जीता। 48 किलोग्राम में गुंजन, 54 में जन्नत, 65 में वंशिका और 70 में हंसिका ने रजत पदक जीता। लड़कों में 80 किलोग्राम में लोकेश ने स्वर्ण पदक जीता। 55 में आदित्य, 60 में सिकंदर, 65 में ध्रुव, 70 में वैभव और 85 में अवलीक ने रजत पदक जीता। 50 किलोग्राम में दीपांशु और 90 में हन्नी ने कांस्य पदक जीता।





### मुक्केबाजों पर गर्व: मेजर सत्यपाल



हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने मुक्केबाजों पर गर्व है। लड़कियों ने चैंपियन बनकर और लड़कों ने रनरअप रहकर यह साबित कर दिया है कि हरियाणा बॉक्सिंग में सबसे आगे है। यह परिणाम खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, कोचों के मार्गदर्शन और संघ द्वारा जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों का फल है। लड़कों की टीम ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रनरअप का खिताब जीता है, जो भविष्य के लिए बहुत सुखद संकेत है। हमारा लक्ष्य ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए अधिक से अधिक पदक जीतना है और ये युवा खिलाड़ी उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कोच संजीव और कोच नवीन खोखर ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को 4 विकेट से हराया

# सीजन में केकेआर की पहली जीत

एजेंसी ⏭ कोलकाता

वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी के जादू के बाद रिंकू सिंह के जुझारू अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को विषम परिस्थितियों से उबरते हुए राजस्थान रॉयल्स 4 विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

रॉयल्स के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स की टीम 14वें ओवर में 85 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन रिंकू (नाबाद 53 रन, 34 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और अनकूल रॉय (नाबाद 29, 16 गेंद, दो छक्के, एक चौका) के बीच सातवें विकेट की 37 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। सात मैच में पहली जीत दर्ज करने के बाद नाइट राइडर्स की टीम तीन अंक के साथ 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई है। लगातार दूसरी हार के बाद रॉयल्स की टीम छह मैच में आठ अंक के तीसरे स्थान पर है।




### आर्चर के नाम जुड़ी बड़ी उपलब्धि

ईडन गार्डन्स के मैदान पर जोफ्रा आर्चर के नाम बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। आर्चर ने मोहम्मद शमी के बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। आर्चर ने केकेआर की पारी की पहली ही गेंद पर टिम सीफर्ट को क्लीन बोल्ड करते हुए पवेलियन भेजा। आईपीएल में यह पांचवां मौका है, जब आर्चर ने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट चटकाया है। आर्चर इस लीग में पारी की पहली बॉल पर सर्वाधिक बार विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से पहले गेंदबाज बन गए हैं। आर्चर के अलावा मोहम्मद शमी ने भी आईपीएल पारी की पहली गेंद पर 5 बार बल्लेबाजों को आउट किया है।

### वैभव ने मैक्सवेल को छोड़ा पीछे

वैभव सूर्यवंशी ने केकेआर के खिलाफ 28 गेंदों पर 46 रन बनाए और इस दौरान 2 छक्के और 6 चौके भी जड़े। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 164.29 का रहा। इन 2 छक्कों के दम पर वैभव अब आईपीएल की पहली 13 पारियों के बाद सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर बन गए। वैभव ने इस लीग में 13 पारियों में कुल 44 छक्के लगाए हैं जबकि इससे पहले ये रिकॉर्ड मैक्सवेल के नाम था जिन्होंने 13 पारियों के बाद कुल 33 छक्के लगाए थे। आईपीएल की 13 पारियों के बाद सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वैभव पहले नंबर पर आ चुके हैं।

### फॉर्म में टाइटंस, संघर्ष कर रही मुंबई, आज हाई-वोल्टेज मुकाबला

**अहमदाबाद।** पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भारी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है। गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। इसके बिल्कुल विपरीत मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का रहाणे बो नारायण | 39 | 29 | 4 | 2 |
| सूर्यवंशी का रमनदीप बो चक्रवर्ती | 46 | 28 | 6 | 2 |
| जुरेल स्टं सीफर्ट बो चक्रवर्ती | 05 | 07 | 0 | 0 |
| रियान पराग बो चक्रवर्ती | 12 | 14 | 1 | 0 |
| हेटमायर का रघुवंशी बो त्यागी | 15 | 18 | 0 | 0 |
| फरेरा कैच एवं बो नारायण | 07 | 07 | 0 | 1 |
| जडेजा का ग्रीन बो त्यागी | 09 | 07 | 0 | 1 |
| आर्चर रन आउट | 08 | 05 | 1 | 0 |
| बिश्नोई का सीफर्ट को त्यागी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| ब्रिजेश शर्मा नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त:13, कुल:20 ओवर में 155/9 रन
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-37-0, त्यागी 4-0-22-3, ग्रीन 2-0-27-0, नारायण 4-0-26-2, चक्रवर्ती 4-0-14-3, रमनदीप 2-0-26-0

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टिम सीफर्ट बो आर्चर | 00 | 1 | 0 | 0 |
| रहाणे का जुरेल बो बर्गर | 00 | 2 | 0 | 0 |
| अंगकृष पगबधा बो जडेजा | 10 | 19 | 1 | 0 |
| ग्रीन स्टं जुरेल बो बिश्नोई | 27 | 13 | 4 | 1 |
| पावेल का फरेरा बो जडेजा | 23 | 20 | 2 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 53 | 34 | 5 | 2 |
| रमनदीप सिंह बो यश | 10 | 13 | 1 | 0 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 29 | 16 | 1 | 2 |

अतिरिक्त: 09, कुल : 19.4 ओवर में 161/6 रन
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-35-1, बर्गर 2-0-20-1 , बिश्नोई 4-0-41-1, यश 4-0-25-1 , जडेजा 3-0-8-2, ब्रिजेश 1.4-0-21-0

## किंग्स पॉइंट्स टेबल के टॉप पर कायम

# पंजाब किंग्स की 5वीं जीत लखनऊ को 54 रन से हराया



भाषा ⏭ मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स ने प्रियांश आर्य (93 रन) और कूपर कोनोली (87 रन) के अर्धशतकों के दम पर रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान जारी रखा। पंजाब किंग्स छह मैच में से पांच जीत से 11 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। एलएसजी की यह लगातार तीसरी हार है। वैभव सूर्यवंशी के साथ देश की सबसे रोमांचक टी20 बल्लेबाजी प्रतिभाओं से एक सलामी बल्लेबाज प्रियांश और कोनोली के बीच दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी से पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में एलएसजी की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 200 रन ही बना सकी जिसमें कप्तान ऋषभ पंत ने 43 रन, ऐडन मारक्रम ने 42 रन, मिचेल मार्श ने 40 रन और आयुष बडोनी ने 35 रन बनाए। पंजाब किंग्स के लिए मार्को यानसेन ने 37 रन देकर दो विकेट झटके जबकि अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशाक और युजवेंद्र चहल को एक एक विकेट मिला। पंजाब किंग्स भले ही जीत गई हो लेकिन उसके क्षेत्ररक्षकों का प्रदर्शन काफी खराब रहा, जिन्होंने मैच के दौरान काफी कैच छोड़े।

**प्रियांश ने 93 व कोनोली ने 87 रन बनाए**

# कोच नवल सिंह बर्खास्त, चोपड़ा और अंतिल ने की थी शिकायत

## नीरज और सुमित ने कोच पर लगाया था मानसकि उत्पीड़न का आरोप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय ओलिंपकि चैंपियन नीरज चोपड़ा और पैरालंपिकि गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल की शिकायत के बाद भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने कोच नवल सिंह के खलिाफ सख्त एक्शन लिया है और तत्काल प्रभाव से उनकी सेवाएं समाप्त कर दी हैं। यह फैसला तब लिया गया जब सुमित अंतिल ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को दी गई एक शिकायत में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता नवल सिंह पर मानसिक उत्पीड़न और गाली गलौच करने का आरोप लगाया था।

### नवल को पैरालंपिक समिति की गतिविधियों से हटाया



पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़ियां ने कहा कि नवल को पैरालंपिक समिति की सभी गतिविधियों से हटा दिया गया है। उन्होंने पत्र लिखकर कहा कि पैरालंपिकि पदक विजेता सुमित अंतिल और कई अन्य लोगों से कोच नवल सिंह के कथित दुराचार, अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न के संबंध में शिकायतें मिलने पर मामले की सावधानीपूर्वक समीक्षा की गई।शिकायतों की जांच की गई और एथलीटों को अपनी चिंताओं को सामने रखने का उचित अवसर दिया गया।

### कर्नाटक में एथलेटिक्स चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन स्पर्धा 24 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** अगले महीने हांगकांग में होने वाली एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के इच्छुक खिलाड़ियों को 24 से 26 अप्रैल तक कर्नाटक के तुमकुर में आयोजित तीन दिवसीय आयु वर्ग प्रतियोगिता के दौरान एएफआई की ओर से निर्धारित मानक हासिल करने होंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने रविवार को आगामी एशियाई प्रतियोगिता के लिए चयन मानदंडों की घोषणा की। देश के शीर्ष एथलीटों के तुमकुर में होने वाली तीन दिवसीय 24वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्मीद है। एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 28 से 31 मई तक हांगकांग में आयोजित की जाएगी।

# एएफआई का बड़ा फैसला : महिला एथलीटों के लिए एसआरवाई जीन टेस्ट अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) की दो दिवसीय वार्षिक बैठक नागालैंड के कोहिमा में दक्षिण एशिया एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. ललित के भनोट के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक में खेलों में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, जिसमें महिला एथलीटों के लिए जेंडर वेरिफिकेशन और डोपिंग पर जीरो टॉलरेंस की नीति प्रमुख रही। प्रदीप मलिक (महासचिव, एथलेटिक्स हरियाणा) ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए विश्व एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों के खेलने पर पाबंदी लगा दी गई है। एएफआई ने पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अब सभी महिला एथलीटों के लिए एसआरवाई जीन टेस्ट अनिवार्य कर दिया है। यह टेस्ट खिलाड़ी के करियर में केवल एक बार किया जाएगा। इस टेस्ट का पूरा खर्च भारतीय एथलेटिक्स महासंघ वहन करेगा। इसके लिए 'मेडी गेनोमी लैब लिमिटेड' के साथ अनुबंध किया गया है। 5 से अधिक सैंपल होने पर 3500 और उससे कम होने पर 5000 प्रति सैंपल की दर तय की गई है। बैठक के दौरान राजकुमार मिटान (सदस्य, ग्रीवेंस कमेटी, एएफआई) ने स्पष्ट किया कि सभी राज्य इकाइयों के लिए ऑनलाइन एंट्री सिस्टम अनिवार्य कर दिया गया है। यदि कोई राज्य इसका पालन नहीं करता है, तो एएफआई उस प्रतियोगिता के परिणामों को मान्यता नहीं देगा। सत्यवीर धनखड (मीडिया प्रभारी, खेल)ने बताया वाडा और नाडा द्वारा प्रतिबंधित खिलाड़ियों की सूची को अनुमोदित किया गया और राज्यों को डोपिंग रोकने के सख्त निर्देश दिए गए। 2026 के खेल कैलेंडर और राष्ट्रमंडल व एशियाई खेलों के लिए क्वालिफिकेशन मानकों को मंजूरी दी गई। 2025 में बनाए गए सभी राष्ट्रीय रिकॉर्ड्स को औपचारिक रूप से स्वीकार किया गया। दिलबाग सिंह (अध्यक्ष, एथलेटिक्स हरियाणा) के अनुसार, बैठक में कोच और तकनीकी अधिकारियों का पंजीकरण, सिंथेटिक ट्रैक प्रमाणीकरण, जिलों का पुनर्गठन और 2028 वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप की तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

### ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों पर पाबंदी



## एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट

# मेस्सी ने दागे दो गोल, इंटर मियामी जीता

**कॉमर्स सिटी।** लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप से पहले अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में कोलोराडो रैपिड्स के खिलाफ दो गोल किए, जिससे उनकी टीम ने यह मैच 3-2 से जीतकर अपना अजेय अभियान सात मैच तक पहुंचा दिया। इंटर मियामी की गुइलेर्मो होयोस के अंतरिम कोच बनने के बाद यह पहली जीत थी। क्लब के खेल निदेशक के रूप में कार्यरत होयोस ने जावियर माशेरानो के व्यक्तिगत कारणों से अचानक क्लब छोड़ने के बाद कोचिंग का कार्यभार संभाला। माशेरानो ने क्लब के साथ अपने एकमात्र पूर्ण सत्र में इंटर मियामी को 2025 एमएलएस कप का खिताब दिलाया था। मेस्सी ने 13वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर स्कोरिंग की शुरुआत की और 79वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इंटर मियामी की तरफ से एक अन्य गोल जर्मन बर्तेरामे ने किया।



# सोसिडाड ने जीता कोपा डेल रे का खिताब

**सेविले ।** रियाल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया। सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला, जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराजो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने कहा, ' यह अविश्वसनीय सफर रहा है और मुझे लगता है कि यह तो बस शुरुआत हो सकती है।'



## एशियाई चैंपियंस लीग

# विसेल कोबे से भिड़ेगा अल अहली क्लब

**जेद्दा।** सऊदी अरब का क्लब अल अहली चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सोमवार को जापान के विसेल कोबे से भिड़ेगा। एशिया के इस प्रमुख क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में जापान की माचिदा ज़ेलविया का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल अहली से होगा। पिछले साल मई में पहली बार खिताब जीतने वाले अल अहली ने क्वार्टर फाइनल में यहां मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम को 2-1 से हराया। अली मजराशी ने 19वें मिनट में आत्मघाती गोल किया, जिससे जोहोर को बढ़त मिल गई। अल अहली के इस डिफेंडर को जल्द ही लाल कार्ड दिखाया गया। हाफ टाइम से ठीक पहले बार्सिलोना के पूर्व मिडफील्डर फ्रैंक केसी ने अल अहली के लिए बराबरी का गोल दाग दिया जबकि ब्राजील के विंगर गैलेनो ने दूसरे हाफ में विजयी गोल किया।






बैसाखी कार्यक्रम में शामिल होकर गुरुद्वारे से निकल रहे थे बाहर

# इटली में 2 भारतीयों की गोली मारकर हत्या, चलाईं 12 गोलियां

## ताबड़तोड़ फायरिंग कर कार से फरार हुआ हमलावर, जांच तेज

एजेंसी ▶▶ रोम

इटली में दो भारतीय नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना उत्तरी इटली के बर्गामो प्रांत के कोवो इलाके में हुई। घटना शुक्रवार (17 अप्रैल2026) की देर रात करीब 11:50 बजे कोवो के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के बाहर हुई।

दोनों लोग एक वेयरहाउस से बाहर निकल रहे थे, जिसे धार्मिक गतिविधियों और बैसाखी समारोह के दौरान सभा स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। मृतकों की पहचान 48 वर्षीय रागिंदर सिंह, जो कोवो में रहते थे और अग्नाडेलो के निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है।

चश्मदीद गवाहों से पूछताछ कर रही पुलिस

सीसीटीवी फुटेज और गोलियों की जांच की जा रही, शवों को पीएम के लिए भेजा


घटनास्थल पर जांच करती स्थानीय पुलिस

### मेयर ने जताया दुख, कहा- कभी ऐसी घटना नहीं हुई

*पकोवो के मेयर ने इस घटना पर दुख और हैरानी जताई है। उनका कहना है कि सिख समुदाय यहां पिछले 15 साल से शांति से रह रहा है और पहले कभी ऐसी घटना नहीं हुई। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है, गवाहों से पूछताछ हो रही है और गोलियों की जांच की जा रही है। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए पाविया भेजा गया है।*

### पुलिस ने माना सुनियोजित हत्या

*स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, हमलावर अचानक वहां पहुंचा और दोनों पर गोलियां चला दीं। इसके बाद वह कार से मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से करीब दस खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस का मानना है कि यह कोई अचानक हुआ झगड़ा नहीं था, बल्कि सुनियोजित हत्या हो सकती है। गोलीबारी के दौरान एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है।*

### जांच में जुटी पुलिस

*पुलिस सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर मामले की जाँच में जुटी हुई है। हमलावर भी भारतीय मूल का था और वह स्थानीय सिख समुदाय में जाना-पहचाना व्यक्ति था। वह गुरुद्वारे में अक्सर आता-जाता था।*

## खबर संक्षेप

### गोली लगने से आरएसी जवान की मौत


**जयपुर।** राजस्थान सशस्त्र कांस्टेबुलरी (आरएसी) के एक जवान की रविवार सुबह जयपुर



केंद्रीय कारागार परिसर में गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। लालकोठी थाने के प्रभारी प्रकाश विश्नोई ने बताया कि आरएसी के कांस्टेबल गिरधारी की ड्यूटी जेल परिसर में लगी हुई थी और उसे उसकी सर्विस राइफल से गोली लगी। प्राथमिक जांच में यह मामला आकस्मिक गोली लगने का प्रतीत हो रहा है। गोली चलने की आवाज सुनकर अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे और गिरधारी को खून से लथपथ हालत में पाया।

### श्रीनगर में दो अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर दो अमेरिकी नागरिकों के पास से सैटेलाइट फोन मिलने



के बाद उन्हें जांच एजेंसियों से हिरासत में लिया है। जांच एजेंसियां दोनों नागरिकों से प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन लेकर चलने के बाद में पूछताछ कर रही हैं। हो सकता है कि इन दोनों अमेरिकी नागरिकों को इस बारे में पता नहीं हो, लेकिन चूंकि पूरा मामला बेहद संवेदनशील है। इसलिए इस मामले की जांच की जा रही है। पहलगाम आतंकी हमले का एक साल पूरा होने के लेकर पूरे जम्मू कश्मीर में अलर्ट है।

### टाटाः गैर-पारसियों के ट्रस्टी बनने पर लगी रोक हटेगी

**नई दिल्ली।** टाटा साम्राज्य की परोपकारी संस्था टाटा ट्रस्ट ने रविवार को एक दूरगामी फैसला



लिया है। ट्रस्ट ने बाई हीराबाई जमशेदजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टीट्यूशन (बाई हीराबाई ट्रस्ट) के ट्रस्टी बनने की पात्रता शर्तों में मौजूद भेदभावपूर्ण नियमों को बदलने के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू करने का एलान किया है। इसमें सबसे प्रमुख मुद्दा गैर-पारसी व्यक्तियों के ट्रस्टी बनने पर लगी पाबंदी को हटाना है। टाटा ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी मेहली मिस्त्री ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के पास एक शिकायत दर्ज कराई थी।

रूस ने भारत को पिछले एक दशक का सबसे बड़ा सैन्य विमानन प्रस्ताव दिया

सोर्स कोड तक पहुंच दी जाएगी

# भारत में तैयार होंगे एसयू-57 लड़ाकू विमान, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की भी पेशकश

*रूस की ओर से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर में सोर्स कोड तक पहुंच, स्थानीय सिस्टम इंटीग्रेशन और भविष्य में भारतीय तकनीकों को शामिल करने की अनुमति भी शामिल है। रूस ने यह भी संकेत दिया है कि शुरुआत में सेमी-नॉक्ड डाउन किट्स से उत्पादन शुरू होगा, लेकिन धीरे-धीरे इसमें भारतीय हिस्सेदारी बढ़ाई जाएगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस ने भारत को पिछले एक दशक का सबसे बड़ा सैन्य विमानन प्रस्ताव दिया है। इस जबरदस्त प्रस्ताव के तहत भारत में कम से कम 100 एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट का संयुक्त उत्पादन करने की बात कही गई है, साथ ही व्यापक टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की पेशकश भी शामिल है। इसमें सोर्स कोड तक पहुंच, स्थानीय सिस्टम इंटीग्रेशन और भविष्य में भारतीय तकनीकों को शामिल करने की अनुमति भी शामिल है। रूस ने यह भी संकेत दिया है कि शुरुआत में सेमी-नॉक्ड डाउन किट्स से उत्पादन शुरू होगा, लेकिन धीरे-धीरे इसमें भारतीय हिस्सेदारी बढ़ाई जाएगी।

### नासिक बनेगा स्टेल्थ हब

रूस नासिक को एसयू-57 के लिए एक विशेष मैन्युफैक्चरिंग हब में बदलना चाहता है। यहां पहले से रूसी विमानों के साथ काम करने का दशकों का अनुभव मौजूद है, जिससे लागत और समय दोनों कम हो सकते हैं। हालांकि, नई असेंबली लाइन, कंपोजिट मटेरियल सुविधाएं, सॉफ्टवेयर लैब और स्टेल्थ कोटिंग वर्कशॉप के लिए अतिरिक्त निवेश जरूरी होगा।

रूसी तकनीकी टीम नासिक प्लांट का दौरा कर चुकी

रूस 100 विमानों के ऑर्डर पर जोर दे रहा


एसयू-57 लड़ाकू विमान

### नासिक में उत्पादन का प्रस्ताव

*रूस ने सुझाव दिया है कि इन विमानों का निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के नासिक प्लांट में किया जाए, जहां पहले से एसयू-30एमकेआई का लाइसेंस के तहत उत्पादन होता रहा है। एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील के अनुसार, रूसी तकनीकी टीमों ने नासिक की सुविधाओं का आकलन किया है और पाया है कि करीब 50% मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर को एसयू-57 उत्पादन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। बाकी के लिए नई निवेश की जरूरत होगी।*

### बड़े ऑर्डर की रूस की शर्त

*रूस कम से कम 100 विमानों के ऑर्डर पर जोर दे रहा है। उसका मानना है कि इससे कम संख्या में उत्पादन करने पर नई स्टेल्थ फाइटर उत्पादन सुविधा बनाना आर्थिक रूप से लाभदायक नहीं होगा। इस प्रोजेक्ट में विशेष टूलिंग, रडार-अवशोषक कोटिंग, एडवांस एवियोनिक्स और इंजन सपोर्ट जैसी महंगी तकनीकों में निवेश करना पड़ेगा।*

दुश्मन की हर चाल होगी बेनकाब!

## गरुड़ कमांडो को मिलेंगे नए हाई-टेक यूएवी



भारत सरकार ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की गरुड़ स्पेशल फोर्स के लिए अत्याधुनिक माइक्रो यूएवी सिस्टम की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह हाई-टेक ड्रोन दुर्गम पहाड़ी इलाकों, बर्फीली ऊंचाइयों और कठिन मौसम में भी दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर रखने में सक्षम होगा। यह प्रस्तावित माइक्रो यूएवी 16,400 फीट तक की ऊंचाई पर ऑपरेट कर सकेगा। इसे खास तौर पर हाई-एल्टीट्यूड (समुद्र तल से बहुत ऊंचाई वाले स्थान) सर्विलांस और ऑपरेशनल सपोर्ट के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि सीमा और संवेदनशील क्षेत्रों में बेहतर निगरानी सुनिश्चित की जा सके। यह सिस्टम माइनस 20 डिग्री से लेकर प्लस 50 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में काम करेगा। यानी बर्फीले पहाड़ों से लेकर रेगिस्तान तक हर परिस्थिति में यह यूएवी प्रभावी रहेगा।

### इसे चलाने के लिए दो लोग काफी

रक्षा मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट के तहत 'माइक्रो यूएवी' सिस्टम की खरीद के लिए रिक्वेस्ट फॉर इंफॉर्मेशन (आरएफआई) जारी की है। यह यूएवी एक कॉम्पैक्ट और हल्का प्लेटफॉर्म होगा, जिसे दो लोगों की टीम आसानी से लेकर चल और ऑपरेट कर सकेगी। इसमें ऑटोनोमस वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग, एनक्रिप्टेड कम्युनिकेशन और ऑटो, मैनुअल व टारगेट ट्रैकिंग जैसे मल्टीपल मोड्स होंगे।

पेजेशकियान ने यूएस को दिखाई आंख

# कहा- ट्रंप कौन? न्यूक्लियर प्रोग्राम ईरान का अधिकार



एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अपने देश के परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की कोशिशों को सही ठहराने को लेकर चुनौती दी है। यह सवाल ईरानी राष्ट्रपति ने कानूनी तौर पर उठाया है। पेजेशकियान ने इसे एक तरह से बाहरी दखल करार दिया है। अमेरिका लगातार ईरान पर परमाणु कार्यक्रम रोकने को लेकर दबाव बनाया हुआ है। ईरान के राष्ट्रपति बोले, परमाणु कार्यक्रम किस जुर्म के लिए रोकें? वॉशिंगटन के पास देश से उसके टेक्नोलॉजिकल हक छीनने की कोशिश करने का कोई सही कारण नहीं है। राष्ट्रपति ने अमेरिका प्रशासन को निशाने पर लेते हुए कहा कि ट्रंप कहते हैं कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। यह नहीं बताते कि किस जुर्म के लिए? वह कौन होते हैं। किसी देश को उसके अधिकारों से दूर रखने वाले?

### संवर्धित यूरेनियम पर मदद को तैयार रूस



रूस की सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिक्हाचेव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस, ईरान से संवर्धित यूरेनियम को बाहर ले जाने में मदद करने के लिए तैयार है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच संभावित परमाणु समझौते को लेकर चर्चाएं तेज हैं। एलेक्सी लिक्हाचेव ने कहा कि तकनीकी मुश्किलों के अलावा, अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले भविष्य के समझौते में भरोसे का मुद्दा सबसे अहम है। इस मामले में सिर्फ रूस के पास ईरान के साथ अच्छे सहयोग का अनुभव है। 2015 में ईरान के कहने पर हम पहले भी संवर्धित यूरेनियम ले गए थे और आज भी हम इसमें मदद करने के लिए तैयार हैं।' यानी रूस पहले भी इस तरह की प्रक्रिया में शामिल रह चुका है और दोबारा वही भूमिका निभाने को तैयार है।

### अरबों का यूरेनियम अमेरिका देगा नेपाल!



अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक समीर पॉल कपूर सोमवार को नेपाल पहुंच रहे हैं। समीर पॉल कपूर अमेरिका के दक्षिण और मध्य एशिया के लिए विदेश विभाग के सहायक सचिव हैं। उनके दौरे का मकसद बालेन शाह के प्रशासन के साथ जुड़ना है। वो तीन दिनों तक नेपाल में रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नेपाल के 'लो मान्थांग' (मुस्तांग) में यूरेनियम की एक बड़ी खान होने की पुष्टि की थी। यहां का यूरेनियम 'मीडियम ग्रेड' का है, जिसे ऊर्जा और रणनीतिक उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। नेपाल सरकार के पास वर्तमान में यूरेनियम निकालने या उसे प्रोसेस करने के लिए जरूरी तकनीक, पैसा और इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। कुछ गोपनीय दस्तावेजों से पता चलता है कि मार्च 2026 में 'पैक्स सिलिका' गठबंधन के तहत अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया को यूरेनियम प्रोसेसिंग के लिए विशेष अधिकार दिए जा सकेंगे। इसके लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है।

नेशनल हेराल्ड मामला

## सोनिया-राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। अदालत ने अपने आदेश में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ नेशनल हेराल्ड से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया था। मामला सुनवाई के लिये न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष सूचीबद्ध है। 22 दिसंबर को उच्च न्यायालय ने गांधी परिवार और अन्य



को मुख्य याचिका के साथ-साथ ईडी के उस आवेदन पर भी नोटिस जारी किया था जिसमें 16 दिसंबर, 2025 के अधीनस्थ अदालत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। अधीनस्थ अदालत ने कहा था कि इस मामले में एजेंसी की शिकायत का संज्ञान लेना 'कानूनी रूप से अस्वीकार्य' है क्योंकि यह प्राथमिकी पर आधारित नहीं है।

## कोलंबो पहुंचे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके से की मुलाकात, परियोजनाओं पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को यहां श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके से मुलाकात की और भारतीय आवास परियोजना एवं मछुआरों के मुद्दों सहित दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के बीच विभिन्न पहलों पर चर्चा की। कोलंबो के भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खेल मंत्री सुनील कुमार गामागे और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने 49 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आए उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन का स्वागत किया। राधाकृष्णन ने कहा कि दोनों



नेताओं ने साझा इतिहास और मजबूत सभ्यतागत रिश्तों पर आधारित बहुआयामी भारत-श्रीलंका संबंधों को प्रगाढ़ बनाने पर सार्थक चर्चा की। दोनों नेताओं ने व्यापक चर्चा की, जिनमें भारतीय आवास परियोजना और चक्रवात दित्वा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पैकेज के तहत कार्यान्वित की जा रही परियोजनाएं शामिल हैं।

## बाढ़ राहत से बचाव का प्रशिक्षण



**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और एसएसबी द्वारा आयोजित संयुक्त बाढ़ राहत अभ्यास 'जल राहत' के दौरान एक एनडीआरएफ कर्मी छात्रों को बचाव उपकरण की जानकारी देता हुआ।

## उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

एजेंसी ▶▶ सियोल

उत्तर कोरिया ने रविवार को समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार ये मिसाइल ऐसे समय में दागी गई हैं जब कुछ दिन पहले ही संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने परमाणु हथियार बनाने के उत्तर कोरिया के प्रयासों में "बेहद गंभीर" प्रगति की चेतावनी दी थी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' उत्तर कोरिया के सिनपो क्षेत्र से दागी गईं ये मिसाइलें देश के पूर्वी समुद्री क्षेत्र की दिशा में करीब 140 किलोमीटर (87 मील) तक गईं। उत्तर कोरिया की उकसाने वाली हर प्रकार की कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार है।

## अमेरिका के लुइसियाना में गोलीबारी, 8 बच्चों की मौत

हमलावर को मार गिराया



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के लुसियाना में गोलीबारी में आठ बच्चों की मौत हो गई है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार मृतक बच्चों की उम्र 1 से लेकर 14 साल के बीच में थी। पुलिस विभाग के प्रमुख क्रिस बोर्डेलॉन ने बताया कि घरेलू कलह की वजह से यह हिंसा हुई है। हमलावर को मार गिराया गया है। घरेलू कलह की वजह से यह हिंसा हुई है। मामले की जांच जारी है। सुबह करीब 6 बजे विवाद शुरू हुआ। इसके बाद एक व्यक्ति ने अकेले ही बंदूक लेकर फायरिंग शुरू कर दी। उसने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया और एक के बाद एक 8 बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद वह घटनास्थल से भाग खड़ा हुआ। बाद में पुलिस एनकाउंटर में उसकी मौत हो गई। बता दें, अमेरिकी राज्य लुइसियाना में श्रेवेपोर्ट, टेक्सास की सीमा के करीब है। जनसंख्या के लिहाज से यह राज्य का तीसरा सबसे बड़ा शहर है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109